3 राजधानी
चीन के खिलाफ कनॉट प्लेस में शांति मार्च

6 अभिमत
नेपाल में जारी राजनीतिक गतिरोध

10 विदेश
पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में विस्फोट

12 स्पोर्ट्स
वनडे रैंकिंग में विराट कोहली 8वें स्थान पर



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 43
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 15 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित


# पायनियर



नौ राज्यों ने सीबीआई को दी गई मंजूरी वापस ली

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# चीन सीमा के मुद्दे पर सरकार के रुख से असंतुष्ट विपक्ष का हंगामा

## कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने सरकार पर लगाया असंवेदनशील होने का आरोप, दोनों सदनों से वॉकआउट

● मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में 17 दलों के नेताओं ने सदन में सरकार को घेरने की बनाई रणनीति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



लोकसभा में बोलते कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी

**भारत-चीन** सीमा के मुद्दे पर एकजुट विपक्ष मोदी सरकार को चौरतफा से घेर रहा है। संसद से लेकर सड़क तक सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहा है। संसद में मंगलवार के बयान से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने सरकार पर संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा नहीं होने देने का आरोप लगाते हुए बुधवार को दोनों सदनों से वॉकआउट किया।

दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों द्वारा इस मुद्दे पर बहस की अनुमति देने से इनकार करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता एम मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने ऊपरी सदन से वॉकआउट किया। लोकसभा में कांग्रेस की पूर्व प्रमुख और यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी की अगुवाई में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने कार्यवाही का बहिष्कार किया। खड़गे ने कहा कि विपक्षी दल भारतीय क्षेत्र पर चीनी आक्रमण और अतिक्रमण पर पूरी जानकारी प्राप्त करने के लिए बहस की मांग कर हैं और वे सेना एवं देश के साथ खड़े हैं। विपक्षी नेताओं ने आगाह किया कि चीनी अतिक्रमण के मुद्दे पर बात करते समय ऐसा कोई भी बयान नहीं दिया जाए, जिससे सशस्त्र बलों का मनोबल टूटे। इसके अलावा, विपक्ष ने सत्र के दौरान उठाए जाने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और संसद के दोनों सदनों में भविष्य की अपनी संयुक्त रणनीति बनाई। विपक्षी नेता गुरुवार को फिर संसद में बैठक कर आगे की रणनीति बनाएंगे।

दिन का सत्र दोबारा शुरू होने से पहले तृणमूल कांग्रेस को छोड़ शेष 17 विपक्षी दलों के नेताओं ने संसद भवन में कांग्रेस अध्यक्ष के कक्ष में मुलाकात की और सीमा विवाद पर भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को घेरने की रणनीति बनाई। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर इस मुद्दे चर्चा को लेकर असंवेदनशीलता होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विपक्षी सदस्यों के सवालों का जवाब देने का शिष्टाचार भी नहीं निभा रहे। सभी विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा की मांग करते हुए संसद के दोनों सदनों में स्थगन नोटिस दिया। बैठक में कांग्रेस, राजद, द्रमुक, भाकपा, माकपा, आप, सपा, जदयू, राकांपा, शिवसेना, केरल कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस, एआईयूडीएफ, रालोद, एमडीएमके, वीसीके और केसीएम के नेता उपस्थित थे। पार्टी सूत्रों ने कहा कि टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय को विपक्ष की बैठक में शामिल होना था, लेकिन अस्वस्थता के कारण वह नहीं जा सके। टीएमसी नेताओं ने अन्य विपक्षी नेताओं को अवगत कराया था कि वे विपक्षी बैठक में लिए गए निर्णयों पर विपक्ष के साथ खड़े होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक दिन पहले मंगलवार को संसद में कहा था कि चीनी ( शेष पेज 8 )

# बिहार में जहरीली शराब से 21 की मौत



बिहार के सारण जिले में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के बाद रोते-बिलखते परिजन

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

● भाजपा ने नीतीश से त्यागपत्र मांगा

**पूर्ण शराबबंदी** लागू कर चुके बिहार राज्य के सारण जिले में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बुधवार को बढ़कर 21 हो गई है। बिहार के शराबबंदी मामले के मंत्री सुनील कुमार के अनुसार, सारण के मशरक और इसुआपुर थाना क्षेत्र में लोगों के मरने की सूचना है। उन्होंने बताया कि सारण में कथित जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। इस मामले को लेकर बुधवार को विधानसभा के अंदर विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सारण जिले के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के अनुसार इसुआपुर और मशरक थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात जहरीली शराब पीने से तीन-तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने फोन पर कहा, हमने छह शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट में मौत के कारणों का पता चलेगा। स्थानीय ग्रामीणों का दावा है कि जिन लोगों की मौत हुई है, उन्होंने शराब का सेवन किया था।

उन्होंने कहा, छह और लोग जो बीमार हुए, उनका अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। हम उनके बयान दर्ज करने की कोशिश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार में शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध है। नीतीश कुमार की सरकार ने अप्रैल 2016 में बिहार में शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि यह (प्रतिबंध) पेचीदा रहा है। भाजपा विधायकों ने विधानसभा के अंदर हंगामा किया। इस दौरान उनमें से कई ने सरकार पर अवैध शराब की बिक्री को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की।

भाजपा विधायकों ने सारण की घटना में जान गंवाने वालों के परिवार के सदस्यों को मुआवजा देने की मांग की। मुख्यमंत्री कुमार गुस्से में अपनी कुर्सी से उठकर भाजपा विधायकों की ओर उंगली उठाते हुए कुछ कहते देखे गए। हंगामे के कारण विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को पूर्वाह्न 11 बजे कार्यवाही शुरू होने के शुरुआती आधे घंटे के अंदर ही 15 मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भी हंगामा जारी रहा। भाजपा सदस्यों ने मुख्यमंत्री से माफी की ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली में स्कूल जा रही छात्रा पर दो युवकों ने फेंका तेजाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● गंभीर रूप से घायल 17 वर्षीय लड़की सफदरजंग अस्पताल में भर्ती, तीन गिरफ्तार

**पश्चिमी** दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में स्कूल जा रही 17 वर्षीय छात्रा पर बाइक सवार युवकों ने तेजाब फेंक दिया। इस हमले में लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। इस हमले में लड़की का चेहरा सात-आठ प्रतिशत तक झुलस गया है और आंखें भी प्रभावित हुई हैं। उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है।

मामला सामने आते ही राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और सरकार से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस बीच उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से बात की और उनसे घटना पर रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अपराधियों की इतनी हिम्मत आखिर कैसे हो गई। तेजाब से हमला करने वालों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। दिल्ली में हर बेटी की सुरक्षा हमारे लिए महत्तवपूर्ण है। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) सागरप्रीत हुड्डा ने बताया कि मुख्य आरोपी सचिन और युवती में दोस्ती थी। कुछ दिनों पहले किसी बात पर युवती ने सचिन से बात करनी बंद कर दी।

इसके बाद सचिन उसे बात करने के लिए परेशान करने लगा। इस पर भी युवती नहीं मानी तो सचिन ने अपने दोस्तों हर्षित और वीरेंद्र सिंह के साथ मिलकर छात्रा पर तेजाब हमला करने की योजना बना ली। इस योजना के तहत उसने बुधवार की सुबह हर्षित के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर छात्रा के स्कूल जाते समय तेजाब से हमला कर दिया और वहां से ( शेष पेज 8 )

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए रघुराम राजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर

**रिजर्व** बैंक ऑफ इंडिया (आबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन बुधवार को राजस्थान में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। राहुल गांधी और रघुराम राजन की फोटो और वीडियो को कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए हुए कहा कि नफरत के खिलाफ देश को एकजुट करने के लिए बड़ी संख्या में लोग यात्रा से जुड़ रहे हैं। जारी वीडियो में देखा जा सकता है कि बुधवार सुबह सवाई माधोपुर के भदोती से कांग्रेस यात्रा शुरू होने पर राजन और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को चर्चा कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा में रघुराम राजन की भागीदारी पर भाजपा ने निशाना साधा है। ज्ञात रहे कि कांग्रेस नीत यूपीए शासन के दौरान राजन को आरबीआई का गवर्नर नियुक्त किया गया था, वहीं राजन भाजपा शासन की कुछ आर्थिक नीतियों ( शेष पेज 8 )

# मप्र के मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने फिल्म पठान के खिलाफ मोर्चा खोला

● प्रदर्शनकारियों ने फूंके शाहरुख-दीपिका के पुतले

**पायनियर समाचार सेवा।** इंदौर, भोपाल



**शाहरुख** खान और दीपिका पादुकोण की आगामी फिल्म पठान को लेकर सोशल मीडिया पर विवाद के बीच मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस फिल्म के शीर्षक के साथ ही इसके गाने बेशर्म रंग में दोनों मशहूर अदाकारों के कपड़ों के रंगों के बारे में बुधवार को गहरी आपत्ति जताई।

उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर निर्माता-निर्देशक ने इस फिल्म में सुधार नहीं किए, तो राज्य सरकार विचार करेगी कि फिल्म को प्रदर्शन की अनुमति दी जाए या नहीं। राज्य सरकार के प्रवक्ता मिश्रा ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, दूषित मानसिकता के साथ फिल्माए गए गाने... बेशर्म रंग में अभिनेता और अभिनेत्री को आपत्तिजनक रूप से हरे और भगवा रंग के कपड़े पहनाए गए हैं। इन कपड़ों के रंग, गाने के बोल और फिल्म के नाम (पठान) में सुधार की आवश्यकता है। मेरा मानना है कि गाने का शीर्षक बेशर्म रंग भी अपने आप में आपत्तिजनक है।

उन्होंने कहा कि अगर पठान के निर्माता और निर्देशक ने फिल्म में सुधार नहीं किए, तो राज्य में फिल्म के प्रदर्शन को अनुमति देने या न देने पर विचार किया जाएगा। गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि दीपिका पादुकोण दिल्ली के जवारहलाल नेहरू विश्वविद्यालय में कथित टुकड़े-टुकड़े गैंग के समर्थन में पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि इस कदम के बाद अभिनेत्री की मानसिकता पहले ही सबके सामने आ चुकी है। मिश्रा ने अगले साल 25 जनवरी को प्रदर्शित होने जा रही फिल्म पठान में केंद्रीय किरदार निभा रहे शाहरुख खान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, यह अच्छी बात है कि वह (खान) हाल ही में वैष्णोदेवी के दर्शन करने गए थे। मगर एक तरफ वह माताजी के दर्शन करने जाते हैं, तो दूसरी तरफ महिला अदाकारों को अपनी फिल्मों में लगभग बिकिनी में ले आते हैं। यह भी ठीक नहीं है।

इस बीच, इंदौर के मालवा मिल चौराहे पर वीर शिवाजी ग्रुप नामक संगठन के कार्यकर्ताओं ने पठान के गीत बेशर्म रंग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और शाहरुख एवं दीपिका के पुतले फूंके। प्रदर्शनकारियों ने फिल्म पर प्रतिबंध की मांग की और आरोप लगाया कि इस गीत की विषयवस्तु से हिन्दू समुदाय अपमानित महसूस कर रहा है। इससे पहले, गृह मंत्री ने महू कस्बे के नजदीक जानापाव कुटी में भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव कुटी में ( शेष पेज 8 )

# आईजीआई पर प्रवेश द्वारों से भीड़ छंटी, अंदर स्थिति जस की तस

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

● एजेंसियां तेजी से कर रही काम, अगले 7-10 दिनों में हवाईअड्डे पर स्थिति सामान्य होने की उम्मीद: सिंधिया

**दिल्ली** के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 के प्रवेश द्वारों पर बुधवार को यात्रियों की आवाजाही किसी हद तक सुचारु रही, लेकिन अंदर के काउंटरों पर यात्रियों की भीड़ जस की तस देखने को मिली। अव्यवस्था का आलम यह था कि यात्रियों को अपनी उड़ानें पकड़ने के लिए 4-4 घंटे तक हवाई अड्डे पर इंतजार करना पड़ा।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि अगले 7-10 दिनों में हवाई अड्डे पर स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। सिंधिया ने कहा कि सभी प्रमुख हवाई अड्डों पर भीड़भाड़ को कम करने के लिए सभी एजेंसियां पिछले 36 घंटों से जुटी हैं। नतीजन दिल्ली में आईजीआई के टर्मिनल 3 पर प्रवेश बिंदुओं और चेक-इन काउंटरों पर भीड़ अन्य दिनों की अपेक्षा काफी कम हो गई है। सुरक्षा क्षेत्र में चार अतिरिक्त एक्स-रे मशीनें लगाई गई हैं। उड़ानों की प्रतीक्षा स्थिति का समय दिखाने वाले डिस्प्ले बोर्ड आ गए हैं। सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती पहले ही शुरू हो चुकी है और अगले कुछ दिनों में पर्याप्त कर्मचारी तैनात कर लिए जाएंगे।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने दिल्ली और मुंबई में चल रही भीड़ को कम करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा काउंटरों को संभालने के लिए 100 से अधिक कर्मियों का एक पूल तैयार किया है। एयरपोर्ट को संचालित करने वाली एजेंसी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने हालांकि, सुबह 10.30 बजे ट्वीट कर कहा कि टर्मिनल 3 पर सुरक्षा जांच क्षेत्र में यात्रियों की ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,677 | ↑ 144 |
| निफ्टी | 18,660 | ↑ 52 |
| सोना | 54,913 | ↑ 318 /10g |
| चांदी | 69,176 | ↑ 682 /kg |

## क्विक न्यूज

### आज से पूर्वोत्तर में अभ्यास करेगी भारतीय वायुसेना

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में पिछले हफ्ते के सैन्य गतिरोध के बाद भारत-चीन के मध्य ताजा तनाव के बीच भारतीय वायुसेना पूर्वोत्तर में बृहस्पतिवार से दो दिवसीय अभ्यास करेगी जिसमें इसके अग्रिम पंक्ति के करीब सभी युद्धक विमान और इस क्षेत्र में तैनात अन्य संसाधन शामिल किए जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि अभ्यास का मकसद भारतीय वायुसेना की समग्र युद्धक क्षमता और इस क्षेत्र में सैन्य तैयारियों को परखना है। हालांकि, भारत और चीन की सेनाओं के बीच ताजा गतिरोध के बहुत पहले इस अभ्यास की योजना बनाई गई थी और इसका इस घटना से कोई संबंध नहीं है। भारतीय वायुसेना के सुखोई-30एमकेआई और राफेल जेट समेत अग्रिम पंक्ति के विमान इसमें शामिल होंगे।

# दहेज ने पांच साल में ली 35 हजार महिलाओं की जान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● दहेज हत्या के सबसे अधिक मामले उत्तर प्रदेश में, दिल्ली में 639 मामले दर्ज

**भारत** में दहेज जैसी कुप्रभा के चलते प्रतिदिन 20 महिलाओं को अपनी जान गंवानी पड़ती है। इतना ही नहीं, पिछले पांच वर्षों 2017 से 2021 के दौरान देशभर की 35,493 विवाहिताओं की दहेज के लिए अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को संसद में जवाब देते हुए नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरों के अपराध आंकड़ों के आधार पर यह जानकारी दी।

पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों में दहेज हत्या की सूची में उत्तर प्रदेश 11,874 मौत की संख्या के साथ सबसे आगे है, वहीं इसके बाद क्रमश: बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान का स्थान है। देश में उत्तर प्रदेश और बिहार को मिलाकर कुल मरने वाली विवाहिताओं में 48 फीसदी इन दोनों राज्यों का है। बिहार में दहेज हत्या से कुल 5354 महिलाओं की हत्या हुई, जो वर्ष 2017 से 2021 के दौरान हर साल 1000 से अधिक हत्या हुई। उत्तर प्रदेश में दहेज हत्या का औसत प्रतिवर्ष 2375 है। मध्य प्रदेश में पांच वर्षों के दौरान 2859 दहेज हत्या दर्ज किया गया। वहीं पश्चिम बंगाल और राजस्थान में इस अवधि के दौरान क्रमश: 2389 और 2244 दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया।

कांग्रेसी सांसद केसी वेणुगोपाल के प्रश्न के जवाब पर लिखित जवाब देते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी ने कहा कि इस अवधि के दौरान ओडिशा में 1653 और हरियाणा में 1235 दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया। इस अवधि के दौरान महाराष्ट्र में 998 और कर्नाटक में 934, तेलंगाना में 933 और आंध्र प्रदेश में 623 विवाहित महिलाओं की मौत हुई। इस अवधि के दौरान असम में 847, पंजाब में 336, उत्तराखंड में 317 मौतें हुईं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पांच साल में 639 दहेज हत्याएं हुईं। गुजरात, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, सिक्किम, गोवा, केरल, तमिलनाडु, मेघालय और मणिपुर जैसे राज्यों ने 2017 से 2021 तक प्रति वर्ष 0 से 50 मामलों की सूचना दी।

देश में वर्ष 1961 में दहेज विरोधी कानून पारित होने के बावजूद दहेज जैसी कुप्रभा बेरोकटोक जारी है। दहेज निषेध अधिनियम दहेज लेने और देने की प्रथा पर रोक लगाता है। लेकिन इस कानून प्रभावहीन के रूप में देखा जा सकता है, क्योंकि इसमें छह महीने तक की कैद या जुर्माना जो 5000 रुपये तक हो सकता है, या दोनों का प्रावधान है। दहेज से संबंधित मृत्यु के मामले में, सीआरपीसी न्यूनतम सात वर्ष कारावास और अधिकतम आजीवन कारावास का प्रावधान करती है।

# मेस्सी-अलवारेज ने अर्जेंटीना को फाइनल में पहुंचाया

**एपी।** लुसैल (कतर)



**कैरियर** के आखिरी पड़ाव पर विश्व कप जीतने का सपना लिए लियोनेल मेस्सी और युवा जूलियन अलवारेज के शानदार प्रदर्शन के दम पर अर्जेंटीना ने क्रोएशिया को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना फ्रांस या मोरक्को से होगा। पहले मैच में सउदी अरब से अप्रत्याशित हार के बाद अर्जेंटीना ने जो वापसी की, वह किसी परीकथा से कम नहीं है। आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहे अपने देश के साथ दुनिया भर में अपने प्रशंसकों को मेस्सी एंड कंपनी ने जश्न मनाने का मौका दे दिया।

मैच के दौरान एकबारगी तो सांसें थम गई जब मेस्सी झुके और अपनी बाईं हैमस्ट्रिंग को कसकर पकड़ते नजर आए। इससे फुटबॉल जगत और खासकर अर्जेंटीना के प्रशंसकों में दहशत फैल गई। क्या फुटबॉल का यह सुपरस्टार सेमीफाइनल बीच में ही छोड़ देगा, यही सवाल सभी के जेहन में कौंध गया। लेकिन क्रोएशिया की किस्मत इतनी अच्छी नहीं थी। मेस्सी न सिर्फ खेले बल्कि विश्व कप में रिकॉर्ड 25वें मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने एक पेनल्टी पर गोल दागा और अलवारेज के दो गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई। इसके साथ ही दुनिया भर में मेस्सी और अर्जेंटीना के समर्थक जश्न में डूब गए जो अब रविवार को फाइनल के साथ ही थमेगा। अलवारेज विश्व कप सेमीफाइनल में ( शेष पेज 8 )

# चीनी लोन कंपनियों के लिए वसूली में 46 गिरफ्तार

## पैसा नहीं चुकाने वाले लोगों का अश्लील फोटो सार्वजनिक करने की देते थे धमकी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

चीनी लोन एप के माध्यम से लोन लेने वाले लोगों को धमकाकर तथा उनकी अश्लील फोटो आदि डालकर उन्हें बदनाम करने वाले गैंग के 46 लोगों को नोएडा पुलिस की साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। ये लोग सेक्टर.63 में अवैध रूप से कॉल सेंटर चला रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में 10 महिलाएं भी शामिल हैं। इनसे पूछताछ के आधार पर पुलिस को कई अहम जानकारी हासिल हुई है। पुलिस उपायुक्त क्राइम अभिषेक वर्मा ने बताया कि नोएडा पुलिस साइबर सेल के प्रभारी बलजीत सिंह ने एक सूचना के आधार पर सेक्टर.63 के ई. ब्लॉक में स्थित एक कॉल सेंटर पर छापा मारा। वहां से उन्होंने पुनीत, रजनीश, राहुल, सिद्धार्थ, शिवम, जितेंद्र, नीरज, अजीम, अफजल, सहित 46 लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें 10 युवतियां शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 15 लैपटॉप, 37 डेस्क टाप, डेढ़ लाख रुपए नगद, करीब 140 मोबाइल फोन के सिम कार्ड आदि बरामद किया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी, इनसेट में जब्त लेपटाप।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि चाइनीस ऐप से कम दिनों के लिए छोटे.छोटे लोन लेने वाले लोगों को ये लोग धमकी देकर उनसे पैसा वसूलते हैं। पैसा नहीं देने वाले व्यक्ति के साथ ये लोग गाली गलौज करते हैं, तथा उसकी फोटो को एडिट करके अश्लील फोटो बनाकर उनके परिचितों और रिश्तेदारो को भेज देते हैं। इनसे पुलिस गहनता से पूछताछ कर रही है। डीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला है कि चाइनीस लोन ऐप कंपनी गैरकानूनी तरीके से विशेषकर कमजोर और निम्न आय वर्ग के लोगों को ऊंची ब्याज दरों पर कम अवधि के लिए कर्ज देती हैं। और इसमें छिपे शुल्क भी होते हैं।

ये कंपनियां कर्जदारो के संपर्क, स्थान, तस्वीर और वीडियो जैसी गोपनीय निजी डेटा का इस्तेमाल कर, उनका उत्पीड़न करती हैं, और उन्हें डरा धमका कर ब्लैकमेल भी करती हैं। इन गैर कानूनी कंपनियों के खराब रवैये कारण देशभर में कई लोगों की जान चली गई है।

इससे राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, और नागरिक सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। कर्ज लेने वालों को इनको अपने संपर्क, स्थान, और फोन की स्टोरेज तक की पहुंच अनिवार्य रूप में देनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि जांच में यह पाया गया है कि यह एक संगठित साइबर अपराध है, जिसे अस्थाई ई.मेल, वर्चुअल नंबर, अनजाने लोगों के खातों, मुखौटा कंपनियों, भुगतान सेवा प्रदाताओं, एपीआई सेवाओ, क्लाउड होस्टिंग, और क्रिप्टो करेंसी के जरिए अंजाम दिया जाता है। उन्होंने बताया कि करोना संक्रमण के दौरान वित्तीय संकट से गुजर रहे लोगों को इन्होंने अपना ज्यादा शिकार बनाया है।



फोन लूट कर भाग रहे बाइक सवार 2 बदमाशों को दबोचने वाले पुलिसकर्मी को 10,000 का इनाम देती पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

# एसआई सुबोध सिंह हत्या के मामले में कोर्ट रोज करेगी सुनवाई

- बुलंदशहर में उग्र भीड़ ने किया था हमला

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

बुलंदशहर जिले में दिसंबर 2018 में भीड़ के हमले में मारे गए निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह के मामले में स्थानीय अदालत अब रोजाना सुनवाई करेगी। एक वकील ने यह जानकारी दी।

तीन दिसंबर, 2018 को सियाना के महाव गांव के बाहर खेतों में मवेशियों के शव पड़े मिले थे, जिसके बाद भीड़ ने स्थानीय चिंगरावठी पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। इस हिंसा में गोली लगने से घायल निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह (44) और चिंगरावठी गांव के निवासी सुमित कुमार (20) की मौत हो गई थी। मारे गए पुलिस निरीक्षक के परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता यशपाल सिंह ने कहा, मामले की सुनवाई जिला और सत्र न्यायालय में हो रही है। अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश गोपाल जी ने मंगलवार को आदेश दिया कि मामले की सुनवाई अब दैनिक आधार पर की जाएगी। वकील ने कहा, मामला फिलहाल उस चरण में है जहां आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ सबूत जमा किए जा रहे हैं और गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। इसके बाद आरोपी अपना बचाव पेश करेंगे और फिर अदालत अंतिम दलीलें सुनेगी और फैसला सुनाएगी। उन्होंने कहा कि अदालत उनकी इस दलील से सहमत है कि आरोपी, जिनका प्रतिनिधित्व लगभग दो दर्जन वकील कर रहे हैं, विभिन्न बहानों से मामले की सुनवाई में देरी करने की कोशिश कर रहे हैं। स्थानीय स्याना थाने में दर्ज मामले में शुरूआती प्राथमिकी में 27 नामजद लोगों समेत करीब 80 लोगों को संदिग्ध बताया गया था।



सिंह ने कहा कि इस मामले की पुलिस ने लगभग एक साल तक जांच की जिसके बाद एक आरोप पत्र दायर किया गया जिसमें 44 लोगों को आरोपी बनाया गया था। उन्होंने बताया कि चिंगरावठी गांव निवासी सुमित कुमार जिसकी गोली लगने से मौत हो गई थी, समेत तीन आरोपियों की मौत हो चुकी है जबकि अधिकतर आरोपी जमानत पर हैं।

## पति पर धोखे से तलाक देने का आरोप, केस दर्ज

**नोएडा।** थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके जीजा ने उसकी बहन को नकली दस्तावेज के आधार पर तलाक दे दिया, तथा उसके नाबालिक भांजे को जबरन अपने पास रख लिया।

थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि महिला ने पति से अलग होने के लिए एक फ्लैट लिया था। महिला के दोनों बच्चे उसके साथ नहीं रहना चाहते हैं। पुलिस दोनों पक्षों को कई बार आपस में बैठा कर बातचीत करवा चुकी है। राजेश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# 43 एसआई समेत 60 पुलिस वालों का तबादला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- संजय पूनिया को झुंडपुरा का चौकी इंचार्ज नियुक्त

गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के आदेश पर जिले में 60 पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर हुए हैं। इनमें 43 सब-इंस्पेक्टरों का तबादला किया गया है।

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट से आदेश जारी किया गया है कि तत्काल सभी पुलिसकर्मी अपनी नई तैनाती पर जाएं और जिले की कानून.व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य करें। जितेंद्र त्रिपाठी को नोएडा सेक्टर-51 को चौकी इंचार्ज बनाया है, अभी तक वह फिल्म सिटी के चौकी प्रभारी थे। राकेश कुमार को सेक्टर.44 का चौकी इंचार्ज बनाया है। संजय पूनिया को झुंडपुरा का चौकी इंचार्ज नियुक्त किया है।

सोनू बाबू को अम्रपाली सफायर का चौकी इंचार्ज नियुक्त किया है, अभी तक वह नोएडा के सेक्टर-127 के चौकी इंचार्ज थे। उप-निरीक्षक मनोज मलिक को नोएडा सेक्टर-39 कोतवाली से हटाकर सेक्टर.18 का चौकी इंचार्ज बना दिया है। कृष्णवीर को सेक्टर-58 से हटाकर अट्टा का चौकी प्रभारी बनाया है। उप.निरीक्षक मुकुल यादव को सेक्टर.20 थाने के जलवायु विहार का चौकी इंचार्ज बना दिया है। उप.निरीक्षक अवनीश कुमार को सेक्टर.6 का चौकी प्रभारी नियुक्त किया है।

धर्मेंद्र सिंह को जीआईपी मॉल का चौकी इंचार्ज बनाया है। रवि कुमार को मोरना का चौकी इंचार्ज नियुक्त किया है। प्रदीप कुमार को अरावली सेक्टर-24 का चौकी प्रभारी बनाया है। हरि सिंह को चौकी प्रभारी सेक्टर-60 लक्ष्मीकी जिम्मेदारी सौंपी है। जितेंद्र बालियान को चौकी प्रभारी एनआईबी भेज दिया है। सुनील कुमार को गोल चक्कर फेस.वन का चौकी प्रभारी बना कर भेजा है। ओमप्रकाश सिंह को सोरखा को चौकी प्रभारी बना दिया है। इसके अलावा मनोज कुमार को बरौला के चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है।

## संक्षिप्त समाचार



दहेज हत्या के मामले फरार पति और सास पुलिस गिरफ्त में।

### दहेज हत्या के मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** बिसरख थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि 11 दिसंबर को बिसरख थाना क्षेत्र के तिगरी गांव में एक विवाहिता का शव उसके कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला था। इस मामले में महिला के पिता ने उसके पति अंशु कुमार, सास गुड्डी देवी, ननद ब्यूटी तथा ननदोई मंगल प्रसाद सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया था। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने बुधवार को महिला के पति अंशु कुमार तथा सास गुड्डी देवी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि दोनों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मकान में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नोएडा।** बीटा-2 थाना क्षेत्र के एक फार्म हाउस में स्थित मकान में बुधवार सुबह शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बीटा-2 थाना क्षेत्र में जगत फार्म स्थित तेग बहादुर मार्केट में सुनील कंसल अपने बच्चों के साथ चौथी मंजिल पर बने सर्वेन्ट क्वार्टर में रहते थे। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह अचानक उनके कमरे में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने आग को फैलने से रोका गया।

### अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति रोकने पर भड़कर कांग्रेस

नोएडा। अल्पसंख्यक छात्रों को प्री.मैट्रिक तक छात्रवृत्ति तथा मौलाना आजाद फेलोशिप बंद करने के विरोध में आज कांग्रेस पार्टी ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नोएडा महानगर चेयरमैन कादिर खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, पारसी तथा बौद्ध आदि अल्पसंख्यक जातियों के छात्रों के लिए प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति तथा मौलाना आजाद फेलोशिप योजना निकाली थी। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने अल्पसंख्यक को मिलने वाली छात्रवृत्ति योजना बंद कर दी है। यह अल्पसंख्यक परिवार के छात्रों के साथ सरासर अन्याय है जिसे कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर एआईसीसी सदस्य दिनेश अवाना, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नोएडा महानगर चेयरमैन कादिर खान समेत कई पदाधिकारी मौजूद थी।

### भाकियू ने डीएम दफ्तर पर ज्ञापन सौंपा

**गाजियाबाद।** गन्ने का रेट घोषित हुए बिना ही खरीद शुरू होने और भुगतान नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक ने बुधवार को गाजियाबाद में डीएम कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष संदीप चौधरी ने कहा, उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों के पेराई सत्र को शुरुआत हुए एक महीना से ज्यादा वक्त हो चुका है। दुर्भाग्य है कि गन्ने का दाम सरकार ने अब तक घोषित नहीं किया है। गन्ना कंट्रोल ऑर्डर में किसानों को 14 दिन में पेमेंट करने की बात तय है। लेकिन जब रेट ही तय नहीं हुआ तो पेमेंट करने की बात दूर की है। जिलाध्यक्ष ने कहा यदि 18 दिसंबर तक गन्ने का भाव स्वामीनाथ आयोग की रिपोर्ट के अनुसार लाभकारी घोषित नहीं हुआ तो किसान पूरे प्रदेश की गन्ना समितियों पर 19 दिसंबर को तालाबंदी करेंगे।

# ग्रेनो से दिल्ली एयरपोर्ट तक बनेगी नई मेट्रो लाइन

- प्राधिकरण ने डीएमआरसी के अधिकारियों से 31 मार्च 2023 तक डीपीआर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा एयरपोर्ट से इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक मेट्रो की कनेक्टिविटी होनी है। इसे लेकर दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन और यमुना प्राधिकरण की बैठक हुई।

इसमें डीएमआरसी द्वारा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से नालेज पार्क तक मेट्रो लाइन की डीपीआर बनाने का अनुबंध हुआ। करीब 37 किमी लंबा ट्रैक होगा।



लाइन अलग से बिछेगी। डीएमआरसी द्वारा ग्रेटर नोएडा के नालेज पार्क से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर तक की डीपीआर प्राधिकरण में पहले ही प्रस्तुत की जा चुकी है।

इस पर प्राधिकरण बोर्ड का अनुमोदन मिल चुका है। डीएमआरसी के प्रतिनिधियों द्वारा ग्रेटर नोएडा नालेज पार्क से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक की प्रस्तावित मेट्रो लाइन के इन्सेप्शन रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण भी प्राधिकरण में किया गया। इन्सेप्शन रिपोर्ट के प्रस्तुतीकरण के दौरान डीएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित मेट्रो रूट से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के माध्यम से आइजीआइ एयरपोर्ट तक सीधा जोड़ा जा सकता है। इससे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से आइजीआइ तक एक ही मेट्रो से कनेक्टिविटी हो सकेगी।

साथ ही इस एयरपोर्ट लाइन के विभिन्न स्टेशनों पर नोएडा एयरपोर्ट के लिए चेकइन सुविधा यात्रियों को उपलब्ध हो सकेगी। इस मेट्रो रूट के डीपीआर में स्टेशनों की लोकेशन इस प्रकार रखी जाएगी, ताकि दिल्ली.नोएडा रूट पर पूर्व में स्थापित स्टेशनों को इंटीग्रेट किया जा सके। प्राधिकरण ने डीएमआरसी के अधिकारियों से कार्य की डीपीआर 31 मार्च 2023 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

## लिफ्ट में फंसे बच्चे व महिलाएं

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पंचशील हाइनिश सोसाइटी में को बड़ा हादसा टल गया। सोसाइटी की लिफ्ट में 3 स्कूली बच्चे और तीन महिलाएं फंसे गए। सभी 30 मिनट तक चीखते.चिल्लाते रहे। सांसें बंद होने तक की नौबत आ गई।

इसी बीच वहां से गुजर रहे सोसाइटी में रहने वाले शख्स ने आवाजें सुनकर लिफ्टमैन को बुलाया। इसके बाद सभी को बाहर निकाला जा सका। हैरानी वाली बात ये है कि ठीक इससे कुछ घंटे पहले ही एक बुजुर्ग महिला और बच्चा लिफ्ट में फंस गए थे। लेकिन, इसके बाद सोसाइटी प्रशासन ने मेंटेनेंस की जहमत नहीं उठाई। मामले का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि लिफ्ट बीच में फंसी हुई है, मेंटेनेंस विभाग का एक कर्मचारी हाथ पकड़कर लिफ्ट में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाल रहा है।

मेंटेनेंस विभाग का कर्मचारी बता रहा है कि वह दूसरे टावर में था, सूचना मिलने पर वहां से भाग कर यहां आया है। पंचशील हाइनिश सोसाइटी के टावर.2 में भुवनेश गौतम गौतम रहते हैं। भुवनेश ने बताया सुबह के समय मेरी 59 साल की मदर बेटे को स्कूल के लिए बस स्टॉप पर छोड़ने के लिए घर से निकली थी। बस ड्राइवर का फोन आने पर पता चला कि बच्चा स्टॉप पर नहीं पहुंचा है।



## नोएडा के लोगों का गोल्फ खेलने का इंतजार होगा खत्म

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण शहर वासियों के लिए एक ऑफर लेकर आ रहा है। ये ऑफर उन लोगों के लिए होगा जो नए सेक्टर-151ए गोल्फ कोर्स की मैंबरशिप के लिए रजिस्ट्रेशन करा रहे है और एलिजबल होने पर पूरा पैसा जमा कर रहे है।

इनको गोल्फ खेलने के लिए इंतजार नहीं करना होगा। वे लोग तब तक नोएडा के सेक्टर.38ए में बने गोल्फ कोर्स में गोल्फ और वहां की सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। इसके लिए उन्हें अलग से कोई पैसा नहीं देना होगा। प्राधिकरण ने बताया कि इसका एक प्रपोजल तैयार कर सीईओ के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। वहां से अप्रूवल मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा।

बता दे नए गोल्फ कोर्स में मैंबर बनने के लिए सामान्य लोगों को 10 लाख रुपए और रिजर्व कोटे में 3 लाख रुपए देने होंगे। वर्तमान में 1000 मैंबर बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन निकाले गए थे। जिसमें अब तक 700 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इससे 23 करोड़ रुपए प्राधिकरण के खाते में आ चुके है। इन पैसों से ही गोल्फ कोर्स का निर्माण किया जा रहा है।

39 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। इसे दिसंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले इसका निर्माण 31 दिसंबर 2022 तक पूरा करना था। गोल्फ कोर्स परिसर में 7 एकड़ में क्लब, बैंक्यूवट हॉल, पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही नौ एकड़ में हेलीपोर्ट का निर्माण भी प्रस्तावित है।

## पीएचडी छात्र के 4 टुकड़े करके नहर में फेंके

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

- मकान मालिक ने 60 लाख उधार लिए थे, हत्या के बाद खाते से और निकाले 40 लाख

गाजियाबाद में पीएचडी स्कॉलर अंकित खोखर की हत्या कर दी गई। हत्यारों ने लाश के 4 टुकड़े किए और गंगनहर में अलग-अलग जगह पर फेंक दिया। अंकित के दोस्त ने पुलिस को 12 दिसंबर को बताया की उसका दोस्त दो महीने से गायब है।

पुलिस ने जांच की पता चला कि मकान मालिक ने छात्र से बिजनेस करने के लिए 60 लाख रुपए उधार लिए। पैसा न देना पड़े, इसलिए उसको मार डाला। इतना ही नहीं, आरोपी ने छात्र की हत्या के बाद उसके खाते से 40 लाख रुपए भी ऑनलाइन निकाल लिए। उमेश, जिस पर हत्या का आरोप है, उसका साला प्रदीप मृतक अंकित का दोस्त था। उमेश मोदी के एक अस्पताल का कंपाउंडर है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि उसने गला घोंटकर मारा है, फिर टुकडे किए हैं। उमेश, उसकी पत्नी समेत 6 लोग हिरासत में हैं। फिलहाल पूछताछ जारी है। अभी लाश के हिस्से नहीं मिल सके हैं। बागपत जिले में गांव मुकुंदपुर निवासी अंकित खोखर लखनऊ के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहा था।

तीन महीने पहले उसने विश्वविद्यालय में अपनी फाइल जमा की और फिर गाजियाबाद आ गया। अंकित यहां कस्बा मोदीनगर स्थित राधा एन्क्लेव कॉलोनी में उमेश शर्मा के मकान में किराए पर रह रहा था। अंकित के मां.बाप की मृत्यु हो चुकी है। बागपत जिले में पुश्तैनी प्रॉपर्टी करीब डेढ़ करोड़ रुपए में अंकित के द्वारा बेची गई थी।

# बैंड-बाजा बजाया तो मौलाना नहीं पढ़ाएंगे निकाह

- फिजूल खर्च, ध्वनि प्रदूषण और जाम की समस्या को देखते हुए लिया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शादी का नाम सुनते ही जेहन में बैंड-बाजा और बरात की तस्वीर उभर आती है। अब तो बैंड के साथ कई तरह के तेज आवाज ध्वनि सिस्टम चलन में आ गए हैं। ध्वनि प्रदूषण फैलानी वाली यह चंद घंटों की खुशी मानव जीवन के लिए खतरा है। ऐसे पहली बार मुस्लिमों के बड़े संगठन मुस्लिम महासभा ने शादी में बैंड बाजा और तेज ध्वनि सिस्टम से होने वाले ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए बड़ी पहल की है। यदि बैंड बाजा या अन्य तेज ध्वनि का सिस्टम बजाया जाता है तो उस शादी में मौलाना निकाह नहीं पढ़ाएंगे। वह बिना निकाह पढ़ाए ही लौट जाएंगे। सड़क पर कई किलोमीटर बैंड बाजे के साथ बरात निकाली जाती है। इससे सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है। तेज ध्वनि के यंत्र बजने से लोगों को नींद खराब होती है। इन सब परेशानी को देखते हुए मुस्लिम महासभा मौलानाओं को इस संबंध में जागरूक करेगा। संगठन के सदस्य प्रत्येक मस्जिद के इमाम के पास जाएंगे और उन्हें इस बात के लिए



राजी करेंगे कि वह बैंड या फिर अन्य वाद्य यंत्र बजाने वाली शादी में निकाह नहीं पढ़ाएंगे। इसके लिए उन्होंने जिला और तहसील स्तर पर टीम बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। टीम के सदस्य जिले के गांव, ब्लाक, शहर की कालोनियों की सभी मस्जिद और मदरसों की सूची बनानी शुरू कर दी है। इसकी शुरूआत उत्तर प्रदेश की जाएगी।

इसके बाद देश के प्रत्येक राज्य में इस पहल को सफल बनाया जाएगा। साथ ही मौलाना जब निकाह पढ़ाने जाएंगे तो पहले यह पता करेंगे कि फिजुल खर्च और इस शादी में बैंड या अन्य ध्वनि यंत्र बजाया गया है या नहीं। यदि बैंड बजाया गया है तो निकाह पढ़ाने से इनकार कर देंगे। यदि परिवार निकाह कराना चाहता है तो उसे तौबा करने के साथ ही लिखित में देना होगा कि वह आगे किसी भी शादी में बैंड बाजा नहीं बजाएंगे। इससे शादी में आये अन्य सैकड़ों को लोग भी जागरूक होंगे। शादी में शिरकत करने वाले अन्य लोगों को मौलाना बिना की किसी शोर के शादी करने की नसीहत देंगे।

## जगत प्लाजा की चौथी मंजिल पर लगी आग, लाखों का माल खाक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र के जगत फॉर्म में तेग बहादुर मार्किट की चौथी मंजिल पर अचानक आग लग गई। अतिक्रमण की वजह से दमकल की गाड़ियां काफी देरी से पहुंची, तब तक वह सारा सामान जलकर राख हो चुका था। जगत फार्म के तेग बहादुर मार्केट में सुनील कंसल चौथी फ्लोर पर एक सर्वेंट रूम में अपने परिवार के साथ किराए पर रहता है।

उस मार्केट में ही नीचे चाय की दुकान करता है, वहीं उसकी पत्नी पूजा का सामान बेचती है। बुधवार सुबह दोनों जल्दी उठे और उसके बाद अपनी अपनी दुकान पर आ गए। बच्चा पढ़ने के लिए चला गया। कुछ देर बाद ही उन्हें पता चला कि ऊपर आग लग गई है। वहां जाकर देखा तो कमरे में रखा समान जल रहा था। सुनील ने मामले की जानकारी दमकल को दी। दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन रास्ते में अतिक्रमण होने की वजह से उसे परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दमकल विभाग की गाड़ी जैसे-तैसे लोगों की मदद से मौके पर पहुंची और फिर उस आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक घर में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो चुका था। अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि रेफ्रिजरेटर में किसी वजह से शॉर्ट सर्किट हुआ था और उसी में आग लगी थी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

**जी-20 सम्मेलन**

# विदेशी मेहमानों के लिए संवरेगी राजधानी

## एलजी ने सुरक्षा, साफ-सफाई, संचार, परिवहन समेत तमाम सुविधाओं का खाका पेश किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में अगले साल होने मेगा इवेंट जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर हर स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। अगले साल मार्च, जून और सितंबर में इस शिखर सम्मेलन से जुड़े आधा दर्जन से अधिक कार्यक्रम शहर में आयोजित होंगे।

इनमें विभिन्न देशों के प्रमुख और प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसे लेकर राजधानी को अभी संवारा, सजाया जाने लगा है। एक तरफ बैठकों का दौर तो दूसरी तरफ शहर को हरा-भरा, साफ-सुथरा करने, सड़कों को चमकाने और संचार व परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जोर दिया जा रहा है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को जी-20 शिखर सम्मेलन और अन्य संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर तैयारियों की समीक्षा की।

इसमें उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत, मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त, एनडीएमसी अध्यक्ष, डीडीए के उपाध्यक्ष, एलसीडी के विशेष अधिकारी, आयुक्त (एमसीडी) और पीडब्ल्यूडी, डीजेबी, डीटीसी, परिवहन, यातायात, स्वास्थ्य और पर्यटन विभाग के आला अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री अस्वस्थ होने के कारण इस बैठक में शामिल नहीं हो सके। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के और विकास के लिए एक अच्छा अवसर प्रदान करेगा।

मेहमानों का स्वागत पूरे उत्सवी मिजाज के साथ किया जाएगा। उपराज्यपाल ने जी-20 शिखर सम्मेलन को राष्ट्रीय राजधानी के लिए दुनिया के सामने खुद को बेहतर दिखाने के अवसर के रूप में रेखांकित किया और इस बात पर जोर दिया कि इस मील के पत्थर का उपयोग एक ऐसे शहर के रूप में किया जाना चाहिए, जो हमेशा के लिए स्वच्छ और स्वच्छ हो। एलजी खुद व्यक्तिगत रूप से पिछले पिछले छह महीने से आईजीआई एयरपोर्ट रोड से धौला कुआं तक सड़क के विस्तार को सुनिश्चित करने जैसे कई कदम उठाए हैं। एलजी ने बताया कि दिल्ली अगले वर्ष जी-20 सम्मेलन को लेकर 8 बार मेजबानी करेगा। इसकी शुरुआत1 मार्च, से होगी। जब जी-20 के विदेश मंत्री शहर में मिलेंगे और 9-10 सितंबर सरकारों, राज्यों के प्रमुखों की शिखर बैठक होगी। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों में 5-6 जून को संसद-20 शिखर सम्मेलन, 3-6 सितंबर को चौथी शेरपा बैठक, 5-6 सितंबर, को चौथी वित्त और केंद्रीय बैंक के प्रतिनिधियों की बैठक, संयुक्त शेरपा और वित्त विभाग के अधिकारी शिरकत करेंगे।

6 सितंबर को वित्त, ऊर्जा विभाग के उप प्रमुखों और 7 सितंबर को संयुक्त वित्त और ऊर्जा विभाग और 8 सितंबर को संयुक्त वित्त और ऊर्जा मंत्रियों की बैठक होना तय है।

उपराज्यपाल ने बताया कि मार्च में पहले आयोजन के लिए सिर्फ 108 दिन शेष है जबकि सितंबर में जी - 20 शिखर सम्मेलन में केवल 250 दिन शेष थे। ऐसे में विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय से काम को पूरा जाने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी कि आयोजन में किसी भी चूक को बेहद गंभीरता से लिया जाएगा और जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



वरिष्ठ अधिकारियों के संग बैठक में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना।

### मेहमान करेंगे भारतीय संस्कृति का दर्शन

जी-20 सम्मेलन में आने वाले मेहमानों को भारतीय संस्कृति की झलक दिखाने के मकसद से कुतुब मीनार, लोदी गार्डन, लाल किला, पुराना किला, हुमायूं का मकबरा और सुंदर नर्सरी आदि जैसे स्मारकों को रंग-बिरंगी रोशनी सजाया जाएगा। इसके अलावा, कनॉट प्लेस, चांदनी चौक, खान मार्केट जैसे प्रतिष्ठित बाजार और दिल्ली हाट को भी संवारा जाएगा। धार्मिक स्थल बंगला साहिब और इस्कॉन मंदिर प्रतिष्ठित बाजारों और लंगरों में जी-20 प्रतिनिधियों और आगंतुकों का दौरा आयोजित किया जाएगा।

### 10 लाख से अधिक गमलायुक्त पौधे

जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी से जुड़ी तैयारियों में जुटी राष्ट्रीय राजधानी की सुंदरता में चार चांद लगाने का काम गमलायुक्त 10 लाख से अधिक आकर्षक पौधे करेंगे। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, लोक निर्माण विभाग और दिल्ली नगर निगम सहित केंद्र और दिल्ली सरकार के विभागों की बागवानी शाखाओं को सार्वजनिक स्थानों, गोल चक्करों, प्रमुख चौराहों, फ्लाईओवर के निचले हिस्से को सजाने के लिए कहा गया है। हर विभाग के लिए स्थानों और लक्ष्यों को अगले साल अप्रैल तक अंतिम रूप दिया जाएगा।

# तेजाब मामले में महिला आयोग का पुलिस व गृह विभाग को नोटिस

**एसिड की खुदरा बिक्री पर प्रतिबंध अब तक क्यों नहीं लगा : स्वाति मालीवाल**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

द्वारका इलाके में नाबालिग लड़की पर एसिड हमले को लेकर दिल्ली महिला आयोग सख्त हो गया है। उसने मामले का स्वत: संज्ञान लिया है और दिल्ली पुलिस और गृह विभाग, दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में उसने मामले में कार्रवाई रिपोर्ट, गिरफ्तार आरोपियों के विवरण के साथ एफआईआर की मांगी है।

साथ ही पीड़िता अथवा उसके परिवार द्वारा कोई धमकी मिलने के संबंध में की गई किसी भी शिकायत और उस पर की गई कार्रवाई का विवरण भी मांगा है। इसके अलावा, आयोग ने उस दुकान की जानकारी मुहैया कराने को कहा जहां से एसिड खरीदा गया था व विक्रेता के खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण भी मांगा है।



इस बीच सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों ने घटना की निंदा करते हुए पीड़िता की मदद करने और एसिड बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल द्वारा गृह विभाग को भेजे नोटिस में कहा है कि देश भर में, खासकर राजधानी में तेजाब आसानी से उपलब्ध है। आयोग ने बार-बार एसिड की खुदरा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है। बावजूद इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आयोग ने हाल ही में एसिड की बिक्री को विनियमित करने के लिए दिल्ली सरकार के आदेश के कार्यान्वयन में कमी पर एक रिपोर्ट जारी की थी।

आदेश के अनुसार क्षेत्र के एसडीएम को औचक निरीक्षण करने और उल्लंघन के लिए 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाने का अधिकार है। आयोग की रिपोर्ट से पता चला कि एसिड की बिक्री को विनियमित करने के लिए नियमित निरीक्षण भी दिल्ली के जिलों में नहीं किए जा रहे थे। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बार-बार सिफारिश करने के बाद भी एसिड की खुदरा बिक्री पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

# जांच कर रहे दिल्ली पुलिस अफसरों की सुरक्षा बढ़ाई

**सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले को संभालने वाले दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल, पुलिस उपायुक्तों, विशेष प्रकोष्ठ मनीषी चंद्रा और राजीव रंजन सहित 12 अधिकारियों के लिए सुरक्षा आवंटन को मंजूरी दी। अधिकारी ने कहा कि एसीपी ललित नेगी, हृदय भूषण, वेद प्रकाश, राहुल विक्रम और इंस्पेक्टर सुनील कुमार, विक्रम, निशांत और विनोद कुमार के साथ एक सशस्त्र पुलिस कमांडो चौबीसों घंटे तैनात रहेगा। यह कदम पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरविंदर रिंडा के सहयोगियों द्वारा सोशल मीडिया पर स्पेशल सेल के अधिकारियो को धमकी देने के बाद आया है।

# एमबीए छात्रा ने इमरात से कूदी, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

महरौली में 23 वर्षीय महिला ने एक इमारत की तीसरी मंदिर से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान अहमदाबाद की ट्विंकल के रूप में की गई है जो यहां एमबीए की पढ़ाई कर रही थी।

पुलिस अधिकारियों को शक है कि महिला अपने एक सहपाठी के साथ कुछ विवाद को लेकर परेशान थी जिसके कारण उसने ऐसा कदम उठाया होगा। पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने कहा कि महरौली पुलिस थाने को मंगलवार शाम करीब सात बजे सूचना मिली कि फ्रीडम फाइटर कॉलोनी, ए ब्लॉक में एक महिला ने एक इमारत से छलांग लगा दी है।

उन्होंने कहा कि मृतका तथा दो अन्य महिलाओं ने ए ब्लॉक, फ्रीडम फाइटर कॉलोनी में एक फ्लैट किराए पर लिया था। तीनों बत्रा अस्पताल के समीप एक संस्थान से एमबीए कर रही थीं। महिला का कोटा के रहने वाले करण नामक अपने सहपाठी से कुछ विवाद था।



## सीटीआई ने चीन के खिलाफ खोला मोर्चा

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प का विरोध करते हुए चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने चीन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सीटीआई समेत व्यापार जगत ने एकबार फिर से चाइनीज सामानों के बहिष्कार की अपील की है। व्यापारियों ने बुधवार को 11 बजे कनॉट प्लेस में विरोध मार्च निकाला। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि चीन अपनी भारत विरोधी नापाक गतिविधियों से बाज नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि चीन के लिए भारत एक बहुत बड़ा बाजार है। अब हम सभी व्यापारियों को एकजुट होकर चीन की अर्थव्यवस्था को कमजोर करना है। भारतीय कारोबारी और उपभोक्ता चाइनीज सामान का बहिष्कार करेंगे, तो चीन की बहुत जल्द ही अक्ल ठिकाने आएगी। प्रदर्शन में सीटीआई महासचिव रमेश आहूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरमीत अरोड़ा, प्रदेश प्रभारी तरुण चतुर्वेदी, दीपक गर्ग, सुधीर फोगाट, सतीश तोमर, अजय उपाध्याय, जसविंदर, अंकित गर्ग आदि शामिल हुए।

# केजरीवाल ने उठाई चीन से व्यापार बंद करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दो साल पहले जब गलवान में भारतीय सेना के जवानों और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी, तब चीन के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा था। कुछ वैसा ही माहौल अब तवांग की घटना के बाद देश में बन रहा है। चीनी सामानों का बहिष्कार करने की मांग हो रही है।

इस बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार से मांग की है कि चीन से व्यापार बंद कर दिया जाए। अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि हम चीन से अपना व्यापार क्यों नहीं बंद करते।



चीन से आयात की जाने वाली अधिकतर वस्तुएं भारत में बनती हैं। इससे चीन को सबक मिलेगा और भारत में रोजगार पैदा होंगे। मालूम हो कि सेना ने सोमवार को बताया था कि गत नौ दिसंबर को भारतीय और चीनी सैनिकों की अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एलएसी के निकट एक स्थान पर झड़प हुई, जिसमें दोनों पक्षों के कुछ जवान मामूली रूप से घायल हुए थे।

## कूड़े से मुक्ति के लिए दूसरे निगमों की योजनाएं परखेगी सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद केजरीवाल सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी को साफ-सुथरा बनाने की कवायद तेज कर दी है।

इस संबंध में एमसीडी के कार्यों के लिए गठित विधानसभा की समिति के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को बैठक कर एमसीडी के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि देश के विभिन्ल बेहतर साफ शहरों का दौरा कर दिल्ली को कूड़ा मुक्त बनाने का एमसीडी को प्लान दिया जाएगा। जिससे शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाया जा सके। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली विधानसभा की समिति देशभर के शहरों का भ्रमण कर वहां के नगर निगमों में हुए अच्छे कामों को सीखेगी।

# भारत जोड़ो यात्रा के लिए तैयारी में जुटी दिल्ली कांग्रेस

## यात्रा 24 को राजधानी में करेगी प्रवेश, प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा- राजधानी में ऐतिहासिक होगी राहुल की अगवानी

**पायनियर समाचार।** नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी देश व्यापी भारत जोड़ो यात्रा को राजधानी में ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए पार्टी ने कमर कस ली है।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि हम यात्रा की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी में यात्रा बदरपुर से प्रवेश करेगी जहां भव्य स्वागत किया जाएगा। भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों को लेकर बुधवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रदेश कार्यालय और गुरुद्वारा रकाबगंज स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक कर तैयारियों को मूर्त रूप देने पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार और दिल्ली प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल के नेतृत्व में हुई बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद, दिल्ली के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक, निगम पार्षद, पूर्व निगम पार्षद, ब्लाक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष, सेल एवं विभागों के चेयरमैन सहित जिला कॉआर्डिनेटर आदि मौजूद थे। बैठक के बाद प्रदेश चौधरी अनिल कुमार ने यात्रा की तैयारी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा 24 दिसम्बर को बदरपुर बार्डर से राजधानी की सीमा में प्रवेश करेगी, जहां यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को सुबह 6 बजे से राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली में यात्रा की शुरुआत होगी।



उन्होंने कहा कि 7 दिनों के बाद भारत जोड़ो यात्रा 3 जनवरी 2023 को दिल्ली से उत्तर प्रदेश के लिए प्रस्थान करेगी। दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा 45 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि देश को एकजुट करने वाली इस यात्रा के लिए प्रदेश कांग्रेस ने दिल्ली राज्य से संबधित सभी तैयारियां पूरी कर ली है। यात्रा में प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता हिस्सा लेगा। गोहिल ने कहा कि राहुल गांधी की 155-दिवसीय, 3500 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा में अब तक प्रतिदिन औसतन 25 से 30 किलोमीटर चल रही है, जो एक विश्व रिकॉर्ड बनाएगी, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता में वापसी करके एक बार फिर बता दिया है कि लोगों को भाजपा में विश्वास नहीं है। हिमाचल सुशासन, विकास और प्रगति के लिए लोगों कांग्रेस की ओर देखना होगा।

## संक्षिप्त समाचार



राजधानी दिल्ली में बुधवार को हिमाचल प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात करते कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक।

### हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री का राजधानी में स्वागत

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का बुधवार को राजधानी दिल्ली पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण के बाद दिल्ली का उनका पहला दौरा है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजीव शुक्ला और कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधायक अनिरूद्ध सिंह, केवल सिंह पठानिया एवं राम कुमार, मुख्यमंत्री के राजनतिक सलाहकार सुनील शर्मा, किशोरी लाल, आवासीय आयुक्त मीरा मोहन्ती, कांग्रेसी नेता, दिल्ली में बसे हिमाचल के लोग और हिमाचल भवन व सदन के कर्मचारी भी मौजूद थे।

### ऊर्जा और जलवायु पर अंतराष्ट्रीय कॉन्क्लेव का समापन

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय, दिल्ली में मैटेरियल, ऊर्जा और जलवायु पर चल रहे तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्क्लेव का समापन का बुधवार को समापन हो गया। कॉन्क्लेव में 6 विषय सत्रों में शोधकर्ता, शिक्षाविद, नीति निर्माता, उद्योग विशेषज्ञ और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के सचिव सतर के अधिकारियों ने व्याख्यान दिए। कॉन्क्लेव के अंतिम दिन विशेषज्ञों की टीम ने वाटरमैन राजेन्द्र सिंह के साथ अजमेर में वर्षा जल से जमीन को खेती योग्य बनाया जाये इस बात पर चर्चा की गयी। कॉन्क्लेव ने सभी पांच महाद्वीपों (अमेरिका, यूरोप, एशिया, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया) से 263 प्रस्तुतियों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी के 'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर' के विजन के साथ काम करने से न केवल भारत बल्कि दुनिया भी क्लाइमेट न्यूट्रल हो जाएगी।



### अंगदान जागरूकता को एनडीएमसी का अभियान

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने मोहन फाउंडेशन के सहयोग से बुधवार सुबह कन्वेंशन सेंटर, एनडीएमसी, जय सिंह रोड, नई दिल्ली में अंग दान जागरूकता के बारे में एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया। इस सत्र का उद्घाटन एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर सतीश उपाध्याय ने कहा कि कि जागरुकता की कमी के कारण अंगदान को लेकर लोगों के मन में भ्रांतियां और डर हैं। इस सत्र का उद्देश्य सामान्य मनुष्यों को मृत्यु के बाद अंगों को दान करने की शपथ लेने के लिए प्रेरित करना और अंग दान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4067/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक : 13/12/2022

**ई-निविदा संशोधन**

इस कार्यालय पत्रांक सं0 4012/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक 09.12.2022 से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु आमंत्रित ई-निविदाओं की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| निविदा क्र0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 2 | चकराता | चातरा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 10 | कालसी | मरलऊ कोपटा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 12 | कालसी | खमरौली पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्र0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 16.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 17.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि। | 19.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 23.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 30.12.2022 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 30.12.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 31.12.2022 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

**शेष नियम एवं शर्ते निविदा के अनुसार यथावत रहेगें।**

"जल संचय-जीवन संचय"

**अधिशासी अभियन्ता**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4065/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक : 13/12/2022

**ई-निविदा संशोधन**

इस कार्यालय पत्रांक सं0 3965/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक 07.12.2022 से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु आमंत्रित ई-निविदाओं की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| निविदा क्र0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | चकराता | सिजला पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 2 | चकराता | त्युना मंगताड पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 3 | चकराता | शेडिया पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 4 | चकराता | सुजऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 5 | चकराता | गोरक्षा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 6 | चकराता | इन्द्रोली पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 8 | चकराता | कन्धार पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 9 | चकराता | जाडी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 10 | चकराता | मिण्डाल पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 11 | चकराता | मेहरावना पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 13 | चकराता | बागनी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्र0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 16.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 17.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि। | 19.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 23.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 30.12.2022 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 30.12.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 31.12.2022 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

**शेष नियम एवं शर्ते निविदा के अनुसार यथावत रहेगें।**

"जल संचय-जीवन संचय"

**अधिशासी अभियन्ता**

# गुरुग्राम में नजर आया चिपको आंदोलन अरावली बचाने को पेड़ों से चिपके बच्चे

## वन्य प्राणियों का रूप धारण कर बच्चों ने दिया अरावली बचाने का संदेश

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



अरावली श्रृंखला में वन्य प्राणियों के मुखौटे लगाकर अरावली बचाने की मांग करते गुरुग्राम, फरीदाबाद, दिल्ली के स्कूली बच्चे।

**इंसानों** के साथ वन्य प्राणियों का भी जीवन सुरक्षित हो, इस तरह के प्रयास और इंतजाम जरूरी हैं। मंगलवार को इसी उद्देश्य के साथ करीब 750 स्कूली बच्चों ने वन्य प्राणियों का रूप धारणकर अरावली की श्रृंखला में यह संदेश दिया। बच्चे वन्य प्राणियों के रूप में पेड़ों से चिपके नजर आए। एक तरह से यह कार्यक्रम उस चिपको आंदोलन की याद ताजा कर गया, जब उत्तराखंड (उस समय यूपी का हिस्सा) के किसानों ने वृक्षों की कटाई का पेड़ों से चिपककर विरोध जताया था। चिपको आंदोलन वर्ष 1973 में शुरू हुआ था।

अरावली श्रृंखला शुद्ध हवा, ऑक्सीजन के साथ वन्य प्राणियों के जीवन का अहम स्थान है। भविष्य की विकास परियोजनाओं को देखते हुए अरावली के अस्तित्व पर संकट का अंदेशा जताया गया। यहां अरावली में पहुंचे दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद के स्कूली बच्चे वन्य प्राणियों की भांति ही उछलते-कूदते नजर आए। बच्चों ने अलग-अलग जीव-जंतुओं के मुखौटे पहन रखे थे। भारत के जलपुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह, रिज बचाओ आंदोलन के दीवान सिंह, मेवात जल बिरादरी के इब्राहिम खान, स्कूलों से आए शिक्षक और अन्य नागरिकों ने इस कार्यक्रम में इन बच्चों का साथ दिया। यहां जानकारी दी गई कि अरावली श्रृंखला प्रदूषण कम करने के अलावा मरुस्थलीकरण को रोकने का, जल संचयन करने का और वन्य जीवों को आवास प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। खनन ने पहले ही 25 प्रतिशत से अधिक अरावली श्रृंखला को नष्ट कर दिया है जो कि अरबों वर्ष पुरानी है। यह दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। डर है कि अगर हम अभी कार्यवाही नहीं करते हैं, तो कुछ वर्षों में अरावली हमारी भूगोल की पाठ्यपुस्तकों में सिर्फ एक अध्याय बनकर रह जाएगी।

### अरावली हमारी जीवनदायिनी है...

**यहां** कक्षा 4 से कक्षा 10 तक के 750 बच्चों ने अपने चेहरों पर अरावली में पाए जाने वाले विभिन्न पशु पक्षियों और अन्य जीवों की प्रजातियों के चित्र बनाए हुए थे, ताकि इन जीव जंतुओं के घर पर आए खतरे के बारे मे सरकार का ध्यान आकर्षित कर सकें। डॉ. राजेंद्र सिंह, दीवान सिंह, इब्राहिम खान आदि ने कहा कि अरावली हमें स्वच्छ हवा और पानी की सुरक्षा देने वाली जीवन रेखा है। इसे बचाने के उद्देश्य से हम सब बच्चों ने एक प्रतीकात्मक चिपको आंदोलन किया और अरावली पहाड़ियों की पृष्ठभूमि में एक मानव श्रृंखला बनाई।

### उत्तर-पश्चिम भारत में अरावली बचाने को ली शपथ

**सब** बच्चों ने उत्तर पश्चिम भारत के सभी 4 राज्यों में अरावली पर्वत श्रृंखला को बचाने के लिए एक पवित्र शपथ ली, ताकि इस जीवनदायिनी और वन्यजीवों के घर की रक्षा की जा सके। ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, खाद्य असुरक्षा और पानी की कमी को और खराब होने से रोका जा सके। बच्चों ने अरावली दिवस पर अरावली पहाड़ी में ही एकत्रित होकर एनसीआर ड्राफ्ट प्लान 2041 में अरावली और अन्य पर्यावरणीय संरक्षण की मांग रखी। बच्चों ने सरकार का ध्यान इस पर्वत श्रृंखला के महत्व के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए यह विशेष कार्यक्रम किया।

# भारत ने चीन को खदेड़ा तो वायरल हो गया अरविंद सैनी का गाना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



अरविंद सैनी।

**भारतीय** सेना द्वारा चीनी सैनिकों को तवांग से खदेड़ने के बाद एक गाना सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हो रहा है। गाने में नए भारत को सबसे शक्तिशाली बताया गया है और इसका श्रेय भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को दिया गया है। इसके अलावा साफ मैसेज दिया गया है कि विपक्ष कितना भी जोर लगा ले 2024 में आएंगे तो मोदी ही।

गाना ट्विटर पर ट्रेंड करता रहा और फेसबुक पर भी लोगों ने इसे जमकर सराहा। वायरल गाने में मोदी सरकार द्वारा किए गए कुछ महत्वपूर्ण कार्यों को गिनाया गया है, साथ ही पीएम मोदी को देश का सम्मान और स्वाभिमान बताया गया है। वायरल गाना भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश मीडिया सह-प्रमुख अरविंद सैनी ने तैयार किया है।

गाने में बोल अरविंद सैनी ने ही लिखे हैं, जो विपक्ष को चुभने वाले हैं। इसमें सीधे-सीधे विपक्षी कांग्रेस, आम आदमी पार्टी को बेईमान बताया गया है साथ ही ओवैसी के बारे में भी कहा गया है कि ये लोग कितना भी जोर लगा ले, फिर भी 2024 में आएगा तो मोदी ही। क्योंकि मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार मजबूत हुआ है। अरविंद सैनी ने बताया कि मिशन 2024 शुरू हो चुका है। इसलिए पीएम मोदी द्वारा प्रधानमंत्री के रूप में जो कार्य किए हैं, उसे नए रुप में जनता के सामने रखने की कोशिश की गई है। गाने के पहले पहरे में दावा किया गया है कि जिस तरह से पीएम मोदी ने गौरवशाली और कल्याणकारी कार्य किए हैं, उसके दम पर भाजपा 400 सीटें लेकर जाएगी। गाने में दावा किया है लोगों को केवल भाजपा पर ही भरोसा है कि केवल भाजपा ही राम राज लाएगी।

अरविंद सैनी के मुताबिक इस गाने को बनाने में 3 माह लगे। जिसमें विनसम एक्सप्रेस इंडिया के संस्थापक विनोद शर्मा और गौ सेवा आयोग के वाइस चेयरमैन एवं सागर एफआरपी इंडस्ट्रीज के संस्थापक पूरन यादव लोहचब ने सहयोग दिया। संदीप हिंदुस्तानी, पुष्पेन्द्र चौहान, विपिन गुड़गांव और राहुल पांचाल ने वीडियो निर्माण में सहयोग किया।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. शीतल ने गणित विषय में 186वां रैंक लेकर पास की नेट के साथ जेआरएफ परीक्षा



डा. शीतल यादव।

**गुरुग्राम।** महिला सशक्तिकरण की एक और सफलता में बीएमजी एलिगेंट हाइट्स सोसाइटी सेक्टर 26, रेवाड़ी की रहने वाली डॉ. शीतल यादव पत्नी आशीष यादव ने अपना नाम दर्ज किया है। डॉ. शीतल यादव ने गणित विषय में 186वां रैंक प्राप्त करते हुए नेट के साथ जेआरएफकी परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से उनके परिवार के लोग और मित्रगणों में खुशी की लहर है जिसका इजहार उन्होंने मिठाई बांटकर किया । वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर) द्वारा यह परीक्षा 16 सितंबर 2022 को आयोजित की गई थी, जिसमें डॉ. शीतल यादव ने अपने पहले प्रयास में ही जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर बाजी मार ली। डॉ. शीतल यादव का कहना है किसी भी कार्य के प्रति सच्ची लगन और आत्मविश्वास से हर सफलता हासिल की जा सकती है। डॉ. शीतल यादव इस सफलता का श्रेय अपने पति आशीष यादव सहित पूरे परिवार को देती हैं। उनकी सास सरोज देवी और ससुर डॉ. प्रकाश यादव ने जहां उनकी तरक्की में अहम योगदान दिया, वहीं मां मीना यादव (अध्यापिका) और पिता सत्यदेव यादव के आशीर्वाद और शिक्षकों का कुशल मार्गदर्शन उनके लिए सफलता का मार्ग रहा।

### शहर का साफ-सुथरा बनाने के उद्देश्य से उपकरण खरीदे जाएंगे

**सोहना।** नगर परिषद सदन की हुई बैठक में शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सफाई कर्मियों को कूड़ा उठाने से लेकर इकट्ठा करने के लिए उपयोग होने वाले उपकरणों की खरीद के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया। शहर के राजीव गांधी पार्क से लेकर अग्रसैन पार्क और अंबेडकर बाईपास चौक की खराब स्ट्रीट व हाई मास्क लाइटों को ठीक किया जाएगा। परिषद सदन की बैठक में रखे गए 12 में से नौ प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया। सदन की पहली बैठक बुधवार को कार्यवाहक चेयरपरसन रीना छावड़ी की अध्यक्षता में हुई। सदन की पहली बैठक में सभी 20 पार्षदों ने भाग लिया। बैठक में एक के बाद एक 12 प्रस्ताव रखे गए। शहर में कूडेदान लगाने के प्रस्ताव को सदन ने नकार दिया। जिसका कारण कूडेदानों में भरा कचरा की सफाई न होना। इसके अलावा शहर के मुख्य द्वार पर स्वागत द्वारा निर्माण के प्रस्ताव को भी सदन ने मंजूरी नहीं दी। इनके अलावा अन्य प्रस्तावों को सदन ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। जिसमें मुख्य रूप से शहर की साफ-सफाई को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को आधार मानते हुए सफाई कर्मियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपकरणों की खरीद करना। शहर के मुख्य पार्कों पर लगी स्ट्रीट व हाई मास्क लाइटों को ठीक करना। परिषद के स्लाटर हाउस में जमा अनउपयोगी वस्तुओं की खुली बोली में नीलामी करना। वर्ष 2016-17 में संपत्ति कर की सर्वे करने वाली कंपनी की बकाया राशि को लौटाना। नगर परिषद चुनाव में खर्च हुई राशि को सदन द्वारा मंजूरी देना आदि शामिल थे। सदन की बैठक में वार्ड-16 के पार्षद हरीश नन्दा ने याशी कंपनी द्वारा वर्ष 2018 से 2022 तक की गई संपत्ति कर की सर्वे में पाई गई खामियों को जल्द से जल्द दूर करने की मांग को सदन ने मंजूरी दे दी। ताकि आम व्यक्ति को अपना संपत्ति कर का भुगतान करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### दिल्ली कॉमिक कॉन 2022 में रिवर कॉमिक्स ने धूम मचाई

**नई दिल्ली।** रिवर कॉमिक्स, भारत का पहला और एकमात्र मोशन ग्रापिक्स ऐप हैं वॉयसओवर और संगीत के साथ पॉप -संस्कृति उत्सव, दिल्ली कॉमिक कॉन 2022 ने दर्शको को मंत्रमुग्ध किया। बेंगलुरु कॉमिक कॉन के बाद यह एक और प्रभावशाली उपस्थिति थी। दिल्ली में रिवर कॉमिक्स स्टॉल पर दर्शकों को लुभावने मोशन ग्राफिक्स, फन गेम्स, मर्चेनडाइज और भी काफी चीजों से परिचिति कराया गया, जबकि रोमांचक उपहार और पुरस्कार भी जीते गए। रिवर कॉमिक्स के अनुभव में बॉम्बे लोकल द्वारा एक एड्रेनालाइन पम्पिंग प्रदर्शन शामिल था, जो एक बहुत ही जाना माना प्रसिद्ध हिप-हॉप ग्रुप हैं जिसमे हिप-हॉप कलाकार ग्रेविटी, शेक्सपियर, फरहान खान और बीटबॉकसर्स, डी-साइफर और बीट रॉ शामिल हैं। मिस्टर जापान एम ठाकर, रिवर कॉमिक्स के सीईओ और संस्थापक ने कहा, हमे खुशी है कि हम 'दिलवालों की दिल्ली' के लोगों का दिल जीत सके। रिवर कॉमिक्स अद्वितीय हैं और वह ऐसा कुछ भी नहीं है, और हमारे दर्शको ने ऐप द्वारा प्रदान किए गए इस अविश्वसनीय अनुभव को प्रतिध्वनित किया। इसी प्रकार, बॉम्बे लोकल अपने काम में अद्वितीय हैं। रिवर कॉमिक्स एक अभिनव मनोरंजन कंपनी है जो दर्शको को एक अनोखा कॉमिक अनुभव प्रदान करती है। अतिरिक्त ध्वनि, गति सुविधाओं और लुभावनी कला के साथ, ऑनलाइन कॉमिक्स का खजाना आपकी आँखों के सामने कॉमिक्स को जीवन में लाता हैं। ऐप मूल कहानिओ, भारतीय और विश्व इतिहास, मंगा, मूल आदि की पेशकश करते हुए सांस्कृतिक-आधारित सामग्री की एक विस्तृत शैली तक पहुंच प्रदान करता है।

### बिना पंजीकरण प्लॉट बेचने पर रेरा ने ठोंका 2.50 करोड़ रुपये जुर्माना

**गुरुग्राम।** बिना पंजीकरण के रीयल इस्टेट प्रमोटर ब्रह्मा सिटी प्राईवेट लिमिटेड को हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) में बिना रजिस्ट्रेशन के प्लॉट बेचना पड़ा महंगा। रेरा की ओर से प्रमोटर पर 2.50 करोड़ रुपये का जुर्माना ठोंका है। तीन महीने समय सीमा के भीतर इस परियोजना के पंजीकरण के लिए आवेदन करके इसे पूरा करना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। प्रमोटर ब्रह्मा सिटी प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम के सेक्टर-61 से सेक्टर-65 में प्लॉटेड रेजिडेंशियल टाउनशिप का प्रोजेक्ट डेवलप कर रहा है। रेरा की ओर से ब्रह्मा सिटी को अपने प्रॉजेक्ट के पंजीकरण के लिए पर्याप्त समय दिया गया था। फिर भी प्रोमोटर रजिस्ट्रेशन कराने में असफल रही।

# रॉयल स्कूल के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में किया ज्ञान का प्रदर्शन



गुरुग्राम के वजीरपुर स्थित रॉयल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल का अवलोकन करते विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डा. विजय सिंह चौहान।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**मानवाधिकार** दिवस पर सेक्टर-95 वजीरपुर स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनके द्वारा बनाए गए मॉडल काफी सराहनीय रहे।

इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में धनखड़ स्कूल फरूखनगर के चेयरमैन धर्मवीर धनखड़, अजंता स्कूल के चेयरमैन अशोक यादव, श्रीराम स्कूल बोहड़ा कलां के चेयरमैन श्यामवीर यादव, राव राम सिंह स्कूल के बोहड़ाकलां के चेयरमैन सतीश यादव, श्रीकृष्ण राठी एवं सुरेश राठी चेयरमैन सीसीएस स्कूल बिरहेड़ा मोड़, प्रवीन शर्मा चेयरमैन रघुनाथ बाल विद्यालय मंदिर पातली, नरेश कुमार गुलाटी चेयरमैन केशव विद्या विहार स्कूल खोड़, भगीरथ राघव चेयरमैन आरबीएसएम स्कूल भोंडसी, राजपाल चौहान चेयरमैन सरस्वती इंटरनेशनल स्कूल बेगमपुर खटोला, धर्म सिंह चौहान सामाजिक कार्यकर्ता, राजेश कुमार चौहान सचिव ठाकुर आरएसएम नारायण सिंह जन सेवक समिति रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन आदि ने शिरकत की।

प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के साथ विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विजय सिंह चौहान, मुख्य उप-प्रधानाचार्य कल्पना चौहान, उप-प्रधानाचार्य मीनाक्षी यादव एवं आशीष कुमार मैनेजर रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन द्वारा प्रज्जवलित करके किया गया। प्रदर्शनी में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों पर आधारित मॉडल तैयार किए। अपनी प्रतिभा का विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वार्षिक प्रदर्शनी के साथ पीटीएम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रतिभा का अवलोकन किया। छात्रों द्वारा रोबोटिक मशीन, सौर ऊर्जा, अंतरिक्ष उपग्रह, कंकाल तंत्र, एटीएम मशीन, कला वर्ग छात्रों द्वारा संसद भवन आदि पर मॉडल तैयार किए।

## दुकानदार ने चोरी कर रहे तीन चोरों में से एक पकड़ा

**सोहना।** भोंडसी थाना क्षेत्र के नया गांव में देर रात में दुकान का ताला तोड़ चोरी कर रहे तीन बदमाशों में से एक को दबोच लिया और दो भाग गए। पकड़े गए चोर को दुकानदार ने पुलिस को बुलाकर सौंप दिया। रिठौज निवासी अमनदीप ने भोंडसी पुलिस को बताया कि उसने नया गांव में इंवेटर -बैट्री बेचने की दुकान की हुई है। 10 दिसम्बर की रात को उसकी दुकान का रात के समय में ताला तोड़ने का प्रयास किया गया था। जिससे सबक लेकर वह हर रात एक से तीन बजे के अपनी दुकान को रात के दौरान चेक करने जाता है। बुधवार को भी सुबह करीब सवा बजे वह दुकान की जांच करने के लिया गया।

# याद-ए-मुर्शिद नेत्र शिविर में 3000 से अधिक लोगों को दिए फ्री चश्मे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



शाह सतनाम सिंह जी धाम में लोगों को फ्री में चश्मे वितरित करते गुरुग्राम के सेवादार।

**डेरा** सच्चा सौदा के शाह सतनाम जी धाम परिसर में लगाए गए याद-ए-मुर्शिद परमपिता शाह सतनाम जी महाराज 31वां फ्री नेत्र जांच शिविर में देशभर के सेवादारों के साथ गुरुग्राम के सेवादारों की फौज भी सेवा कार्यों में जुटी है। वहां गुरुग्राम के सेवादारों द्वारा निशुल्क चश्में वितरित किए जा रहे हैं।

जो भी व्यक्ति चिकित्सकों से अपनी आंखें जांच कराकर आता है, उसे गुरुग्राम के सेवादारों द्वारा नजदीक के चश्में फ्री में दिए जा रहे हैं। वहां पर सेवादार आशीष इंसा समेत कई सेवादार इस कार्य में जुटे हैं। पहले के शिविरों में भी वे यह सेवा करते रहे हैं। अब तक वे 1376 लोगों को चश्में दे चुके हैं। उनका कहना है कि सेवा और परोपकार की भावना ही डेरा सच्चा सौदा में आकर मिलती है। यहां से सेवा के कार्यों में लगने वाले इंसान सदा इंसानियत को ही अपना परम-धर्म मानकर चलते हैं। गुरुग्राम में कोरोना काल समेत समय-समय पर जरूरतमंदों की सेवा में जुटे रहने वाले आशीष इंसा यह अपनी अच्छी किस्मत समझते हैं कि वे डेरा सच्चा सौदा से जुड़े। पूज्य गुरूजी का पावन आशीर्वाद उन्हें मिला है। अंधेरी जिंदगियों में रोशनी भरने वाले यहां के डॉक्टर, पैरा-मेडिकल स्टाफ समेत तमाम सेवादार सेवा के कार्य को फर्ज समझकर करते हैं। पूज्य गुरूजी संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा की पावन प्रेरणा से यह सब वे कर पा रहे हैं।

# नवनियुक्त सरपंचों को ग्राम सभा की बैठकों में बस्ते सौंपे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



बुधवार को खंड के गांव खेड़ली लाला में नवनियुक्त सरपंच राजरानी को ग्राम सचिव पंचायत रिकार्ड को सौंपते हुए।

**खंड** की 35 ग्राम पंचायतों में नवनियुक्त सरपंचों की अध्यक्षता में पहली बार ग्राम सभा की बैठकें हुईं। ग्राम सभा की पहली बैठकों में मुख्य रूप से सरपंचों को सचिव द्वारा पंचायत का रिकार्ड बस्ता सौपना की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी गई।

ग्राम पंचायतों में हुई पहली ग्राम सभा की बैठकों में मात्र औपचारिकता निभाते हुए नवनियुक्त सरपंचों को रिकार्ड के बस्ता सौंपे गए। ग्राम सभा की बैठकों में पंच मौजूद रहे। महिला पंच और सरपंचों ने भी बैठक में भाग लिया। पहली बार महिला सरपंचों ने बैठकों में हिस्सा लेते हुए अपनी कर्तव्य को निभाया। ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ा में ग्राम सभा की पहली बैठक में सामुदायिक भवन निर्माण के प्रस्ताव का रखा। वहीं खेड़ली लाला ग्राम पंचायत में विकास के कार्यों को मंजूरी दी गई। बीडीपीओ परमेन्द्रा सिंह ने बताया कि खंड की सभी पंचायतों में ग्राम सभा की बैठक शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। खंड की सभी पंचायतों के नवनियुक्त सरपंचों को उनके रिकार्ड का बस्ता सौंपे गए।

बैठकों का दौर सुबह 10 बजे से लेकर सायं तीन बजे तक चला। जिसका कारण प्रत्येक पंचायत में ग्राम सचिवों ने अपनी मौजूदगी में बैठक की। बीडीपीओ ने बताया कि जल्द ही उच्चाधिकारियों के आदेश पर विकास के कार्य कराने की गति को हरीझंडी प्रदान की जाएगी।

# अजमल परफ्यूम्स ने शादी और त्योहारों के सीजन के लिए पेश किया खास ऑफर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**अजमल** परफ्यूम में उत्सव का मतलब आपके लिए अविस्मरणीय अनुभव तैयार करना है। किसी अन्य प्रोडक्ट के विपरीत, सुगंधों में यादों और भावनाओं को ताजा रखने की खास क्षमता होती है जो हमेशा हमारे जहन में बनी रह सकती है। अजमल परफ्यूम, 70 से अधिक वर्षों की यादों को गढ़ने का पर्याय है। शादी और त्योहारों के सीजन में अजमल परफ्यूम्स ने सुगंधों की विस्तृत रेंज के साथ एक अनूठा फेस्टिव ऑफर पेश किया है जो ग्राहकों को न केवल अच्छा महसूस करने बल्कि खुद को एक खूबसूरत सपने की तरह महकने के लिए अपनी स्टाइल बनाने का मौका देता है।

शादी और त्योहारों के इस मौसम में, अजमल परफ्यूम्स खास विवाह समारोहों के लिए उपभोक्ताओं की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए 16 बेहतरीन और सबसे आकर्षक सुगंधों को पेश कर रहा है। विशेष रूप से, वियोला, अरिस्टोक्रेट हिम एंड हर, सैक्रिफाइस, और इवोक गोल्ड एडिशन वेडिंग वियर के साथ लगाने के लिए एकदम सही सेंट हैं, जबकि लव म्यूज, ईयरन और इमल्स शादी के दिन के फंक्शनों में बढ़िया काम करते हैं। कॉस्मिक चार्म, बैस्टियन, सोलफुल ट्रान्स, और ड्रीमी डेज इवनिंग वियर के लिए बढ़िया पिक्स हैं जबकि टाइटेनियम, इटरनल रेडिएंस और एसेंड करीबी दोस्तों और परिवार के साथ पार्टियों के लिए आकर्षक विकल्प हैं। भारत में, अजमल परफ्यूम्स ने परफ्यूम को एक किफायती श्रेणी बना दिया है और 600 रुपये से शुरू होने वाली कीमतों के साथ परफ्यूम रेंज की एक विस्तृत रेंज पेश करके ग्राहकों के लिए एंट्री बैरियर को कम कर दिया है। अजमल परफ्यूम्स द्वारा पेश किया गया फेस्टिव ऑफर, परफ्यूमरी की कला को उपभोक्ताओं की इच्छा के अनुसार सुलभ बनाने की प्रतिबद्धता है। त्योहारी डील्स के बीच, उपभोक्ता चुनिंदा अजमल परफ्यूम स्टोर्स से सभी अजमल परफ्यूम की खरीद पर फ्लैट 20 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकते हैं। जीसीसी और दुनिया भर में 240 से अधिक रिटेल दुकानों के साथ ब्रांड की एक मजबूत रिटेल उपस्थिति है। अजमल परफ्यूम्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उपस्थित है, यह वर्तमान में दुनिया भर में 45 से अधिक देशों को निर्यात कर रहा है, और चुनिंदा 30 ग्लोबल ड्यूटी फ्री स्थानों और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के माध्यम से इसकी एक विशेष उपस्थिति है।

भारत में, अजमल परफ्यूम्स विभिन्न चैनलों पर बिक्री के 3000 से अधिक प्वाइंट मॉडर्न ट्रेड,जनरल ट्रेड, मल्टी ब्रांड आउटलेट और खुद स्वामित्व वाली रिटेल शॉप पर उपलब्ध है। ई-कॉमर्स में, अजमल परफ्यूम्स 40 से अधिक साइटों पर मौजूद है, जो सबसे बड़े सिंगल-ब्रांड परफ्यूमरी हाउस में से एक है।

# किताब लवर्स द्वारा 15 से 19 तक बुक फेयर दिल्ली हाट, पीतमपुरा में आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**सस्ती** कीमत पर किताबें बेचने में माहिर दिल्ली स्थित स्टार्टअप किताब लवर्स द्वारा शहर में पांच दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। पुस्तक मेला गुरुवार (15 दिसंबर) को दिल्ली हाट, पीतमपुरा में शुरू होगा और 19 दिसंबर को समाप्त होगा। पांच दिवसीय कार्यक्रम में 20 से अधिक शैलियों से लेकर 10 लाख से अधिक नई और पहले से पसंद की गई किताबें शामिल होंगी। किताब लवर्स बुक फेयर को जो खास बनाता है, वह इसका अभिनव लोड द बॉक्स कॉन्सेप्ट है, जिसमें मेले में आने वाले ग्राहक एक बॉक्स के लिए एकमुश्त भुगतान कर सकते हैं और बॉक्स को उतनी ही किताबों से भर सकते हैं, जितनी बॉक्स में हो सकती है।

बॉक्स 1199 रुपये से लेकर 2999 रुपये तक तीन साइज में उपलब्ध हैं। मेले के बारे में बात करते हुए किताब लवर्स के सह-संस्थापक राहुल पांडे ने कहा, हम अपने गृह नगर दिल्ली में पुस्तक मेले की मेजबानी करके खुश हैं। इस साल शहर में यह हमारा दूसरा कार्यक्रम है, और हम वापस आकर बहुत खुश हैं। हमारा पुस्तक मेला सबसे सस्ती कीमत पर किताबें प्रदान करता है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पुस्तक पाठकों की एक विस्तृत श्रृंखला की सेवा करता है। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक, चाहे ग्राहक रहस्य, स्वयं सहायता, रोमांस, या कथा साहित्य में हों, हमारे पास सभी के लिए एक किताब है। भारतीयों की किताब पढ़ने की आदतों के बारे में बात करते हुए, हरप्रीत ने कहा, विशेष रूप से आज के डिजिटल युग में, किताब पढ़ने की आदत में भारी गिरावट आई है। जबकि इंटरनेट और सोशल मीडिया हमें जबरदस्त मनोरंजन प्रदान करते हैं, वे कभी भी उस ज्ञान की संपत्ति को प्रतिस्थापित नहीं कर सकते जो एक अच्छी किताब पेश कर सकती है। हम अधिक लोगों, विशेष रूप से माता-पिता से हमारे पुस्तक मेले में भाग लेने का आग्रह करते हैं, हमारे पास प्रदर्शित पुस्तकों को ब्राउज़ करें, और देखें कि क्या आप फिर से पढ़ने के प्यार में पड़ सकते हैं। 2019 में अपनी स्थापना के बाद से, किताब लवर्स ने पूरे भारत के 20 शहरों में 50 से अधिक पुस्तक मेलों की मेजबानी की है।

# मेडिक्स ग्लोबल और एमपॉवर ने भारत में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को कम करने के लिए सहयोग किया

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ



**मानसिक** स्वास्थ्य समस्याएं दुनिया भर में लगातार बढ़ रही हैं और ये तेजी से वैश्विक महामारी का रूप ले रही हैं। वैश्विक स्वास्थ्य प्रबंधन कंपनी, मेडिक्स ने आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की एक पहल एवं भारत में मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रणी, एमपावर के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है।

मेडिक्स 300 से अधिक इन-हाउस चिकित्सकों की टीम और दुनिया के 4,500 से अधिक अग्रणी स्पेशलिस्ट्स के वैश्विक गुणवत्ता मान्यता-प्राप्त नेटवर्क के साथ लाखों ग्राहकों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को प्रभावी तरीके से पूरा करता है और एमपावर के पास 600 से अधिक अनुभवी मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनल्स की मजबूत क्षमता है जिसने वैज्ञानिक दृष्टि से प्रामाणिक, विश्वस्तरीय हस्तक्षेप तकनीकें उपलब्ध कराकर 121 मिलियन से अधिक लोगों की जिंदगी को सकारात्मक रूप में प्रभावित किया है। इस महत्वपूर्ण साझेदारी के अंतर्गत, मेडिक्स इंडिया एमपॉवर की मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को अपने विभिन्न देखभाल कार्यक्रमों में शामिल करेगा, अपने ग्राहकों और भागीदारों को उपलब्ध कराएगा जिनमें प्रमुख बीमाकर्ता, कॉर्पोरेट नियोक्ता और अन्य हितधारक शामिल हैं, और एमपावर क्लीनिक एवं वर्चुअल मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ कराएगा। इस साझेदारी के माध्यम से एमपावर ज्ञान और सेवा भागीदार के रूप में मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के साथ मानसिक स्वास्थ्य सहायता चाहने वाले रोगियों को विभिन्न प्रामाणिक मानसिक स्वास्थ्य समाधान और उपचार प्रदान करेगा, जबकि मेडिक्स गुणवत्ता सुनिश्चितता, लक्ष्य-निर्धारण रणनीतियों, नैदानिक तरीकों, डिजिटल मानसिक एवं शारीरिक आकलन और परिणामों के माप व विश्लेषण आदि के लिए अभिनव उपकरण में अपनी वैश्विक विशेषज्ञता का उपयोग करेगा और इस प्रकार, भारत में अब तक की मानसिक देखभाल के स्वरूप एवं मूल्यांकन को नया आकार प्रदान करेंगे।

एमपावर की संस्थापक और चेयरपर्सन, डॉ. नीरजा बिड़लाने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा, एमपावर हमेशा से भारत में मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और यह साझेदारी इस क्षेत्र में एक बार फिर से भारत में एक चेंज मेकर के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करने के लिए बढ़ाया गया एक और कदम है। मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक कारकों के बीच जटिल परस्पर क्रिया के कारण विभिन्न चिकित्सीय स्थितियों वाले लोगों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आम हैं, इस प्रकार मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण घटक हैं। इस सहयोग के जरिए एक ही मंच पर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विकल्प चुनने की सुविधा प्रदान कर रोगियों को समग्र समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है।

हम आशा करते हैं कि इस तरह के सहयोग भारत में समग्र स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में एक नए अध्याय की शुरुआत करेंगे और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को समान महत्व प्रदान करते हुए आगे के शोध, जुड़ाव, पहुंच को प्रोत्साहन देंगे और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करेंगे।


# बीके अस्पताल : जमीन में धसने लगी है नई बनी सड़क

**कविता । फरीदाबाद**

### 61 लाख की लागत से बनी सड़कें एक साल में ही लगी खराब होने

### घटिया मैटेरियल और बेहतर बेस न होने के कारण खराब हो रही सड़कें

**200 बैड** के बीके सिविल अस्पताल में ओपीडी, अपातकालीन और अन्य वार्डों में करीब 3000 मरीज रोज आते हैं। अस्पताल में कोविड-19 अस्थाई अस्पताल, दो ऑक्सीजन प्लांट और कोरोना तथा डेंगू जांच प्रयोगशालाएं भी है। इन दिनों अस्पताल भवन की मरम्मत हो रही है। अस्पताल की सड़कों का निर्माण वर्ष 2021 में पूरा हो चुका है। लेकिन एक वर्ष से पहले बनी नई सड़कों की हालत खराब होने लगी है। पायनियर ने जब इस विषय में विशेषज्ञों से बात की तो पता चला कि बेहतर बेस न बनने से बनी इंटरलॉकिंग टाइलों की सड़के जमीन में धस रही हैं। वहीं घटिया मैटेरियल के कारण तारकौल की सड़के खराब हो रही है। सड़कों से 10 दिनों में ही मैटरियल उखड़ना शुरू हो गया था। अस्पताल में सड़क निर्माण के दौरान अनशनकारी बाबा रामकेवल ने सवाल खड़ें किए थे कि 10 दिनों के भीतर ही सड़क का मैटेरियल उखड़ने लगा है। पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़कों पर घटिया मैटेरियल लगाया गया है। पीडब्ल्युडी के जेई संजीव ने उस समय पायनियर को बताया कि था कि सड़क पर फाइनल लेयर बाकी है, जल्दी ही पूरा किया जाएगा। मैटेरियल एकदम ठीक है। काम पूरा न होने के कारण दिक्कते आ रही है। लेकिन अब सड़कों की हालत कुछ ओर ही बयां कर रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा किस तरह से काम किया गया है कि एक वर्ष में ही सड़के धंसने और उखड़ने लगी है।


जगह-जगह से उखड़ी सड़क और धसी हुई सड़क का दृश्य

**61 लाख का बजट :** एक वर्ष में जो सड़के उखड़ रही है। उन्हें बनाने के लिए 61 लाख रुपये का बजट लगा हुआ है। जिसमें तारकोल के अलावा इंटरलॉकिंग टाइलों की सड़के बनी हैं। बीके में बनी सड़कों की फोटो भेजकर जब पायनियर संवाददाता ने विशेषज्ञों से बात की तो उन्हें देखकर आरोप लगाया है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाया गया मैटेरियल पूरी तरह से खराब है। वहीं इंटरलॉकिंग टाइल के लिए बना बेस भी मजबूत नहीं है और टाईले भी हल्की हैं। वहीं इनके साइड में बाउंड्री वॉल भी ठीक नहीं लगाई गई है। उनका कहना है कि इसकी जांच करवाई जाए तो यहां लगे सस्ते मैटेरियल का राज खुल जाएगा।

# जिले में गुड गवर्नेंस, शिक्षा और स्वच्छता का ऑनलाइन सिस्टम प्रदेश में बनेगा नम्बर वन

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

### ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली प्लेट फार्म की गाइडलाइन अनुसार तकनीकी रूप से प्ले स्कूलों और सरकारी स्कूलों में पैरामीटर के अनुरूप हो रहा है बेहतर क्रियान्वयन

**डीसी** विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में गुड गवर्नेंस, शिक्षित हरियाणा और बनेगा स्वच्छ फरीदाबाद की ऑनलाइन सिस्टम प्रणाली में फरीदाबाद प्रदेश में नम्बर वन आया है। आपकों बता दें कि प्रदेश में गुड गवर्नेंस में तीन बैच एक साथ सबमिट किए गए हैं। इनमें ई-बीन का सारा डाटा इक्कठा करके रिसाइकिलिंग कर राजस्व भी जैनरेट किया जाएगा। इसके लिए 9वीं से 12वी कक्षाओं के विद्यार्थियों को वर्कशॉप करके ट्रेनिंग दी जाएगी। इसी कड़ी में गौरव ऐप वाईएमसीए और जिला प्रशासन प्राइवेट पार्टनर शीप (पीपीपी) पर कार्य करेंगे।

शिक्षित हरियाणा परियोजना जिला फरीदाबाद में 2014 शुरू की गयी थी। जिसके परिणाम स्वरूप फरीदाबाद जिला में दसवीं कक्षा का परिणाम 37 से 60 प्रतिशत पहुंच गया। कोविड के दौरान डेढ लाख विद्यार्थियों को ऑनलाइन जोड़कर शिक्षा दी गई थी। इसी कड़ी में कोविड के बाद स्मार्ट क्लासेस के जरिये विद्यार्थियों को टेबलेट के माध्यम से शिक्षित हरियाणा एजुकेशन कान्टेक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को फ्री में यूट्यूब और पोर्टल पर लैक्चर दिए जा रहे हैं। ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली प्लेट फार्म की गाइड लाइन अनुसार तकनीकी रूप से प्ले स्कूलों और सरकारी स्कूलों में पैरामीटर के अनुरूप बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। जिला में सरकारी स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाओं, स्मार्ट साला ऐप के माध्यम से बच्चों को पढ़ाना और उनके शब्दकोश भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

हरियाणा सरकार की ऑनलाइन शिक्षा प्लेट फार्म प्रणाली के हिदायतों के अनुसार तकनीकी रूप से प्ले स्कूलों और सरकारी स्कूलों में पैरामीटर के अनुरूप बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। छुट्टियों के दौरान बच्चों को व्हाट्सएप ग्रुप पर होमवर्क भेजना, रीडिंग कैंपेन को बच्चों तक पहुंचाना, टैबलेट से कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की ऑनलाइन पढ़ाई करवाना शामिल रहा हैं। डिजिटल बोर्ड को अभिभावकों को दिखाना, सीटीएमएम पर कक्षा कक्ष को चार्ट पेपर से डाक्टरेट करना शामिल किया गया। अभिभावकों के स्वागत के लिए विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई का ध्यान रखना, शौचालय की साफ-सफाई एवम पीने के पानी की उत्तम व्यवस्था करना शामिल रही।



इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग की प्ले स्कूलों की ऑनलाइन आधुनिक शिक्षा प्रणाली की भी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार रोजाना 2 घंटे उड़ान कार्यक्रम से बच्चों को पढ़ाना, एफएलएन के माध्यम से बच्चों को खेल खेल में पढ़ाई करवाना, कार्यक्रम सुपर 100 के बारे में बच्चों को बताना, बोर्ड कक्षाओं की एक्स्ट्रा क्लास और मासिक परीक्षा से अवगत करवाना शामिल है। इसके अलावा अभिभावकों को बच्चों को दिए जाने वाले टेबलेट के बारे, अवसर दीक्षा एप ऑन लाइन कक्षाओं के बारे में बताना, स्मार्ट साला ऐप के माध्यम से बच्चों को कहानी पढ़ाना और उनके शब्दकोश में वृद्धि करना सहित अन्य पहलुओं पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियो से विस्तार पूर्वक जानकारी जा रही है। स्कूलों में कालेजों के बीईएड करने वाले प्रशिक्षणाधीन भावी शिक्षको से कार्य करवाने बारे भी विस्तार पूर्वक सुझाव सांझा किए जा रहे हैं।

ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली प्लेट फार्म विद्यार्थियों को यूट्यूब चैनल के जरिए दी जा रही हैं। आनॅ लाइन शिक्षा में फरीदाबाद को नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफार्म के बेहतर क्रियान्वयन के लिए 2000 वीडियो बनाए गए हैं। बच्चों को ऑनलाइन वही वीडियो दी दिए जा रहे हैं। स्मार्ट क्लासेज कैसे लेनी है। एनसीआरटी के हिदायतों के अनुसार फिजिक्स और कोड कौन-कौन से लगाए गए हैं बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। नई शिक्षा नीति के बेहतर क्रियान्वयन के लिए 4000 लेक्चर भी तैयार किए गए हैं।

# नर्स आत्महत्या मामले में पूर्व सहकर्मी पर केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**डीसीपी** सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना खेड़ीपुल प्रभारी इंस्पेक्टर सुभाष व उनकी टीम ने एकॉर्ड हॉस्पिटल में नर्स कविता की आत्महत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम आशीष है जो गुड़गांव के सिध्रावली गांव का रहने वाला है।

5 दिसंबर को कविता ने पलवली गांव में स्थित एकॉर्ड हॉस्पिटल के हॉस्टल में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक नर्स कविता के परिजनों की शिकायत के आधार पर कल आरोपी के खिलाफ खेड़ीपुल थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें मृतिका के परिजनों ने आरोपी द्वारा कविता पर शादी का दबाव बनाने की बात कही थी। मृतिका के परिजनों ने बताया कि मरने से पहले कविता ने बताया था कि आशीष उसे बहुत परेशान कर रहा है और उस पर शादी करने का दबाव बना रहा है। शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की गई जिसे गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी की आयु करीब 35 वर्ष है और वह एशियन हॉस्पिटल में नर्सिंग का काम करता है। आरोपी पिछले करीब 3-4 साल से कविता को जानता था। कविता तथा आशीष इससे पहले गुड़गांव के एक हॉस्पिटल में नर्सिंग का काम करते थे। इसके पश्चात कविता फरीदाबाद के एकॉर्ड हॉस्पिटल में नौकरी करने लगी तथा आरोपी आशीष एशियन हॉस्पिटल में नर्सिंग का कार्य करने लगा। आरोपी काफी समय से कविता पर शादी करने का दबाव बना रहा था परंतु एज डिफरेंस ज्यादा होने की वजह से कविता शादी के लिए मना कर रही थी। पुलिस जांच में सामने आया कि कविता द्वारा आत्महत्या करने से पहले आरोपी ने कविता के नंबर पर दर्जनों बार फोन किया था। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।


आरोपी आशीष।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों की मेहनत को सराहा


जिला शिक्षा अधिकारी को कप देते एमबीपी स्कूल के बच्चे।

**फरीदाबाद।** मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने गत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी मुनेष चौधरी को अपने स्कूल की प्रयोगशाला में बने कप भेंट किये। डीईओ के संग ही बच्चों ने एक कप बीईओ मनोज मित्तल को भी भेंट किया। इन कपों पर डीईओ और बीईओ की फोटो लगी हुई थी। बच्चों के द्वारा बनाए गए इस कम कीमत के सब्लीमेशन पेपर कप बनाने की उपलब्धि पर डीईओ मुनेष चौधरी और बीईओ मनोज कुमार ने स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार और प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार और बच्चों को बंधाई दी। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कम कीमत पर बने इस मुश्किल कप की सराहना की। उन्होंने बच्चों को और भी ऐसे ही प्रोजेक्ट तैयार करते रहने का आर्शीर्वाद दिया है। उन्होंने इस मौके पर बच्चों को प्रोत्साहित भी किया। मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के बच्चें जब जिला शिक्षा अधिकारी और बीईओ से मिले, तो उन्होंने कप की विशेषताओं के बारे में बताते हुए उन्हें उनके फोटो लगे हुए कप भेंट किए। बच्चों से जिला शिक्षा अधिकारी बहुत प्रभावित हुई। इस कप को बनाने में श्रुति जिंदल, साक्षी चौहान, कोमल पंडित और युग कालरा का अहम योगदान रहा।

### अंतरराष्ट्रीय बॉक्सरों को किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** 11 दिसंबर से 14 दिसंबर 2022 तक करवाई गई तीसरी सीनियर हरियाणा स्टेट मैन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल वाले दिन मुख्य अतिथि महर्षि दयानंद एजुकेशन सोसायटी के प्रधान आनंद मेहता रहे। विशेष अतिथि रहे द्रोणाचार्य अवॉर्डी महावीर सिंह, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर व भीम अवॉर्डी सुनील सिवाच, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विनोद बुन, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर बिजेंदर, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर प्रवीण मोर, अंतर्राष्ट्रीय महिला बॉक्सर मीना, अंतर्राष्ट्रीय महिला बॉक्सिंग कोच छोटा लोरा, अंतर्राष्ट्रीय एथलीट अजय सांगवान रहे। इन सबका सम्मान अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर व ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ राजीव गोदारा व द्रोणाचार्य बॉक्सिंग ट्रस्ट के अधिकारियों ने किया। देर रात तक प्रतियोगिता के मुकाबले जारी रहे। इस बारे में डॉ. राजीव गोदारा ने बताया कि बेस्ट बॉक्सर गौरव सोलंकी रहे। समाचार लिखे जाने तक स्टेट चैपिंयन बनने का फाइनल मुकाबला जारी है।

### किशोरी से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला थाना बल्लभगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर इंदु बाला की टीम ने आरोपी द्वारा 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी को बिहार से काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार योगेंद्र उर्फ जोगेंद्र बिहार के छाता का निवासी है। आरोपी सेक्टर 6 में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। 16 वर्षीय लड़की के पिता की शिकायत पर 22 अक्टूबर 2022 को आरोपी के खिलाफ महिला थाना बल्लबगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़ित लड़की के बीमार होने बीके हॉस्पिटल ले जाने पता चला कि वह 22 सप्ताह की गर्भवती है। पूछताछ करने पर लड़की ने आरोपी की हरकत के बारे में बताया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम गठित की गई। एएसआई सविता की अगुवाई में पुलिस टीम ने बिहार से आरोपी को बिहार से काबू कर लिया।

### तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर शुरू



**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद संस्कार शाखा द्वारा राजकीय माध्यमिक वरिष्ठ स्कूल सेक्टर 7 और 8 फरीदाबाद में कक्षा 6 से 9 तक के बच्चों के लिए तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का पहले दिन की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई उसके बाद वंदे मातरम गीत संस्कार शाखा के उपस्थित सदस्यों और शिविर में भाग लेने वाले स्कूल के बच्चों ने मिलकर गया। शाखा सदस्या किरन शर्मा ने देशभक्ति गीत देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखे बच्चों को सिखाया। शिविर संयोजिका कल्पना अग्रवाल द्वारा बच्चों को संस्कृत में प्रस्तावना श्लोक सिखाये गए और उनका मतलब भी बताया गया। शिविर के पहले दिन भारत विकास परिषद की क्षेत्रिय और महिला एवं बाल विकास मंत्री निधि जैन भी शिविर में उपस्थित रही। उनके शानदार उद्बोधन के बाद उन्होंने बच्चों से बहुत ही रोमांचक प्रश्नोत्तरी की और बेटियों को गुड टच और बैड टच और उनकी सुरक्षा के विषय से संबंधित बहुत ही सुन्दर और अच्छी बातें उन्हें बतायी। शाखा सचिव विनीता गुप्ता के साथ शाखा की महिला सदस्यों ने क्षेत्रीय मंत्री निधि जैन को पटका पहना कर उनका स्वागत सत्कार किया। शिविर की संयोजिका प्रतिमा गर्ग द्वारा गुरु और शिष्य के बीच समन्वय और इसी विषय से संबंधित एक बहुत ही सुन्दर गीत बच्चों को सिखाया गया। शाखा की सदस्या रजनी अग्रवाल जी द्वारा लड़कियों को फूलों से और रंगों से बहुत ही सुन्दर रंगोली बनाना सिखाया गया। संस्कार शाखा की महिला संयोजिका सुनीता रानी द्वारा बच्चों को प्लास्टिक बोतल की ईंट कैसे बनाई जाती है और उसको कहां और कैसे इस्तेमाल कर सकते है इसकी जानकारी भी दी गई।

### महिलाओं से छेड़छाड़ करते पांच मनचले काबू

**फरीदाबाद।** महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने लड़कियों पर कमेंटबाजी करते 5 मनचलों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए मनचलों ने विकास, अरविंद, सतीश, अभिषेक और हिमांशु का नाम शामिल है। काबू किए आरोपियों की उम्र लगभग 20 से 22 वर्ष है। कोई युवक पढ़ाई करता है, कोई प्राइवेट नौकरी तो कोई धियाड़ी मजदूरी करने का काम करता है। नवयुवकों को सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में लड़कियों को परेशान करते हुए काबू किया गया है। पुलिस आयुक्त ने महिलाओं को परेशान करने वाले युवाओं पर शिकंजा कसने के लिए ऑपरेशन मजनू की शुरुआत की थी जिसके तहत फरीदाबाद पुलिस बहुत बेहतरीन कार्य कर रही है। महिलाओं को तंग करने वाले मनचलों को पकड़ने के लिए महिला पुलिस सादी वर्दी में स्कूल कॉलेज, पार्क इत्यादि स्थानों के आस-पास मौजूद रहती है और जहां कहीं भी कोई युवक महिला को परेशान करते या उसपर कमेंट करते हुए दिखाई देता है तो उन्हें काबू करके थाने लाया जाता है और उनके परिजनों को बुलाकर उनके द्वारा की गई हरकत के बारे में जानकारी दी जाती है जिसकी वजह से वह युवक अपने परिजनों के सामने शर्मिंदा महसूस करता है जिसके परिणामस्वरुप वह दोबारा ऐसी हरकत करने की कोशिश नहीं करता।

### कन्या भ्रूण लिंग जांच करने वालों पर करें कार्रवाईः डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम ने कहाकि कहा कि गर्भ में कन्या भ्रूण हत्या हमारे समाज पर एक कलंक है और इसका जड़मूल से उन्मूलन करने के लिए हमें सक्रियता से प्रयास करने चाहिए। उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज बुधवार को जिले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत होने वाली गतिविधिओं की समीक्षा की गयी। उपायुक्त विक्रम ने डिप्टी सीएमओ डॉ गजराज को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही करें। पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारी मिल कर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करें। अवैध लिंग जांच में लिप्त अपराधियों को पकड़ने के लिए जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुखबिर योजना लागू की गई है।

# अक्षय ऊर्जा के स्त्रोतों को बढ़ाना जरूरी

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन डे पर आयोजित किए गए विशेष कार्यक्रम में अक्षय ऊर्जा के स्त्रोतों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर फोकस करने का संदेश दिया।

जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि ऊर्जा की खपत के विषय में भारत इस दशक के अंत तक विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बन जाएगा। ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है। वैकल्पिक ऊर्जा के उत्पादन और संरक्षण को लेकर उदासीनता एक बड़ी चुनौती है। भारत में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस लोगों को ऊर्जा के महत्व के साथ ही साथ बचत, और ऊर्जा की बचत के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण बारे में जागरुक करना है। ऊर्जा संरक्षण का अर्थ है ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को कम करके कम ऊर्जा का उपयोग कर ऊर्जा की बचत करना है।



# कश्मीर दौरे के लिए जेसी बोस के नौ विद्यार्थियों का चयन

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों कश्मीर से जुड़े विषयों एवं मुद्दों की वास्तविक स्थिति के अध्ययन के लिए कश्मीर जायेंगे। विश्वविद्यालय के नौ विद्यार्थियों का चयन कश्मीर के अध्ययन दौरे के लिए हुआ है।

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हाल ही में पंचकूला में इंडियन मीडिया सेंटर, हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् एवं जम्मू-कश्मीर अध्ययन केन्द्र, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 7 से 9 दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय कश्मीर अध्ययन कार्यशाला में हिस्सा लिया था। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को कश्मीर एवं संविधान की धारा 370 की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 70 से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डा. पवन सिंह मलिक ने बताया कि तीन दिवसीय कश्मीर अध्ययन कार्यशाला में विद्यार्थियों को कश्मीर के भूगोल, इतिहास, क्षेत्र की कठिनाइयों, कश्मीर एवं भारतीय मीडिया, लद्दाख मुद्दा और जम्मू-कश्मीर के भविष्य को लेकर विशेषयज्ञों द्वारा गहन चर्चा की गई, जिससे विद्यार्थियों को कश्मीर से जुड़े अहम पहलुओं को जानने का अवसर मिला।


कश्मीर अध्ययन दौरे के लिए चयनित विद्यार्थी कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग तथा विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक।

## संरक्षक विकास कार्यक्रम का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद में भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट व डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के साथ संबद्ध 13 से 14 दिसम्बर 2022 को दो दिवसीय संरक्षक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट से सुधीर कुमार दत्त मुख्य प्रशिक्षण सूत्रधार रहे। श्रीमती बिंदु अग्रवाल एवं अनुपम अवस्थी ने इस कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। उन्होनें गुरु-शिष्य परम्परा को जीवंत रखने और एक गुरु को पथप्रदर्शक बनकर अपने शिष्य का भविष्य संवारने के लिए किन-किन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए, किस तरह उनके खास गुणों को निखारना चाहिए, और उन्हें जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

# गरीबों को उजाड़ने पर तुली है प्रदेश सरकार : बलजीत कौशिक

### झुग्गीवालों ने कांग्रेसी नेता के नेतृत्व में सौंपा राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन

**प्रवीन शर्मा । फरीदाबाद**

**बाईपास** रोड पर बसी हुई झुग्गी वासियों को फ्लैट देने की मांग को लेकर बुधवार को फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक के नेतृत्व में सेक्टर-17-18 बाईपास रोड निवासियों ने महामहिम राज्यपाल के नाम जिला उपायुक्त विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान जिला उपायुक्त कार्यालय के गेट पर लोग कौशिक के साथ बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि प्रशासन सड़क के चौड़ीकरण हेतु बाईपास पर बनी झुगिगयों को तोड़ रहा है, जिसके चलते इस सर्दी के मौसम में सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं और सड़कों पर आ गए हैं, लोगों ने बताया कि कड़ाके की सर्दी में बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे बिना आशियाने ठिठुरने को मजबूर हो रहे है, लेकिन उन्हें कोई राहत प्रशासन द्वारा नहीं दी गई है। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा गरीबों को उजाड़ने का काम किया है, पिछले आठ सालों में बढ़ती महंगाई से जहां लोग त्राहि-त्राहि कर रहे है वहीं अब सरकार गरीबों के आशियाने भी छीन रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोगों को बसाने का काम किया है। कौशिक ने कहा कि प्रशासन ने इस झुगगीवालों को बेघर करके उनके साथ अन्याय किया है, अगर सरकार इन्हें बेघर कर रही है तो कम से कम इनके रहने का इंतजामात करें ताकि यह लोग सड़कों पर न आए। बलजीत कौशिक ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन व सरकार से झुगगीवासियों को फ्लैट दिए जाने की मांग की और कहा कि अगर इनके आशियानों की व्यवस्था जल्द नहीं की गई तो बड़ा जनांदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर नवाजुद्दीन प्रधान, अनीफ प्रधान, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद गुस्किन, संजय झा, अवतार सिंह, इकबाल खान, जुबेर खान, कन्हैया, रामबीर, जाकिर, याकूब, फिरोज, मोहम्मद, नर्गिस, अमीर, मोहम्मद फिरोज, राकेश, मनोज, फिरोज खान, पप्पू, हुसैन आजाद, मोहम्मद अली आदि लोग मौजूद थे।


सेक्टर-12 लघु सचिवालय के बाहर तोड़फोड़ के विरोध में प्रदर्शन करते हुए।

## सेव अरावली को लेकर किया लोगों को जागरूक

**फरीदाबाद।** अरावली पर्वतमाला में सरकार द्वारा किए जा रहे कचरे के डंप को लेकर नन्ही सृष्टी गुलाटी ने किया लोगों को जागरूक किया। अरावली पर्वतमाला फरीदाबाद के लिए कितनी जरूरी है यह तो हम सभी को पता है। अरावली पर्वतमाला से फरीदाबाद में बहुत हरियाली भी है। सरकार द्वारा अरावली पर्वतमाला में कूड़े के डंप को लेकर लोगो मे गुस्सा है। लोग अपने स्तर पर इसका विरोध भी कर रहे है। लोगो का कहना है जिस तरह बंधवाड़ी में कूड़े का पहाड़ खड़ा हो गया है। वहा पर वन्य जीवो का भी बुरा हाल है। इसके साथ ही भूमिगत जल भी दूषित हो रहा है। वह पर अब कूड़े डालने की जगह नही बची है। अब सरकार कूड़े के डंप को लेकर एक नई रणनीति लाई हैं। अरावली पर्वतमाला के पास कूड़े को डाला जाए। इसका सभी विरोध कर रहे हैं। अपने स्तर पर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इन्ही में से एक है फरीदाबाद की सबसे छोटी समाज सेविका ओर रिकॉर्ड गर्ल सृष्टी गुलाटी। जो अपने पिता के साथ मिलकर अनोखे अंदाज में सभी को जागरूक कर रही है। नन्ही सृष्टी गुलाटी का कहना है कि अरावली में कचरा घर हरगिज नहीं बनने देंगे।

# आठ जनवरी को मनाएंगे लाडली लोहड़ी उत्सव


बेटी बचाओ अभियान की बैठक में भाग लेते संस्था के सदस्य।

**पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद**

**बेटी** बचाओ अभियान की बैठक सेक्टर 11 कार्यालय में राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद की अध्यक्षता में हुई। सबसे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा ने संस्था द्वारा जिला उपायुक्त को श्रद्धा कांड को फास्ट ट्रैक पर चलाने के ज्ञापन का ब्यौरा बैठक में सभी सदस्यों को बताया और कहा कि उस ज्ञापन पर आगे कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति कार्यालय से संपर्क करके उचित कार्रवाई की प्रार्थना की जायेगी।

संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि 8 जनवरी 2023 को सेक्टर 10 में 21 लाडलियों की लोहड़ी लाडली जन्म उत्सव के रूप में मनाई जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन लाडलियों की पहली लोहड़ी है उन्हें स्मृति चिन्ह देकर उनकी लोहड़ी यादगार बनाई जायेगी। उन्होंने कहा कि लाडलियों की लोहड़ी मनाने की प्रथा हमारी संस्था ने 2005 में देश में सबसे पहले आरम्भ की थी और लगातार हर वर्ष लाडली लोहड़ी उत्सव मनाकर समाज को यह संदेश देते हैं कि मां लक्ष्मी के रूप बेटी का स्वागत करके घर में खुशियां आती हैं। चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा व शीतल लूथरा ने कहा कि जब से हमारी संस्था ने लाडलियों की लोहड़ी मनाने की प्रथा को आरम्भ किया है तब से समाज भी जागृत हुआ है और अपने घरों में बेटी जन्म पर लोहड़ी को उत्सव के रूप में मनाता है और अब तो किन्नर भी लाडली जन्म पर शगुन मांगने आने लगे हैं। राष्ट्रीय महासचिव रजत लाम्बा ने कहा कि इस वर्ष हम सभी त्योहार लाडलियों के नाम से मनायेगें और अगली बैठक में आने वाले सभी त्योहारों पर चर्चा की जायेगी।

# तवांग में झड़प

## करारा जवाब


**तवांग** में चीनी सैनिकों के दु:साहस के कारण झड़प हुई, पर भारतीय सैनिकों ने करारा जवाब देकर उनको वापस खदेड़ दिया। पिछले सप्ताह तवांग में वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच सैनिक झड़प थोड़े ही समय में समाप्त हो गई। भारत ने मामला आगे बढ़ाने की इच्छा नहीं प्रदर्शित की और चीन ने भी कहा कि 'स्थिति कुल मिला कर स्थिर बनी हुई है।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद में घटना का विवरण देते हुए कहा, चीनी सैनिकों ने अरुणांचल प्रदेश में एलएसी का उल्लंघन कर 'एकपक्षीय रूप से यथास्थिति बदलने' का प्रयास किया। हमारे सैनिकों ने चीनियों को अरुणाचल प्रदेश में जमीन पर कब्जा करने से रोका तथा 'चीनी सैनिकों को उनकी चौकियों पर लौटने के लिए मजबूर किया।' कुछ भारतीय सैनिक घायल हुए, पर उनमें से कोई गंभीर नहीं है और किसी भारतीय सैनिक की मृत्यु भी नहीं हुई है। राजनाथ सिंह ने बताया कि झड़प में अनेक चीनी सैनिक भी घायल हुए। भारतीय सेना ने अपने बयान में कहा कि 'दोनों पक्ष क्षेत्र में फौरन टकराव समाप्त करने पर सहमत हुए।' इस बीच सरकार ने झड़प के बाद राजनयिक प्रयास तेज कर दिए हैं। बीजिंग ने भी झड़प को ज्यादा महत्व नहीं दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, 'चीन भारत सीमा पर स्थिति समग्र रूप से स्थिर है।' उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्षों के बीच 'सीमा मुद्दे पर राजनयिक व सैनिक माध्यमों से सतत संवाद बना हुआ है।' यह जान कर अच्छा लगता है कि दोनों पक्षों ने टकराव को शांत करने का प्रयास किया है, लेकिन हमें कुछ तथ्य अवश्य याद रखने चाहिए। पहला, यह



चीन की रणनीति का हिस्सा है कि भारत के साथ सीमा को अस्पष्ट बनाए रखा जाए ताकि वह भविष्य में अपनी इच्छानुसार भारतीय जमीन के किसी भी हिस्से पर दावा कर सके। चीन ने अब म्यांमार के नाम वाले बर्मा के साथ 1960 में मैक्मोहन रेखा स्वीकार कर ली थी, पर उसने जिद कर दुष्टतापूर्वक भारत के साथ लगी सीमा स्वीकारने से इनकार कर दिया। दूसरा, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अनेक प्रकार के संकटों का सामना कर रहे हैं। उनकी मूर्खतापूर्ण 'शून्य कोविड' नीति के कारण देश भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। अपनी तमाम लफ्फाजी व आक्रामकता के बावजूद वे ताइवान को नीचा दिखाने में विफल रहे जिसने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पैलोसी को आमंत्रित करने का साहस दिखाया। इसके साथ ही चीन में आर्थिक प्रगति धीमी पड़ रही है तथा पश्चिमी देश बीजिंग को अब ज्यादा स्पेस देने के पक्ष में नहीं हैं। ऐसे में जनता का ध्यान प्रशासन की विफलता से हटाने तथा उसमें अति-राष्ट्रवादी भावनायें भड़काने के लिए सीमा पर टकराव शुरू करने से अच्छा और कुछ नहीं है। तीसरा, भले ही तवांग झड़प को अपनी जनता का ध्यान हटाने की शी जिनपिंग की इच्छा के रूप में देखा जाए, पर इसे भारत के खिलाफ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी द्वारा छेड़े 'निरंतर युद्ध' के रूप में भी देखा जाना चाहिए। सभी जानते हैं कि कम से कम निकट पड़ोस में चीन भारत को अपना प्रतिद्वंद्वी मानता है और उसे यथासंभव हर तरीके से सीमित रखने व संकुचित करने का प्रयास करता है। उसने दुश्मन पड़ोसियों से हमें 'घेरने' का प्रयास किया है। उत्तर-पश्चिम में पाकिस्तान और अब तालिबान-शासित अफगानिस्तान, श्रीलंका में जासूसी जहाज, नेपाल में बीजिंग-मित्र राजनेता, आदि इसके हिस्से हैं। चौथा, चीन एक असहनशील दुश्मन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लीक से हट कर शी जिनपिंग से मित्रता के प्रयास किए थे। दोनों नेताओं के बीच आमने-सामने 18 बैठकों में मुलाकात हुई, पर गलवान झड़प ने इन सब पर पानी फेर दिया। उम्मीद थी कि बाली में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई संक्षिप्त मुलाकात से रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलेगी। लेकिन अब यह समझने के लिए किसी सबूत की जरूरत नहीं है कि भारत को चीन से हमेशा किसी नई परेशानी की ही आशंका बनी रहेगी।

# नेपाल में जारी राजनीतिक गतिरोध


नेपाल में हुए हालिया चुनाव में किसी पार्टी को बहुमत न मिलने के कारण नेपाल में राजनीतिक गतिरोध की स्थिति बनी हुई है।



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

वर्ष 2015 में नया संविधान लागू होने के बाद 20 नवंबर को नेपाल में हुए बहुदलीय चुनाव अपने आप में खास हैं। पहली बार नेपाल में संघीय व प्रांतीय चुनाव एकसाथ हुए जिनमें कई स्वतंत्र पार्टियों के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधनों, उम्मीदवारों व विद्रोही उम्मीदवारों ने भाग लिया। नए संविधान द्वारा निर्धारित मिश्रित चुनावी व्यवस्था में चार बैलट पेपरों पर मतदान सरल नहीं था जिसमें से पहला 'पास्ट द पोस्ट' तथा दूसरा समानुपातिक प्रतिनिधित्व के लिए था। इस जटिल व्यवस्था में विभिन्न पार्टियों व गुटों के एकजुट होकर गठबंधन बनाए बिना स्पष्ट बहुमत प्राप्त करना कठिन है। हालांकि, 2017 में नेपाल की कई कम्युनिस्ट पार्टियों ने विलय कर नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी का गठन किया था। इससे चुनाव में उनका वर्चस्व स्थापित करना संभव बनाया था। लेकिन इस बार किसी एक पार्टी ने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटाई।

नेपाल के इस चुनाव ने 2017 में हुए स्थानीय चुनावों की प्रवृत्ति तोड़ दी जब अपनी एकजुटता के कारण कम्युनिस्टों ने काठमांडू की संसद तथा 6 या 7 प्रांतों में विजय पाई थी। इस बार परिणाम बिखरे हुए थे जिसमें अनेक आयामों का योगदान है। इस बार स्वतंत्र पार्टियों, जैसे राष्ट्र स्वतंत्र पार्टी व परंपरागत मधेसी पार्टियों को पीछे छोड़ कर मधेसियों की जनमत एवं नागरिक उन्मुक्ति पार्टी का तेजी से विकास हुआ। नेपाल में पिछले वर्षों में सत्ता समीकरण तेजी से बदले हैं जिसके परिणामस्वरूप इस चुनाव में किसी बड़े गठबंधन को बहुमत का 138 का आंकड़ा नहीं मिला है। नेपाली कांग्रेस का नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री एस.बी. देउबा तथा सीपीएन-यूएमएल का नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली ने किया। देउबा के गठबंधन में पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड की माओवादी, पूर्व प्रधानमंत्री माधव नेपाल




की यूनीफाइड सोशलिस्ट, महंत ठाकुर की लोकतांत्रिक जनता समाजवादी पार्टी तथा चित्रबहादुर के.सी. की राष्ट्रीय जन मोर्चा शामिल थी। एनसी गठबंधन की मूल घटक उपेंद्र यादव की जनता समाजवादी पार्टी पाला बदल कर यूएमएल गठबंधन में शामिल हो गई थी, जबकि उसके स्थान ठाकुर साब आ गई थी। आश्चर्य नहीं कि सीपीएन-यूएमएल को सबसे ज्यादा 28,45,641 वोट मिले और वह पीआर की 34 अतिरिक्त सीटों पर कब्जा करने में सफल हुई। इसके बाद नेपाली कांग्रेस-एनसी को 27,15,225 वोट तथा 32 पीआर सीटें मिलीं।

सत्ता बनाने के लिए उठापटक का खेल एक सप्ताह पहले शुरू हुआ और अनुमान लगाया जा रहा था कि राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी किसे सदन में बहुमत सिद्ध करने के लिए आमंत्रित करेंगी। प्रचंड को माओवादियों के खराब प्रदर्शन से बहुत निराशा हुई है जो केवल 32 सीटें जीत सके, जबकि उन्होंने कम से कम 45 सीटें जीतने की उम्मीद लगाई थी। इसी प्रकार नेपाली कांग्रेस अपनी 32 सीटों में 57 का योगदान कर 89 सीटें लाने में सफल हुई। वह 91 सीटों पर चुनाव लड़ी थी जिसमें उसे 57 सीटें मिलीं। सीपीएन-यूएमएल 165 सीटों में से 141 सीटों पर लड़ी थी जिसमें उसे केवल 44 सीटें मिलीं, जबकि 34 पीआर सीटों को मिला कर उसकी संख्या 78 हो गई। इस प्रकार यूएमएल गठबंधन को 104 सीटें मिलीं, जबकि एनसी की संख्या 136 है। प्रचंड की माओवादी तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है जिसकी संख्या 2008 के चुनावों से लगातार घटती जा रही है। उसकी संख्या 329 से घट कर 83 व बाद में 51 तथा अब 32 रह गई है। चुनाव-पूर्व समझदारी के अनुसार यदि प्रचंड को 44 या उससे अधिक सीटें मिल जातीं तो एनसी व माओवादी प्रचंड के साथ सत्ता का साझा कर पहले ढाई साल शासन करते और बाद में कमा श्रीमती देउबा या अर्जु रानी देउबा को सौंप देते। कहा जाता है कि इस साल उन्होंने भाजपा के विजय चौथीवाला को राखी बांधी थी जो पार्टी के विदेश प्रकोष्ठ के प्रमुख हैं। नेपाल में लोगों का मानना है कि सत्ता में साझा अस्थिर गठबंधनों को स्थिर बना देता है।

प्रचंड की लेनदेन की शक्ति बढ़ाने के लिए माओवादी अपने आसपास नजरें गड़ाए हैं। पिछले सप्ताह पार्टी के उपाध्यक्ष के.बी. महरा ने घोषणा की थी कि माओवादी 'सारे विकल्प खुले' रखेंगे, लेकिन अगले ही दिन पार्टी यह कह कर पीछे हट गई कि वह एनसी गठबंधन में बनी रहेगी तथा उसने ठाकुर साब को छोड़ कर गठबंधन साझीदारों के साथ एक प्रेस वक्तव्य पर हस्ताक्षर भी किए। ऐसा लगता है कि माओवादियों के समर्थक व शुभचिन्तक प्रचंड को प्रधानमंत्री बनाने के लिए सक्रिय हैं और रेशम चौधरी के नेतृत्व वाली नागरिक उन्मुक्ति पार्टी को साथ ला कर पार्टी का असर बढ़ाना चाहते हैं। हालांकि, रेशम चौधरी पिछले पांच साल से काठमांडू जेल में बंद हैं, पर उनकी पार्टी को तीन सीटें मिली हैं व एक स्वतंत्र उम्मीदवार उनके साथ है। इन चार लोगों में चौधरी की पत्नी और पिता शामिल हैं।

इसके साथ ही स्वतंत्र उम्मीदवार प्रभु शाह के उनके साथ आने की उम्मीद है जो पूर्व माओवादी हैं तथा बाद में ओली के साथ चले गए थे। मधेस नायक डा.सी.के. राउत का उभार आश्चर्यजनक है जिन्होंने उपेंद्र यादव का सफाया कर दिया। वे देउबा व प्रचंड से मिल चुके हैं और उनके पास 6 सीटों का दावा किया जाता है। 'आनलाइन खबर' के अनुसार प्रचंड को 60 विधायकों का समर्थन प्राप्त हैं। अब 21 सीटों वाले राबी लामछेने ने देउबा के समर्थन का प्रस्ताव किया है जिनको गोपनीय रूप से अपने अन्य साझीदार तलाशने होंगे। एनसी में प्रधानमंत्री पद के अनेक दावेदार हैं जिनमें देउबा के साथ शेखर कोइराला व गगन थापा शामिल हैं। आखिरकार, हमेशा की तरह अनुभव नौजवानों पर भारी पड़ेगा और देउबा के छठी बार एनसी संसदीय पार्टी का नेता बनने की आशा है।

हालांकि, अन्य विकल्प भी मौजूद हैं। पहला, ओली ने अपने धुर-विरोधी प्रचंड को सत्ता में साझे का प्रस्ताव किया है। 2018 से 2021 तक ओली और प्रचंड के बीच नेतृत्व के लिए तगड़ी लड़ाई चली जिससे पार्टी विभाजित हो गई। लेकिन ऐसा लगता है कि ओली अब पुराना आह्वान भूल गए हैं कि 'प्रचंड को कभी प्रधानमंत्री नहीं बनने देंगे।'

लेकिन अब यह विश्वास दिलाने का प्रयास हो रहा है कि ओली प्रचंड को प्रधानमंत्री बना देंगे। कुल मिला कर लगता है कि नेपाली कांग्रेस-एनसी गठबंधन स्थाई सरकार बनाने के लिए एक व्यापक गठबंधन बनाने का प्रयास कर रही है। नेपाल का नया संविधान किसी भी सरकार को इस प्राविधान के माध्यम से सुरक्षा प्रदान करता है कि दो साल तक उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता है। नेपाली पत्रकार मुझसे पूछते हैं कि भारत किसे नेपाल का प्रधानमंत्री बनाना चाहता है? मेरा जवाब यही होता है कि जिसे गठबंधन चुनेगा। भारत नेपाल में प्रधानमंत्री के चयन में कोई 'माइक्रो-प्रबंधन' वाला काम नहीं करेगा।

नेपाल के नए प्रधानमंत्री को पहला निर्णय भारतीय सेना में सैनिक भर्ती की नई 'अग्निवीर' योजना के बारे में लेना होगा। भारतीय सेना में बड़ी संख्या में नेपाली नागरिक भर्ती होते रहे हैं। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पिछले सप्ताह हिमाचल प्रदेश में भाजपा की चुनावी हार का एक कारण यह योजना भी है।

# नीतीश की मंशा : कितनी हकीकत, कितना फ़साना



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)

नीतीश कुमार ने फिर एक बार बिहार की बागडोर अपने डिप्टी तेजस्वी यादव को सौंपने की बात कही है और साथ ही यह भी कहा कि 2025 का विधान सभा चुनाव युवा यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। 'बिटवीन द लाइन्स' जो बात है वह रहस्यात्मक भी है और नीतीश के वक्तव्य में छिपी इरादों को अमली जामा पहनाने पर सवालिया निशान भी लगाती है। नीतीश कुमार कहने के लिए तो कहते हैं कि वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार नहीं है और वह अगले लोकसभा चुनाव में सिर्फ भाजपा की हार सुनिश्चित करना चाहते हैं। लेकिन यह अर्ध सत्य है या शायद आंशिक सत्य। नीतीश कुमार की पीएम बनने की महत्वाकांक्षा अब किसी से छिपी नहीं है और इस बारे में नीतीश क्या कहते हैं इसका कोई महत्व नहीं है। महत्व इस बात का है कि वह करते क्या हैं। क्या कर रहे हैं और क्या करने की सोच रहे हैं।

लगभग छह महीने पहले जब नीतीश कुमार ने दूसरी बार भाजपा के विश्वास और गठबंधन की पीठ पर छूरा मारा था तो उसके फौरन बाद ही उनकी महत्वाकांक्षा उनके कृत्यों से परिलक्षित होने लगी थी। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को लेकर वह तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिले थे। हालांकि राजनीतिक प्रेक्षकों का कहना है कि मुलाकात नीतीश कुमार की भावी योजनाओं को देखते हुए तसल्लीबख्श नहीं रही।

तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव यानि केसीआर को उन्होंने पटना बुलाकर राष्ट्रीय फलक पर खुद के लिए समर्थन जुटाने की पटकथा लिखी और उस पर अमल भी किया। बहरहाल केसीआर के साथ नीतीश कुमार की संयुक्त प्रेस वार्ता ने उनके इरादों को तब झटका दिया जब केसीआर नरेंद्र मोदी के विकल्प के लिए विपक्ष के नाम को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देने पर अड़े रहे जबकि नीतीश कुमार उन्हें रोकते हुए बार-बार प्रेस वार्ता को समाप्त करने का संकेत करते रहे। यह प्रेस वार्ता न केवल नीतीश कुमार के संदर्भ में वरन सम्पूर्ण विपक्ष की परस्पर अविश्वास व असमंजस के धरातल को इंगित करती नजर आयी।

चलिए अब लौटते हैं तेजस्वी यादव को उत्तराधिकारी बनाने की नीतीश की घोषणा पर। नीतीश ने 2025 में तेजस्वी के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कही है लेकिन उसके पहले 2024 का लोकसभा चुनाव आएगा जिसके मद्देनजर नीतीश कुमार ने एक बार फिर अपने अपने आलोचकों की शब्दावली में 'पलटी कुमार' बनने को जोखिम उठाया है। क्या नीतीश कुमार



पीएम बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए देश भर में सियासी भ्रमण के पहले तेजस्वी को बिहार की सत्ता सौंप देंगे? क्या नीतीश कुमार सीएम पद के प्रोटोकॉल और प्रतिष्ठा को त्याग कर नरेंद्र मोदी का विकल्प बनने निकलेंगे? यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि नीतीश कुमार अपने शब्दों को अमली जामा कब पहनाते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा व नरेंद्र मोदी के हाथों मुंह की खाने के बाद नैतिकता का आवरण ओढ़ते हुए नीतीश कुमार ने सत्ता दलित समुदाय के जीतन राम मांझी को सौंप दी थी लेकिन कुछ ही महीनों के बाद फिर मांझी को हटाकर सीएम बन बैठे थे। बहरहाल नीतीश कुमार आज जीतन राम मांझी का प्रकरण दोहराने की हालत में नहीं है। उनकी पार्टी जद(यू) के विधायकों की संख्या महज 41 है जबकि राजद विधायकों की संख्या 76 है। तेजस्वी यादव अगर जद (यू) को छोड़ भी दें तो भी उन्हें अन्य सहयोगियों के साथ सरकार चलाने के लिए केवल आठ दस विधायकों के समर्थन की जरूरत होगी।

जाहिर है कि अगर नीतीश कुमार सत्ता तेजस्वी को सौंप कर लोकसभा के समर में कूदते हैं और परिणाम अनुकूल न आने पर उनके लिए अपने दल को विघटन से बचाना आसान नहीं होगा। बेहतर भविष्य के लिए उनके विधायक राजद या भाजपा की ओर रुख कर सकते हैं। हाल ही में कुढ़नी और कुछ समय पहले मोकामा विधान सभा उपचुनाव में भाजपा की जीत ने नीतीश की चिंताओं को अवश्य बढ़ाया है।

पहले से ही विश्वसनीयता के संकट से जूझ रहे नीतीश कुमार खुद भी अपने वक्तव्यों से इसे और गहरा ही कर रहे हैं। उदाहरण के लिए उन्होंने हाल ही में कहा कि बीते विधान सभा चुनाव में गठबंधन के बावजूद भाजपा ने जद(यू) प्रत्याशियों को हराने में मदद की हालांकि सभी जानते हैं कि यह काम लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान कर रहे थे और खुले आम घोषणा कर के कर रहे थे। और अगर भाजपा ने जद(यू) को हराने का काम किया तो फिर भी नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ गठबंधन खत्म करने के बजाय उसकी मदद से सीएम बन कर कौन सी अवसरवादिता का परिचय दिया। और फिर दो साल बाद इसे तोड़कर अवसरवादिता का एक नया इतिहास रच डाला।

जाहिर है कि नीतीश कुमार ने तेजस्वी को बिहार की बागडोर देने की बात कर सियासी हल्कों में उत्सुकता पैदा कर दी है। उत्सुकता उनके अपनी घोषणा पर अमल करने से ज्यादा इसकी टाइमिंग को लेकर है। नीतीश कुमार कब कमजोर पड़ती अपनी सत्ता का परित्याग करेंगे? क्या ऐसा कर वह पीएम बनने की अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने निकलेंगे या महत्वाकांक्षा के किसी किनारे लगने के बाद ऐसा करेंगे ? और करेंगे भी या नहीं।

राजद के साथ सरकार चलाने पर जंगल राज की अवधारणा की चुनौती तो मौजूद है ही लेकिन जो सवाल नीतीश कुमार के लिए ज्यादा चुनौती व चिंता का कारक है वह है शराब बंदी का। बिहार में शराब बंदी लागू करने वाले नीतीश कुमार इसे सफल बताते हैं लेकिन अवैध जहरीली शराब से होने वाली मौतें शराब बंदी के क्रियान्वयन पर सवाल खड़ा करती हैं। राजद व जद (यू) के भीतर भी जब तब शराब बंदी को लेकर मतभेद व असंतोष के स्वर उभरते रहते हैं। शराब बंदी को लेकर नीतीश कुमार को आने वाले दिनों में गम्भीर चुनौती का सामना करना पड़ सकता है और हो सकता है कि इसको लेकर महा गठबंधन के मतभेद भी सतह पर आ जाएं।

## आप की बात

### छात्रों में अवसाद

**कोटा** कोचिंग सिटी में अपना भविष्य संवारने के लिए कोचिंग इंस्टिट्यूट में अध्ययन करने और हॉस्टल में रहने वाले अंकुश यादव, उज्जवल और प्रणव वर्मा ने पिछले दिनों पढ़ाई के दबाव से अवसाद में आकर आत्महत्या कर ली। इससे पूर्व भी इसी तरह अवसाद में आकर विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या के मामले होते रहे हैं। इन गंभीर घटनाओं पर सोचने को मजबूर होना स्वाभाविक है. 16-17 साल की उम्र कोमल और बहुत ही कम समझ की होती है। इसपर पढ़ाई का बोझ, कॅरियर की चिंता, पेरेंट्स की ख्वाइश, कोचिंग इंस्टिट्यूट का दबाव, हॉस्टल की व्यवस्था, परिवार से दूर रहने की सिकनेस आदि ऐसे प्रमुख कारण हैं जिसके इर्द-गिर्द बच्चा साल-दो साल या इससे भी अधिक समय तक अध्ययनरत विद्यार्थी घूमता रहता है. घर से बाहर रहकर यदि बच्चे अध्ययन कर रहे हैं तो दोस्तों, पेरेंट्स, हॉस्टल संचालक व इंस्टीटूशन्स की जवाबदारी रहती है कि अगर ज़रा भी बच्चा तनाव या अवसाद में नजर आये या किसी से भी पता लगे या आभास हो तो उसे उससे दूर करने के प्रयास किये जाने चाहिए, क्योंकि ये क्षणिक एक जूनून होता है। अगर उसे दूर कर दिया जाए तो अवश्य उसके उठते गलत कदम को रोका व अनहोनी को टाला जा सकता है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### भाजपा को चुनौती

**नीतीश** कुमार के द्वारा बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को उत्तराधिकारी घोषित किए जाने के बाद बिहार की राजनीति ने ऐतिहासिक करवट ली है. जनता दल यूनाइटेड के नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीजेपी को टारगेट करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 विपक्ष बनाम एनडीए होने वाला है। बिहार की राजनीति में यदि तेजस्वी यादव का कद बढ़ता है तो यह स्पष्ट है कि बिहार में भाजपा को चुनौती बड़ी मिलने वाली है. सत्ता के गलियारों में यह चर्चा का विषय बन चुकी है कि तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री कब बनेंगे। यह भी देखना बेहद महत्वपूर्ण है कि यदि नीतीश कुमार ने बीड़ा उठा लिया है कि विपक्षी एकता को मजबूत करना है और भाजपा को उखाड़ फेकना है तो नीतीश कुमार राष्ट्रव्यापी दौरे पर कब निकलेंगे। नीतीश कुमार को उत्तर प्रदेश से सबसे बड़ा समर्थन मिला है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नीतीश कुमार के द्वारा जारी विपक्षी एकता मुहिम को जोरदार समर्थन दिया है इसलिए बिहार की 40 सीटें और उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर विपक्ष मजबूत होती है तो यह निश्चित है कि भाजपा को 2024 में विपक्षी एकता के सूत्रधार नीतीश कुमार की बड़ी चुनौती मिलने वाली है।

– **वीके जाटव**, नई दिल्ली

### सरकार ध्यान दे!

**इंदौर** सहित मध्य प्रदेश के कई शहरों में युवाओं द्वारा टू व्हीलर को टैक्स के रूप में उपयोग कर रोजगार शुरू किया गया था, मगर पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जबकि हमारे देश के सभी नगरों महानगरों में सड़कों की चौड़ाई तो उतनी ही है. मगर वाहनों की संख्या 10 गुना हो जाने से हर जगह बल्कि छोटे-छोटे कस्बों तक में ट्रैफिक जाम की स्थितियां बनती रहती है. ऐसे में यदि टू व्हीलर टैक्सी को मध्य प्रदेश सहित देश के सभी राज्य मान्यता दे, तो जहां लाखों पेशियोंको रोजगार प्राप्त होगा वही सवारियों को विशेष तौर से सिंगल सवारी को सस्ती परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। सड़कों पर ऑटो रिक्शा औरतों का दबाव कम होगा, जिससे प्रदूषण में कमी आने के साथ ही बड़ी मात्रा में ईंधन की बचत हो सकेगी। और शासकीय मान्यता मिल जाने के बाद इन पर किसी प्रकार की हेलमेट नहीं होगी। साथ ही टू व्हीलर टैक्सी के लिए खुद के लिए व सवारी के लिए हेलमेट और टैक्सी चालकों को विशेष कलर की ड्रेस [खाकी ड्रेस] अनिवार्य करने के साथ टू व्हीलर के किराए भी निर्धारित कर दिए जाएं।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मोदी** की हत्या के लिए तैयार रहें, हत्या का अर्थ उनको पराजित करना है।

– **राजा पटेरिया**
पूर्व कांग्रेस मंत्री

**जनता** व कांग्रेसियों को नरेन्द्र मोदी की हत्या के लिए उकसाना अत्यधिक गंभीर व निन्दनीय है।

– **वी.डी. शर्मा**
भाजपा सांसद





**राहुल** गांधी 2024 में प्रधानमंत्री बनेंगे।

– **बी.वी. श्रीनिवास**
यूथ कांग्रेस अध्यक्ष

# आइकिया उप्र में खोलेगी रिटेल स्टोर व लग्जरी मॉल्स

● यूएई से मिले 20 हजार करोड़ के 25 लेटर ऑफ इंटेंट

● बेल्जियम का जेमिनी कॉर्पोरेशन वाराणसी में 200 करोड़ का करेगा निवेश

## 4000 करोड़ के निवेश का दिलाया भरोसा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** का योगी मॉडल पूरी दुनिया को पसंद आ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफस्टार्टिंग बिजनेस का जो मंत्र दिया है उसे पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है। यही वजह है कि विदेशों में भ्रमण कर रही टीम योगी को पूरी दुनिया से निवेश के भारी भरकम प्रस्ताव मिल रहे हैं। बेल्जियम, यूएई, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों से निवेशक भारत में लॉजिस्टिक एंड कॉर्गो, कृषि, पर्यटन, इन्फ्रास्ट्रक्चर रीन्यूएबल एनर्जी समेत कई क्षेत्रों में निवेश के ऑफर दे रहे हैं। इन निवेश प्रस्तावों के जरिए प्रदेश में लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

बेल्जियम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल के प्रयास रंग लाए और जेमिनी कॉर्पोरेशन के साथ 200 करोड़ रुपए का एक एमओयू साइन किया गया। औद्योगिक विकास मंत्री ने ट्वीट कर खुद यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि 1989 से सालाना 2 अरब किलो प्लास्टिक, कागज, टायर, धातु और लकड़ी की रिसाइक्लिंग करने वाली जेमिनी कॉर्पोरेशन के साथ एक एमओयू साइन किया गया जो वाराणसी में 200 करोड़ की लागत से 300 टन प्लास्टिक प्रति दिन का रीसाइक्लिंग प्लांट स्थापित करेगी। उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल की ओर से एसीएस नवनीत सहगल भी उपस्थित रहे। यह प्रतिनिधिमंडल बुधवार को एंबेसी के अधिकारियों के साथ स्वीडन के स्टॉकहोम में फर्नीचर और होम अप्लायंसेज व डिजाइन की लीडिंग कंपनी आइकिया के मैनेजमेंट से भी मिला। कंपनी के ग्लोबल एक्सपैंसन हेड जैन क्रिस्टीनसन ने 4 हजार करोड़ के निवेश की इच्छा जाहिर की। इस निवेश से कंपनी उत्तर प्रदेश में रिटेल स्टोर्स व लग्जरी मॉल खोलेगी। इस अवसर पर कंपनी की नोएडा में लगने जा रही यूनिट के अलावा उनकी भविष्य से जुड़ी निवेश योजनाओं पर चर्चा की गई। इससे पहले ये प्रतिनिधिमंडल फ्लांडर्स की सेक्रेट्री जनरल जूली बेनेंस से मिला और प्रदेश में बेलिज्यन बिजनेस के निवेश को लेकर बातचीत की। यूएई में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल को 20340 करोड़ रुपए के 25 लेटर ऑफ इंटेंट प्राप्त हुए हैं। इस निवेश के जरिए प्रदेश में 27 हजार नए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। प्रतिनिधिमंडल की डीपी वर्ल्ड के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात हुई। डीपी वर्ल्ड के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश के दादरी में लॉजिस्टिक और कॉर्गो के क्षेत्र में जॉइंट वेंचर में निवेश पर सहमति जताई। यही नहीं उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष कानपुर के करीब हाईवे और रेलवे कनेक्टिविटी वाली भूमि की भी जरूरत साझा की ताकि बड़ा लॉजिस्टिक प्लांट स्थापित किया जा सके। जॉइंट वेंचर के तहत 2 हजार एकड़ भूमि की आवश्यक्ता होगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की अगुवाई में कनाडा के निवेशकों को आकर्षित करने में जुटा प्रतिनिधिमंडल मांट्रियल में जेएमक्यू ग्लोबल के चीफमेंटर व को-फाउंडर हिलमी कुरैशी से मिला। इस दौरान राउंड टेबल मीटिंग पर निवेश संभावनाओं और योजनाओं पर चर्चा भी हुई। इस अवसर पर हिलमी कुरैशी ने हेल्थ टेक्नोलॉजी पर निवेश की इच्छा जाहिर की।

## उपमुख्यमंत्री ने जनसमस्याओं के निस्तारण का दिया आश्वासन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने अपने 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया। जनता दर्शन में बुजुर्ग, महिलाएं, पुरूष एवं दिव्यांग सहित सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायी। समस्याओं में मुख्य रूप से विद्युत, मार्ग चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, आवास दिलाने, अवैध कब्जा, कानून व्यवस्था, रास्ता खुलवाने, विकास कार्य, मारपीट, राजस्व, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता आदि थीं। जनता दर्शन में आये तमाम लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं एवं प्रार्थना पत्र भी लिये, साथ ही कई लोगों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में उपमुख्यमंत्री ने शासन के कई उच्चाधिकारियों, जिलाधिकारियो व पुलिस अधीक्षको सहित कई अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

## शिक्षकों को उपलब्ध कराई जायेगी एससीईआरटी की मैनुअल गाइड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी की अध्यक्षता में सभी अध्यापकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न हुयी। इस कार्यशाला में सभी अध्यापक एवं अधिकारीगण यूट्यूब के माध्यम से सम्मिलित हुये। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्यव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग में अवस्थापना की सुविधाओं के संतृप्तीकरण के लिए अंलकार प्रोजेक्ट, अधिगम स्तर की प्राप्ति के लिए एनईपी के अन्तर्गत शिक्षा अभियान, डेटा आधारित अनुश्रवण तथा डिजिटल एवं आनलॉइन शिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं को मार्च 2025 तक संतृप्तीकरण किया जाना है। अगले दो शैक्षणिक वर्षों में सभी माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी प्रयोगशाला और स्मार्ट कक्षायें संचालित की जायेंगी।

मंत्री ने कहा कि विद्यालयों में निर्मित अवस्थापना सुविधाओं को बनाये रखने के लिए मेरा विद्यालय, स्वच्छ विद्यालय हो लागू किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, जिम्मेदारी और देखभाल की भावना विकसित करना है। उन्होंने बताया कि मानव संपदा पोर्टल एवं एम. स्थापना मोबाइल ऐप पर आनलाइन समस्त प्रकार के अवकाश आवेदन प्रक्रिया जनवरी, 2023 तक पूर्ण किया जायेगा। शिक्षा के गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कक्षाओं में एससीईआरटी द्वारा तैयार शिक्षक मैनुअल गाइड उपलब्ध करायी जायेगी। एससीईआरटी द्वारा फरवरी से मार्च, 2023 के बीच सभी जिलों में डायट में उत्कृष्ट शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। दीक्षा पोर्टल के माध्यम से छात्रों को डिजिटल तकनीकि आधारित अध्ययन की सामग्री तैयार की जा रही है तथा शिक्षकों का आनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों का भविष्य शिक्षक के हाथों में होता है इसलिए शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभायें। उन्होंने बच्चों से कहा कि मेहनत करके परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। परीक्षाओं की तैयारी के लिए तकनीकों का सही इस्तेमाल करें। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अध्यापकों को सम्मान करने के लिए विभिन्न पुरस्कार योजनायें संचालित कर रही है। विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा रूपेश कुमार ने कहा कि माध्यमिक स्तर पर दिव्यांगों के लिए समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत कक्षा-8 उत्तीर्ण दिव्यांग विद्यार्थियों का निकटवर्ती विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## 21295 सिपाहियों को मिला प्रमोशन का तोहफा, बने हेडकांस्टेबल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस** महकमे की सबसे अहम कड़ी यानि सिपाहियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान के अनुमोदन के उपरांत नागरिक पुलिस के 21 हजार 295 सिपाहियों (कांस्टेबल) को मुख्य आरक्षी (हेड कांस्टेबल) के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई है। पुलिस मुख्यालय के डीआईजी स्थापना की ओर से इस संबंध में बुधवार को पदोन्नति के आदेश जारी किए गए हैं। डीजीपी मुख्यालय की ओर से उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को पिछले दिनों वर्ष 2011 तक भर्ती सिपाहियों की प्रोन्नति के लिए प्रस्ताव भेजे गए थे। भर्ती बोर्ड ने छह विभागीय प्रोन्नति समितियां बनाई थीं। इन समितियों ने एक-एक सिपाही की स्क्रीनिंग की। जानकारी के अनुसार मुख्यालय की ओर से भर्ती बोर्ड को पदोन्नति के लिए 21777 सिपाहियों की सूची भेजी गई थी। समितियों ने अपनी स्क्रीनिंग में इनमें से 21295 सिपाहियों को ही पदोन्नति के उपयुक्त पाया। समितियों की ओर से अपनी रिपोर्ट बोर्ड को सौंप दी गई। जिसके बाद भर्ती बोर्ड ने 21295 सिपाहियों को मुख्य आरक्षी के पद पर प्रोन्नत करने के संबंध में डीजीपी मुख्यालय को अपना प्रस्ताव भेजा था। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि इस पर डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने 14 दिसंबर को अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया।

**नए साल में पुलिस-पीएसी में होगी कांस्टेबल के 35757 पदों पर भर्ती:** नए साल में उत्तर प्रदेश में नागरिक पुलिस व पीएसी में कांस्टेबल तथा गओआयरमैन के 35757 पदों पर भर्ती होगी। डीजीपी मुख्यालय ने इन पदों पर भर्ती के लिए अधियाचन उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को भेज दिया है। इन पदों पर भर्ती का विज्ञापन अगले साल जनवरी या फरवरी माह में जारी होने की संभावना है।

## प्रदेश में आज मनेगा पहला निक्षय दिवस

● स्क्रीनिंग, जाँच, निक्षय पोषण योजना व परामर्श की मिलेगी सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**क्षय** एक जानलेवा बीमारी है जिसके कारण लाखों लोगों को प्रतिवर्ष जान गंवानी पड़ती रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व से क्षय उन्मूलन का लक्ष्य तय किया है। भारत के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए वर्ष 2025 तक ही देश से क्षय रोग उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए संचालित प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर गुरुवार यानी 15 दिसम्बर को पहला निक्षय दिवस मनाया जाएगा।

निक्षय दिवस मनाने को लेकर प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार आयोजन को सफल बनाने के लिए समुदाय में आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण कर टीबी और निक्षय दिवस के आयोजन के बारे में समुदाय को जागरूक कर चुकी हैं। स्वास्थ्य इकाइयों पर एलईडी के जरिये टीबी के बारे में जागरूकता सम्बन्धी फिल्म भी प्रसारित की जायेगी। निक्षय दिवस की उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर प्रदर्शित किया जाएगा। आशा कार्यकर्ता दो सप्ताह या अधिक समय से खांसी वाले, दो सप्ताह या अधिक समय से बुखार वाले, वजन में कमी वाले, भूख न लगने और बलगम से खून आने वाले संभावित टीबी मरीजों की सूची तैयार कर उन्हें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक लाने का कार्य करेंगी। कम्युनिटी हेल्थ आफिसर द्वारा मरीजों की प्रारम्भिक जांच के आधार पर एचआईवी, डायबिटीज और अन्य जांच सुनिश्चित की जाएंगी। इसके अलावा बलगम का नमूना लिया जायेगा और उसे निक्षय पोर्टल पर प्रिजमटिव आईडी बनाते हुए नजदीकी टीबी जांच केंद्र पर भेजा जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय कार्यक्रम के महाप्रबन्धक डॉ लक्ष्मण सिंह का कहना है कि निक्षय दिवस पर ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के सापेक्ष 10 प्रतिशत मरीजों की बलगम जांच सुनिश्चित की जायेगी। सीएचओ और आशा कार्यकर्ता द्वारा निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार.प्रसार भी किया गया है। सीएचओ जाँच में टीबी की पुष्टि वाले मरीजों के परिवार के अन्य सदस्यों की भी टीबी स्क्रीनिंग होगी। आशा कार्यकर्ता निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों के बैंक खाते का विवरण आशा संगिनी को देंगी और आशा संगिनी सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर को निक्षय पोर्टल पर दर्ज कराने को देंगी। इस दिवस पर प्राइवेट प्रैक्टिशनर को टीबी नोटिफिकेशन, कांटेक्ट ट्रेसिंग और फालोअप के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## जीएसटी छापों के लिए सरकार की गलत नीतियां जिम्मेदार: मायावती



**लखनऊ।** पिछले दिनों प्रदेशभर में पड़े जीएसटी छापों को लेकर बसपा अध्यक्ष मायावती ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों व कार्यशैली आदि का ही परिणाम है कि पहले से नए जीएसटी राज के जंजाल से पीड़ित व्यापारी वर्ग अब यूपी में छापेमारी से तंग व दुखी होकर बाजार बंद एवं आंदोलन करने को मजबूर हो रहे हैं, जिसका निवरण जरूरी है। मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि गरीबी, बेरोजगारी व महंगाई के इस कठिन दौर में लोगों की क्रय शक्ति काफी घट गई है। फिर भी गरीब व मजदूर वर्ग दैनिक उपयोग की वस्तुतओं पर भी जीएसटी की महंगी दर चुकाने को मजबूर है, किन्तु सरकार निश्चिंत है कि उसका जीएसटी कलेक्शन बढ़ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या ऐसी सोच उचित और जनहितैषी है ?

## भाजपा राज में गरीब-गांव की हो रही उपेक्षा: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अन्याय, महंगाई और भ्रष्टाचार ने लोगों का जिंदा रहना मुश्किल कर दिया है। किसान सबसे ज्यादा मुश्किल में है। कर्ज के दबाव में किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हैं। भाजपा सरकार की नीतियां किसान विरोधी और कुछ पूंजीपतियों और बड़े उद्योग घरानों के समर्थन में है। गरीब-गांव की भाजपा राज में हर तरह से उपेक्षा की जा रही है।

अखिलेश ने कहा कि नए सत्र में गन्ने की पेराई शुरू हो गई है लेकिन अभी तक भाजपा सरकार ने गन्ने का मूल्य तय नहीं किया है। गन्ना किसानों को अभी पिछले सत्र का भी बकाया भुगतान नहीं हुआ है। कायदे से तो किसान को गन्ना मूल्य के बकाया पर ब्याज भी मिलना चाहिए पर भाजपा सरकार मूलधन ही नहीं दे पा रही है जबकि भाजपा सरकार ने 14 दिन के बाद किसानों के गन्ना मूल्य पर ब्याज देने का वादा किया था। मिल मालिकों के दबाव में भाजपा सरकार किसानों से धोखा दे रही है। अखिलेश ने किसानों से धान की खरीद में भी सरकारी अफसरशाही खेल कर रही है। किसान लुट रहा है और बिचौलिए कमाई कर रहे हैं। किसान को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी भी नहीं मिल रहा है। केन्द्र की भाजपा सरकार ने एमएसपी पर अपनी नीति अब तक स्पष्ट नहीं की है जबकि भाजपा सरकार ने किसानों के पिछले बड़े आंदोलन के दौरान एमएसपी देने का आश्वासन दिया था। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने गेंहू और रबी की फसल की बुवाई के लिए डीएपी.यूरिया खाद के अलावा और अन्य कीट नाशक रसायनों की व्यवस्था करने में घोर लापरवाही बरत रही है। किसान आज मारा.मारा फिर रहा है। प्रदेश में खाद का संकट कम नहीं हो रहा है। किसानों को समय से खाद उपलब्ध न होने की वजह से बुवाई में देरी हो रही है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में खाद का समुचित इंतजाम था। बुवाई के मौसम से पूर्व ही खाद, कीटनाशक आदि की बेहतर व्यवस्था थी। भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है। भाजपा सरकार ने किसान की आय दोगुनी करने का वादा करने के बाद भी अपना वादा नहीं निभाया। अखिलेश ने कहा कि किसान को भाजपा सरकार बनने के दिन से ही धोखे पर धोखा मिल रहा है। उसकी कर्जमाफी नहीं हुई। एमएसपी नहीं मिली। सरकारी खरीद केन्द्रों में किसान का नहीं बिचौलियों और बड़ी कम्पनियों के कारिंदो का माल बिक रहा है। किसान की फसल तो औने.पौने दाम पर खरीद ली जा रही है। अखिलेश ने कहा कि अन्ना पशुओं पर नियंत्रण न होने से खड़ी सफल भी चौपट हो रही है। इसी सप्ताह कोंच जालौन में 40 वर्षीय देवेन्द्र अहिरवार बैंक और सूद खोरों के कर्ज से दु:खी किसान और बांदा में 22 वर्षीय पुष्पेन्द्र यादव ने फांसी लगाकर जान दे दी। इन मौतों के लिए भाजपा सरकार नहीं तो कौन जिम्मेदार होगा।

### सपा मुखिया ने व्यक्त किया शोक

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फिरोजाबाद में स्लीपर बस और डीसीएम की टक्कर में 6 लोगों की मौत पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। यादव ने घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ तथा मृतक परिजनों को उचित मुआवजा दिये जाने की मांग की है।

**सपा 23 को मनाएगी किसान दिवस:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का 120वां जन्मदिवस समारोह 23 दिसम्बर को किसान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। सपा प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के सभी जिला कार्यालयों पर सादगी के साथ कार्यक्रम आयोजित कर चौधरी चरण सिंह की भारतीय राजनीति में योगदान पर चर्चा के साथ उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया जाएगा।

## परिवहन विभाग ने 64.91 लाख रूपये का प्रशमन शुल्क वसूला

**लखनऊ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देशों के अनुपालन में परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम द्वारा ओवरलोड मालयानों के विरूद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही के तहत लखनऊ सम्भाग में प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। एक दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक की कार्यवाही के दौरान 189 ओवरलोड मालयानों का चालान एवं 151 वाहनों को बन्द किया गया। प्रवर्तन की इस कार्यवाही से कुल 64.91 लाख रूपये का प्रशमन शुल्क वसूला गया। उप परिवहन आयुक्त लखनऊ सम्भाग ने बताया कि परिवहन मंत्री के निर्देशों के अनुपालन में प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। प्रवर्तन की यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये हैं कि ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़क सुरक्षा प्रभावित होती है। सड़क पर एक्सीडेंट, सड़क की टूट-फूट भी होती है और जानमाल की क्षति भी होती है। परिवहन मंत्री ने कहा है कि ओवरलोड मालयानों के संचालन की नियमित जांच की जाए, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं के साथ-साथ जनहानि पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## तीसरी नजर में रखेगी सूबे के 16 शहरों पर नजर

● 5000 सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षित हुए शहर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ आजकल हर प्रबुद्धजन सम्मेलन में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को ट्रैफिक से जोड़ने और शहरों को सेफ सिटी बनाने की योजना पर जरूर बात करते हैं। वो कहते हैं की हमारे शहर अब स्मार्ट के साथ साथ सेफ भी हो रहे हैं। कोई अपराधी अगर एक चौराहे पर घटना को अंजाम देगा तो दूसरे चौराहे ओर पुलिस उसको ढेर कर देगी। मुख्यमंत्री की इसी मंशा को देखते हुए प्रदेश के 16 शहरों में तमाम विभागों और योजनाओं के तहत 5000 सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल किए गए हैं। ये कैमरे हर चौराहे, प्रमुख मार्गों, एक्सप्रेसवे और रेलवे व मेट्रो स्टेशन पर लोगों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। यह योजना केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा मिलकर शुरू की गई है। जहां केंद्र की ओर से कानपुर, लखनऊ, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली, झांसी, सहारनपुर और मुरादाबाद जैसे शहरों में सीसीटीवी इंस्टॉल करने के लिए केंद्र की ओर से मदद की गई है। वहीं अयोध्या,मथुरा-वृंदावन, फिरोजाबाद, मेरठ, शाहजहांपुर, गोरखपुर और गाज़ियाबाद में राज्य सरकार की ओर से अनुदान जारी किया गया है। इनके इंस्टालेशन में निजी कंपनियों का भी सहयोग लिया गया है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत जहां नगर विकास विभाग ने इंस्टालेशन की जिम्मेदारी संभाली तो वहीं एक्सप्रेसवे पर यूपीडा, टोल प्लाजा पर एनएचएआई रेलवे स्टेशन पर रेलवे और मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो प्रशासन की ओर से सीसीटीवी लगाए गए हैं। इन सबको इंटेग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम से जोड़ा गया है। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम की सिटी और स्टेट लेवल पर मॉनीटरिंग की जा रही है। उदाहरण के तौर पर कानपुर के इंटेग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम के जरिए 800 से ज्यादा कैमरों को कवर किया जा रहा है।

## नगर निकायों के साथ ही मिशन 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा

● सरकार और संगठन का पूरा ध्यान निकाय चुनावों पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देश** के किसी न किसी हिस्से में हर छठे-छमासे चुनाव होते रहते हैं। इस मद्देनजर भाजपा ने हाल के कुछ वर्षों में देश के सभी चुनावों की रणनीति व परिदृश्य को बदल दिया है। इसके अनुरूप विकास व जनकार्यों की बदौलत भाजपा संगठन व सरकारें 24 घंटे, 365 दिन चुनाव के लिए तैयार रहती हैं। प्रदेश में भी कमोबेश यही हालात हैं। लोकसभा की सर्वाधिक 80 सीटें होने से राजनीतिक रूप से यह सर्वाधिक अहमियत वाला राज्य है। लिहाजा यहां के हर चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूरा संगठन जीत सुनिश्चित करने के लिए खुद को झोंक देता है। इस बार निकाय चुनावों में भाजपा क्लीन स्वीप के इरादे से उतर रही है। लिहाजा तैयारियों को और पुख्ता करने एवं जीत सुनिश्चित करने के लिए गुजरात के नतीजे आने के तुरंत बाद संगठन एवं मुख्यमंत्री स्तर पर बैठक कर मुकम्मल रणनीति तैयार करने के साथ किसकी क्या जिम्मेदारी है? यह भी साफसाफ बता दिया गया। इस क्रम में पिछले दिनों बीजेपी की संगठनात्मक बैठक हो चुकी है। इसमें सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष, जिला प्रभारी और जिलाध्यक्ष भी शामिल थे। किसकी क्या जिम्मेदारी है? इस बाबत स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं। यह भी तय हुआ कि मुख्यमंत्री ने नगर निगमों के चुनावों के मद्देजर प्रबुद्धजनों से संवाद का जो सिलसिला शुरू किया है। उसे जारी रखते हुए हम जनसंपर्क पर भी खास जोर देंगे। इस तरह की बैठकों का क्रम अभी जारी रहेगा। बाद में संगठन और सरकार की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास और तेज गति से आगे बढ़े, इसके लिए ट्रिपल इंजन की सरकार जरूरी है। वह पहले ही नगर निगम चुनावों में क्लीन स्वीप का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। जिस जगह उन्होंने प्रबुद्ध सम्मेलन किए वहां लोकार्पण एवं शिलान्यास के जरिए विकास की सौगात देकर इस बाबत अपनी प्रतिबद्धता भी जताई। पिछले निकाय चुनावों में 16 नगर निगमों में से अलीगढ़ एवं मेरठ को छोड़ बाकी सभी जगहों पर भाजपा का महापौर चुना गया था। इस बार इरादा क्लीन स्वीप का है। 2017 की तुलना में बेहतर नतीजों और 2024 में आम चुनाव में मिशन 80 के मद्देजर मुख्यमंत्री कुछ बड़ी नगर पालिका परिषदों में भी प्रबुद्ध सम्मेलन कर सकते हैं। इन चुनावों में सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं ही प्रमुख मुद्दा होती हैं। यही वजह है कि नगरीय सुविधाओं में इजाफा करने के लिए सरकार भरपूर धन भी उपलब्ध करा रही है। 33700 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट में नई योजनाओं पर 14 हजार करोड़ रुपये खर्च का प्रावधान है। इसमें से अधिकांश रकम सड़क निर्माण और नागरिक सुविधाओं को बेहतर करने में खर्च होगी।

## निकाय चुनाव में महिलाओं को मिलेगी टिकट वितरण में वरीयता: प्रज्ञा सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं और विशेषकर महिलाओं को टिकट वितरण में वरीयता देगी। उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष व निकाय चुनाव प्रभारी महिला कांग्रेस मध्य जोन प्रज्ञा सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनाव को लेकर को लेकर पूरी तैयारी हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से सीख लेकर नगर निगम के चुनाव की तैयारी की जा रही है।

उत्तर प्रदेश की जनता कांग्रेस को अपना आशीर्वाद देने जा रही है। नगर निकाय चुनाव में यदि प्रदेश की जनता कांग्रेस को अवसर प्रदान करती है तो कांग्रेस पार्टी लोगों को आवास मुहैया कराएगी। प्रज्ञा सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में एक तरफ नगर निगम चुनाव की तैयारी चल रही है तथा वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा भी चल रही है।

भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में पूरे उत्तर प्रदेश में 11 दिनों की प्रादेशिक यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसका संचालन सभी प्रांतीय अध्यक्ष अपने-अपने जोन में कर रहे हैं। प्रांतीय अध्यक्ष हर जनपद में यात्रा निकालकर स्थानीय मुद्दा से अवगत होंगे। इस प्रादेशिक यात्रा के माध्यम से प्रियंका गांधी की बात भी प्रदेश के हर जनपद के नागरिकों तक पहुंच सकेगी नगर निगम निकाय चुनाव के लिए निष्ठा और लगन से लड़ेंगे। उन्होंने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के बेटी पढ़ाओ- बेटी बचाओ के नारे से आज शर्मिंदगी पैदा होती है आज उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा महिलाओं पर अपराध हुआ, अत्याचार बढ़े हैं।

## साठ लाख रुपए मूल्य की चरस के साथ बिहार के दो तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ लखनऊ मुख्यालय की सूचना पर वेस्ट यूपी की टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो तस्करों का मेरठ जिले से गिरफ्तार किया। इनके पास से बिहार से तस्करी कर लाई गई 60 लाख रुपए मूल्य की 12 किलोग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पकड़े गए तस्करों में बिहार के पश्चिमी चंपारण का रहने वाला अमित और बृजेश शामिल है। इन दोनों से गिरोह के समूचे नेटवर्क के बारे में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। मादक पदार्थों की तस्करी के रैकेट का नेस्तनाबूद करने के लिए अभिसूचना एकत्र कर रही लखनऊ स्थित एसटीएफ मुख्यालय को इस गिरोह के बारे में सूचना प्राप्त हुई। जिसे उन्होंने मेरठ में अपनी टीम के साथ साझा दिया। एसटीएफ की स्थानीय टीम ने छानबीन करने के बाद कैलाशी हास्पिटल तिराहा, कंकरखेड़ा से दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया।

## निर्माण कार्यों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: दयालु

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष एवं खाद्य सुरक्षा औषधि प्रसाधन (एमओएस) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने आज योजना भवन के सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी आयुर्वेद, युनानी एवं होम्योपैथ के चिकित्साधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन अस्पतालों का निर्माण कार्य चल रहा है उनकी गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाय। यदि किसी भी प्रकार की निर्माण कार्यों में लापरवाही पायी गयी तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि जिन अस्पतालों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उनकी सूची बनाकर मुख्यालय प्राथमिकता पर भेजें। आयुष मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि अस्पतालों के निर्माण के लिए अपने-अपने जनपदों में जमीन उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि सभी जिला प्रशासन एवं जन-प्रतिनिधियों से अनुरोध कर अस्पताल के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करें। उन्होंने अस्पताल के निर्माण के लिए दान देने वाले व्यक्तियों से, जो अपने माता-पिता के नाम पर अस्पताल निर्माण के लिए जमीन दान देना चाहते हैं, तत्काल सम्पर्क करने के भी निर्देश दिये। डॉ दयालु ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में दवाइयों की कमी न होने पाये। जिन अस्पतालों में दवाइयों की कमी हो उनकी सूचना तत्काल दें, ताकि दवाइयों की कोई कमी न हो सके, जिससे कि मरीजों को कोई असुविधा न होने पाये। आयुष मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी जनपदों में हेल्थ वेलनेस एवं योगा वेलनेस सेंटर सुचारू रूप से संचालित हों।

# गुजरात में सम्मानित हुई सीतापुर की शिक्षिका नौसीन बानो

● राष्ट्रीय गौरव शिक्षक सम्मान में देश के 172 शिक्षकों को किया गया सम्मानित

संवाददाता। सीतापुर

**भारत के** नवाचारी शिक्षकों के एक प्रतिष्ठित समूह टीम मंथन द्वारा गुजरात के ऊंझा में 11 दिसम्बर को आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी सह सम्मान समारोह में राष्ट्रीय गौरव शिक्षक सम्मान 2022 में पूरे भारतवर्ष के सभी प्रांतों से कुल 172 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश से 19 शिक्षकों को चयन कर सम्मानित किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जनपद सीतापुर से प्राथमिक विद्यालय विशुननगर खैराबाद की नौशीन बानो को। मुख्य अतिथि नवाचार के लिए लिम्का वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा चुके भावेश पंड्या, डॉ धर्मचंद आचार्य केकरी(राजस्थान), उमा डियुडी, (उत्तराखंड), ऊषा रानी(हरियाणा) एवं टीम मंथन के संस्थापक सदस्य शैलेश प्रजापति व नसीम खोखर भरूच ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र व उपयोगी पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया।विदित हो कि शिक्षिका अपनी विशिष्ट कार्यशैली के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कई सम्मानों से सम्मानित हो चुकी हैं। इस वर्ष इन्हें शैक्षिक आगाज़ द्वारा स्मार्ट टीचर,अभ्युदय वात्सल्य( देहरादून) द्वारा नवाचार शिक्षक सम्मान, ग्लोबल आइकॉन एजुकेशन एचीवर्स अवार्ड, राष्ट्रीय सरस्वती अवार्ड (बोधगया बिहार) आदि सम्मान प्राप्त हुए। विद्यालय में इनकी ससमय उपस्थिति, विद्यालय में नए-2 संसाधनों से बच्चों को दी जा रहीं शिक्षा, प्रार्थना सभा, आदि अनेकों ऐसे कार्य विद्यालय में किए जाते हैं।




## तालाब के किनारे पानी में मिली लापता राजमिस्त्री की लाश

**बरेली।** काम पर जाने के लिए घर से निकला एक राजमिस्त्री साइकिल समेत गायब हो गया कई दिनों बाद उसकी लाश घर से दूर तालाब के किनारे पानी में पाई गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव गुना हट्टू निवासी 55 वर्षीय हबीब पुत्र तुफैल अहमद की लाश कल शाम को इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव चावड मुड़िया में एक तालाब के किनारे पानी में पाई गई मृतक के घर वालों ने बताया कि हबीब अहमद राजमिस्त्री का काम करता था और 10 दिसंबर को रोजाना की तरह साइकिल से काम पर जाने के लिए घर से निकला था जाते समय उसने कहा कि वह काम खत्म करने के बाद एक रिश्तेदार के घर विवाह समारोह में शामिल होने जाएगा लेकिन वह घर वापस नहीं लौटा तो घर के लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी और ना मिलने पर घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## दुर्घटना में घायल ट्रक ड्राइवर की मौत

**बरेली।** तेजी से आ रहा एक ट्रक आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसा जिससे उसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।हाथरस जिले के हाथरस गेट थाना क्षेत्र के गांव टूकसान निवासी 32 वर्षीय तेजवीर सिंह की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि तेजवीर ट्रक का ड्राइवर था और कल सुबह जब वह अपने ट्रक में माल लाद कर शाहजहांपुर के रोजा पुलिस चौकी के पास पहुंचा तभी आगे चल रहे एक ट्रक के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे पीछे चल रहा तेजवीर का ट्रक आगे चल रहे ट्रक के पीछे से जा घुसा जिससे तेजवीर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## क्विक न्यूज

### नकली चायपत्ती के कारोबार का हुआ भंडाफोड़

**सीतापुर।** सीतापुर में बड़े पैमाने पर नकली चायपत्ती के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान नकली चायपत्ती और उसमें मिलाए जाने वाले रंग की खेप बरामद की है। टीम ने चाय पत्ती और कलर को सीज कर दिया है। टीम के मुताबिक सीज की गई चायपत्ती की कीमत लगभग डेढ लाख रूपए होगी। छापामार कार्रवाई के दौरान टीम ने 52 किलो कलर और लगभग दस कुंतल चाय बरामद किया है। चायपत्ती और कलर के नमूने को एकत्र करते हुए जांच के लिए भेज दिया है। सहायक आयुक्त अभय कुमार सिंह ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने नगर लहरपुर के मोहल्ला कटरा दरी मंडी कमरूल हक पुत्र माशुक अली के मकान में छापा मारा। कमरुल हक के मकान से 52 किलो कलर और लगभग दस कुंतल चाय बरामद की गई। उन्होंने बताया कि ग्रहित किए गए नमूने जांच के लिए भेजे जा रहे है, रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। टीम को मौके पर कफील पुत्र शकील अहमद मिला, जबकि कमरूल हक मौके से भाग गया। कमरूल हक के द्वारा ही यह मिलावटी कारोबार अपने आवास से किया जा रहा था। टीम में राजेन्द्र कुमार पांडेय, आलोक गुप्ता, डा. शोभनाथ शामिल रहे।

### स्वच्छ सुन्दर कस्बा बनाने का संकल्प

**सीतापुर।** भारतीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने समाजसेवी और पत्रकार मोहित जायसवाल की अगुवाई में जर्जर ,अव्यवस्थित और उपेक्षा के शिकार बाबा मंशाराम और शीतला माता मंदिर दोनो मुक्ति धामों को गोद लेकर स्वच्छ सुंदर और व्यवस्थित बनाने संकल्प लिया है। बुधवार को भारतीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एक जुट होकर बाबा मंशाराम शमशान स्थल के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कर दिया। भारतीय व्यापार मंडल के जिला प्रभारी मोहित जायसवाल ने बताया कि दोनों श्मशान स्थलों में साफ़सफाई, बाउंड्री वाल, सुंदर बगीचा विश्राम स्थल के साथ-साथ महाकाल के भव्य मूर्ति स्थापित कराई जाएगी। इस मौके पर वांछित शर्मा, जुगनू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### मछरेहटा कस्बे में एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान

**सीतापुर।** मछरेहटा कस्बे में बुधवार को मोटर मालिकों में उस समय हड़कंप मच गया जिस समय एआरटीओ एसके गुप्ता के देखरेख में गाड़ियों को रोककर उनके कागजात चेक करने लगे तो किसी गाड़ी के पूरे कागज ड्राइवरों द्वारा न दिखा पाने पर एआरटीओ द्वारा उन गाड़ियों को मछरेहटा थाने पर लाकर सीज कर दिया गया कस्बे के खैराबाद टेंपो स्टैंड, मिश्रिख स्टैन्ड, कल्ली नैमिष स्टैंड पर गाड़ियों को लगभग कई घंटे तक वाहनों की जांच करते रहे एआरटीओ एस के गुप्ता ने बताया कि दस आटो, एक विक्रम टैम्पो, एक मैजिक कार्यवाही करते हुए सीज किया गया इन गाड़ियों के फिटनेस, टैक्स ,डीएल, बीमा ,प्रदूषण इत्यादि कागज न होने के चलते सभी 14 वाहनों को थाना मछरेहटा में सीज कर दिया गया है इस मौके पर साथ में शामिल रही टीम अमित कुमार सिंह परिवर्तन पर्यवेक्षक, इमामुद्दीन व कस्बा इंचार्ज अजीत वर्मा सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# 12-12 ओवर के तीन लीग खेले गए मुकाबले

● द्वितीय पंचायत स्तरीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता

संवाददाता। सीतापुर

**कमलापुर** चीनीमिल ग्राउंड पर द्वितीय पंचायत स्तरीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन 12-12 ओवर के तीन लीग मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला छरासी क्रिकेट क्लब व बहिरीमऊ क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया, जिसमे बहिरीमऊ क्रिकेट क्लब विजई रहा। दूसरा मुकाबला बम्हेरा क्रिकेट क्लब व सरौरा कला क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया जिसमे सरौराकला क्रिकेट क्लब ने विजय हासिल की। तीसरा मुकाबला कसमण्डा क्रिकेट क्लब व महोली क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया जिसमे महोली क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज की।

विजयी टीम के खिलाड़ियो को प्रशस्ति पत्र जिलापंचायत सदस्य दीपक शुक्ला, प्रधान ग्रामपंचायत महोली धर्मेंद्र सिंह द्वारा दिए गए। इस मौके पर प्रधान ग्रामपंचायत सरौराकला देशराज यादव, पंकज मिश्रा, सुनील कुमार, हीटू चौधरी, अनुज बाजपेई, सुनील सिंह ,मोनू सिंह, आसिफ खान, अरविंद मिश्रा, सुनील त्रिवेदी, विनय कुमार सिंह, श्यामू सिह, सौरभ सिंह, प्रदीप तिवारी आदि दर्शक उपस्थित रहे।

## हजरत गुलशाह मेला में शुरू हुआ प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट

**हजरत** गुलजार शाह मेला एवं उर्स के मौके पर आयोजित प्रादेशिक हांकी टूर्नामेंट में बुधवार को तीसरे दिन चार मैच खेले गए। इसमें पहला मैच बिजनौर और गोण्डा के बीच हुआ इसमें गोण्डा ने 1 गोल किया, वहीं बिजनौर की टीम हार गई। दूसरा मैच फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर के बीच हुआ, इसमें शाहजहांपुर ने चार गोल कर जीत हासिल की। तीसरा मैच केडी सिंह सोसाइटी लखनऊ और बिसवां के बीच हुआ, इसमें बिसवां की टीम एक गोल से हार गई। अंतिम व चौथा मैच एनईआर रेलवे लखनऊ और आजमगढ़ के बीच हुआ इसमें लखनऊ ने जीत हासिल की।

हांकी कन्वीनर इशरत अली ने बताया कि इन चारों मैंचो में जीतने वाली टीमें सेमीफाइनल मैच खेलेंगी। टूर्नामेंट सेक्रेटरी असलम मास्टर, हाजी इसरार खान, नुसरत अली, शुएब खान, अब्दुल अतीक खान, सेक्रेटरी मौलाना अनवार हुसैन, नफीस अहमद, मीडिया प्रभारी शावेज़ खान, सैयद हुसैन कादरी, अब्दुल जावेद खान, हुस्न नबी, नवेद सिद्दीकी, गुड्डू अंसारी, इसराइल प्रधान, इमरान चंदू, जकी अर्शी सहित बड़ी संख्या में हांकी के प्रेमी मौजूद रहे।

# राधा कृष्ण चौरिटेबल ट्रस्ट बरेली एवम् सन इंस्टीट्यूट ऑफफार्मेसी द्वारा गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। बरेली

**राधा कृष्ण** चौरिटेबल ट्रस्ट बरेली एवम् सन इंस्टिट्यूट ऑफफार्मेसी शाहजहांपुर ने मिलकर आर्थिक जागरूकता अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया । आयोजन में भारतीय अर्थव्यवस्था के बदलते स्वरूप के परिपेक्ष में बैंकों की बचत योजनाओं पर कम हो रहे ब्याज दर और महंगाई की बढ़ती दरों के बीच बचत के नए विकल्पों पर चर्चा की गई । विषय की शुरुआत करते हुए सन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के प्राचार्य विकास अग्रवाल ने कहा की पिछले कई वर्षों से ब्याज दरों में की जा रही कटौती के मद्देनजर अब बैंकों में जमा होने वाली धनराशि पर मिलने वाला ब्याज प्रसांगिक नहीं रह गया।

लिहाजा नए विकल्पों को खोजा जाना आवश्यक है। उन्होने कहा बाजार में बहुत से विकल्प मौजूद हैं, परंतु उनके विषय में जानकारी न होने के कारण हम अपनी मेहनत की कमाई को उस अनुपात में नहीं बढ़ा पा रहे जिस अनुपात में महंगाई बढ़ रही है । हम अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कर्ज के बोझ के नीचे दब रहे है ।गोष्ठी में शिरकत कर रहे मुख्य वक्ता सुनील यादव ने कहा की आज के आधुनिक युग में बैंकों में एफडी पर हो रहे ब्याज की कटौती के दृष्टिगत उन्हीं बैंकों के म्यूचुअल फंड में निवेश कर कहीं अधिक रिटर्न पाया जा सकता है।

जिस प्रकार से देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, यह आवश्यक है कि जन जन को बचत के नए विकल्पों के बारे में जागरूक किया जाए। जिससे वह आने वाले समय में अपने बच्चों की पढ़ाई उनकी शादी एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु ऋण ना लेकर अपनी बचत योजनाओं से ही इन्हें पूर्ण कर सकें । श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर देते हुए वक्ता सुनील यादव ने कहा कि निश्चित रूप से भारत 2047 में जब आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा हमारी अर्थव्यवस्था 15 ट्रिलियन डॉलर की होगी और हम विकसित देशों की श्रेणी में खड़े होंगे। गोष्ठी में नवनीत सक्सेना,रेनू कंचन, शिखा कश्यप ज्योति सिंह , मोहम्मद आमिर खान ध्रुव कुमार गुप्ता दीपेंद्र कश्यप नितिन कुमार कश्यप नितिन आदित्य वर्मा वैभव अंकित सिंह निर्देश कुमार अविंद्र प्रताप सिंह अरविंद सनी सहित सैकड़ों छात्र छात्राओं ने प्रतिभा किया।




कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,
लेन नं0–1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून–248001,
Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4066/ई–निविदा सूचना/2022–23 दिनांक : 13/12/2022

ई–निविदा संशोधन

इस कार्यालय पत्रांक सं0 3965/ई–निविदा सूचना/2022–23 दिनांक 07.12.2022, पत्रांक सं0 4010/ई–निविदा सूचना/2022–23 दिनांक 09.12.2022, पत्रांक सं0 4011/ई–निविदा सूचना/2022–23 दिनांक 09.12.2022 एवं पत्रांक सं0 4012/ई–. निविदा सूचना/2022–23 दिनांक 09.12.2022 से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु आमंत्रित ई–निविदाओं कों अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

| क्रं0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | चकराता | कुन्ना पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 2 | चकराता | बृनाड–बास्तिल पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 3 | चकराता | कुणा (चकराता) पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 4 | रायपुर | बाण्डावाली पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, गुरूत्व मेन, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |

"जल संचय–जीवन संचय"
अधिशासी अभियन्ता

# पेज एक का शेष

## चीन सीमा...

सैनिकों ने पिछले सप्ताह अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति को एकतरफा बदलने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय सेना ने कड़ा मुकाबला करते हुए उन्हें पीछे हटने को मजबूर कर दिया। सिंह ने कहा कि इस जवाबी कार्रवाई में भारतीय सैनिकों को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और न ही किसी सैनिक की मौत हुई। इस संघर्ष में दोनों पक्षों के कुछ सैनिकों को चोटें आईं। विपक्ष रक्षामंत्री के इस बयान से संतुष्ट नहीं था और उसने सरकार के खिलाफ अपना रुख कड़ा कर लिया। हालांकि, विपक्षी नेताओं को इस मुद्दे पर मंत्री से कोई स्पष्टीकरण लेने की अनुमति नहीं दी गई। इसलिए विपक्ष स्पष्टीकरण की मांग पर अड़ गया। जब राज्यसभा में विपक्ष के विरोध के बीच दिन के लिए सदन फिर शुरू हुआ, तो उपसभापति हरिवंश ने कहा कि सभापति के सामने कोई नोटिस नहीं है और इस मुद्दे पर बहस की अनुमति नहीं दी जा सकती, इसलिए विपक्षी सांसदों को नारे लगाने और फिर वाकआउट करने के लिए मजबूर होना पड़ा। खड़गे ने बोलना जारी रखा लेकिन उनका माइक बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हम देश और सेना के साथ खड़े हैं, लेकिन सरकार को जवाब देना होगा। लोकसभा में जब प्रश्नकाल समाप्त हुआ तो सदन के कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सरकार से भारत-चीन सीमा मुद्दे पर चर्चा की मांग उठाई। चौधरी ने कहा कि हम भारत-चीन सीमा की स्थिति पर चर्चा चाहते हैं। पूर्व का उदाहरण देते हुए चौधरी ने कहा कि वर्ष 1962 में जब भारत-चीन युद्ध हुआ था तब तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस सदन में 165 सांसदों को बोलने का मौका दिया था और उसके बाद अगली रणनीति पर फैसला लिया गया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इस पर निर्णय लिया जाएगा। बात नहीं माने जाने पर सोनिया के नेतृत्व में कांग्रेस ने निचले सदन में बहिर्गमन किया और सरकार पर भारत-चीन सीमा मुद्दे पर चर्चा की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाया। बाद में, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी और नेशनल कांफ्रेंस के सदस्यों ने भी प्रश्नकाल के दौरान सदन से वॉकआउट किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि बिना किसी स्पष्टीकरण के छोटा बयान देना लोकतांत्रिक नहीं है। सदन एक ऐसा मंच है जहां सरकार देश के प्रति जवाबदेह है। वर्ष 2017 से डोकलाम से लेकर बीते 9 दिसंबर को तवांग तक गॉलवे, डेपसांग, हॉट स्प्रिंग्स जैसी कई घटनाएं हुई हैं। सरकार को इन पर जवाब देना चाहिए।

## बिहार में...

मांग की, जो उस समय अपनी कुर्सी पर नहीं थे। भाजपा विधायक शून्यकाल शुरू होने पर सदन से बहिर्गमन कर गए। सदन के बाहर, नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री को हमारी (भाजपा) वजह से वर्तमान कार्यकाल मिला था, लेकिन उन्होंने हमें धोखा दिया और उनमें (राजद में) शामिल हो गए, जिन पर वह जंगल राज का आरोप लगा रहे थे। उनकी संगति में रहकर उन्होंने उनके तौर-तरीके अपना लिए हैं। यह सदन के पटल पर हमारे खिलाफ इस्तेमाल की गई डराने-धमकाने वाली व अपमानजनक भाषा से जाहिर होता है। हालांकि, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा, भाजपा सदस्यों को यह समझना चाहिए कि बिहार में शराब का सेवन करना एक अपराध है और इससे होने वाली मौतों की भरपाई नहीं की जा सकती। यह शराब के सेवन को अपना समर्थन देने के समान होगा। राज्य के मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार ने भाजपा के इस आरोप पर आपत्ति जताई कि शराब बंदी का उल्लंघन इसलिए किया जा रहा है क्योंकि उल्लंघन करने वालों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। मंत्री ने कहा, जब भाजपा हमारी सहयोगी थी, तो उनके नेताओं ने कभी ऐसा आरोप नहीं लगाया। उन्हें याद रखना चाहिए कि आईपीसी और सीआरपीसी के तहत दंडनीय अपराध बंद नहीं हुए हैं, भले ही ए संहिता ब्रिटिश राज के बाद से मौजूद हैं। इस बीच, राजद विधायक सुधाकर सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के साथ सरकार चलाने वाली भाजपा को इस मामले पर शोर मचाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। लेकिन उन्होंने इस विचार का समर्थन किया कि बिहार में शराबबंदी पूरी तरह विफल रही। सिंह ने कहा, मामले की जांच उच्च न्यायालय के एक मौजूदा न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित एक जांच आयोग द्वारा की जानी चाहिए। लगभग हर दिन सैकड़ों लोग शराब का सेवन करने के आरोप में गिरफ्तार हो जाते हैं।

## दिल्ली में...

भाग गए। घटना के वक्त पीड़िता अपनी छोटी बहन के साथ थी। तेजाब हमले का शिकार हुई किशोरी ने दो लोगों का नाम लिया है, लेकिन पूछताछ में तीन युवकों का हाथ होने की बात सामने आई। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान सचिन अरोड़ा, हर्षित और विरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। पूछताछ में मुख्य आरोपी सचिन ने बताया कि उसने फ्लिप कार्ट से तेजाब खरीदा था। जिसका भुगतान उसने पेटीएम से किया था। इस वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल जब्त की गई है। तेजाब हमले की शिकार किशोरी के पिता का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि ऐसा कौन कर सकता है और उनकी बेटी ने कभी किसी प्रकार के उत्पीड़न की शिकायत नहीं की। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मामले में प्राधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

## भारत जोड़ो...

की आलोचना भी की थी। अर्थशास्त्री राजन के यात्रा में शामिल होने पर कांग्रेस नेताओं ने खुशी जाहिर की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए विकास और कल्याण के समन्वय के साथ भारत को सशक्त बनाना है। हमें खुशी है कि आरबीआई के पूर्व गर्वनर और प्रमुख अर्थशास्त्री राजन भविष्य का एजेंडा बनाने के हमारे प्रयास के समर्थन भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। भाजपा आईटी विभाग के अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस ने आरबीआई के पूर्व गर्वनर रघुराम राजन को नियुक्त किया था, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। वह स्वयं को अगला मनमोहन सिंह मान रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था पर उनकी टिप्पणी को तिरस्कार के साथ खारिज कर देना चाहिए। यह अवसरवादिता का रंग है। भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर कांग्रेस ने शुक्रवार को जयपुर में गायिका सुनिधि चौहान कंसर्ट का आयोजन किया है।

## मप्र के...

पूजा-अर्चना की। इस दौरान भी उन्होंने पठानै पर निशाना साधा और इसके गाने बेशर्म रंगै में अभिनेताओं की वेश-भूषा को प्रथम दृष्टया बेहद आपत्तिजनक बताया। राज्य में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाने वाले मिश्रा फिल्मों की विषयवस्तु पर पहले भी सवाल उठाते रहे हैं। इस साल अक्टूबर में गृह मंत्री ने महाकाव्य रामायण पर आधारित फिल्म आदि पुरुष के निर्माताओं को चेतावनी दी थी कि इसमें हिंदुओं के धार्मिक किरदारों को गलत तरीके से दिखाने वाले दृश्यों को नहीं हटाया गया, तो कानूनी कार्वाई की जाएगी। इसी साल जुलाई में मिश्रा ने फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलई के वृत्तचित्र काली के एक विवादित पोस्टर पर नाराजगी जताते हुए पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था।

## आईजीआई पर...

आवाजाही तेज हो गई और प्रतीक्षा समय का औसत 7-8 मिनट है। यात्रियों को फिर केवल एक ही हैंड बैग लेकर चलने की हिदायत दी गई। हालांकि, सामान की जांच के दौरान अभी भी यात्रियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी वे सोशल मीडिया पर शिकायत भी कर रहे हैं। श्वेता बहल ने ट्विटर पर लिखा कि लोग सचमुच परेशान है और उनकी फ्लाइट छूट रही है। एक अन्य यात्री ने ट्वीट किया कि वह टी3 पर सुरक्षा लाइन में करीब तीन घंटे से इंतजार कर रहा है।

## मेस्सी-अलवारेज...

दो गोल करने वाले 1958 के बाद दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। पेले ने 1958 में 17 वर्ष की उम्र में यह कारनामा किया था। मैच के बाद मेस्सी ने कहा, मेरे दिमाग में बहुत कुछ चल रहा है। काफी जज्बाती पल है। प्रशंसकों और परिवार का यूं समर्थन, पूरे टूर्नामेंट में। यह अद्भुत है। हम फाइनल में पहुंच गए और हम यही चाहते थे। मेस्सी का यह दूसरा और आखिरी विश्व कप फाइनल होगा। इससे पहले 2014 में अर्जेंटीना को जर्मनी ने हरा दिया था। अब उनके पास खिताब के साथ फुटबॉल को अलविदा कहने का सुनहरा मौका है। 35 वर्ष की उम्र में जिस तरह फुर्ती और कलात्मकता के साथ मेस्सी ने 69वें मिनट में अलवारेज को दूसरे गोल के लिए गेंद सौंपी, वह उनके आत्मविश्वास और हुनर की कहानी कहता है। अब तक इस विश्व कप में छह मैचों में वह खुद पांच गोल कर चुके हैं। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी मैच के बाद अपने आंसू नहीं रोक सके। उन्होंने कहा, मैं फख्र महसूस करता हूं कि उसका कोच हूं और उसे खेलते देखा। उससे दूसरे खिलाड़ियों, प्रशंसकों और पूरी दुनिया को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा , जूलियन ने शानदार प्रदर्शन किया। उसने सिर्फ दो गोल ही नहीं किए बल्कि हमारे मिडफील्डर्स की मदद भी की।इतनी कम उम्र में ऐसा खेल काबिले तारीफ है। इस हार के साथ ही क्रोएशिया का लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया जिसने 34वें मिनट से पांच मिनट के भीतर दो गोल गंवाए। पहले मेस्सी ने पेनल्टी को तब्दील किया और फिर अलवारेज ने दूसरा गोल दागा और मैच का परिणाम साफ हो गया। नॉकआउट चरण में जापान और ब्राजील को पेनल्टी शूटआउट में हराने वाली क्रोएशिया के स्टार मिडफील्डर 37 वर्ष के लुका मोडरिच का भी यह आखिरी विश्व कप मैच रहा। उनकी जगह 81वें मिनट में दूसरे खिलाड़ी को उतारा गया। क्रोएशिया के कोच ने कहा, पहला गोल मैच को दूसरी दिशा में ले गया। यह वही मेस्सी है जिसे सभी देखना चाहते हैं। अर्जेंटीना ने विश्व कप सेमीफाइनल नहीं हारने का अपना रिकॉर्ड कायम रखा और छठी बार फाइनल में पहुंची। मेस्सी के नाम अर्जेंटीना के लिए विश्व कप में सर्वाधिक 11 गोल हो गए हैं। उन्होंने गैब्रियल बतिस्तुता का रिकॉर्ड तोड़ा। विश्व कप में सर्वाधिक 25 मैच खेलने के जर्मनी के लोथार मथाउस के रिकॉर्ड की भी उन्होंने बराबरी कर ली। वहीं अलवारेज के चार गोल हो गए हैं जो मेस्सी और काइलियान एमबाप्पे से एक गोल पीछे हैं।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,
लेन नं0–1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून–248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4069/ई–निविदा सूचना/2022–23 दिनांक : 13/12/2022

ई–निविदा संशोधन

इस कार्यालय पत्रांक सं0 3965/ई–निविदा सूचना/2022–23 दिनांक 07.12.2022 से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु आमंत्रित ई–निविदाओं की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| निविदा क्रं0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 12 | चकराता | दाबला पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 14 | चकराता | शिर्वा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 15 | चकराता | समोग पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |

निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।

| क्रं0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 20.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 20.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री–बिड मीटिंग | 23.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 26.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 31.12.2022 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 31.12.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | बिड खोलने की तिथि। | 02.01.2023 at 11:00 Hrs |

शेष नियम एवं शर्ते निविदा के अनुसार यथावत रहेगें।

"जल संचय–जीवन संचय"
अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,
लेन नं0–1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून–248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4068/ई–निविदा सूचना/2022–23 दिनांक : 13/12/2022

ई–निविदा संशोधन

इस कार्यालय पत्रांक सं0 4012/ई–निविदा सूचना/2022–23 दिनांक 09.12.2022 से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु आमंत्रित ई–निविदाओं की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| निविदा क्रं0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | चकराता | कुल्हा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 3 | चकराता | मसक पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 4 | चकराता | मुगांड योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 5 | चकराता | मैलोथ क्वानु पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 6 | चकराता | जगथान–बुरायला पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 8 | चकराता | खबऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 9 | कालसी | नेवी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 11 | कालसी | कालसी ब्यास भूड पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |

निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।

| क्रं0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 20.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 20.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री–बिड मीटिंग | 23.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 26.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 31.12.2022 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 31.12.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | बिड खोलने की तिथि। | 02.01.2023 at 11:00 Hrs |

शेष नियम एवं शर्ते निविदा के अनुसार यथावत रहेगें।

"जल संचय–जीवन संचय"
अधिशासी अभियन्ता

# जिले को नौ नायब तहसीलदार मिले राजस्व कार्यों में मिलेगी और सुविधा

● प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अधिकारियों से की शिष्टाचार भेंट



एसडीएम सौरभ पांडेय के साथ नवागंतुक नायब तहसीलदार।

**उरई ( जालौन )।** जनपद की तहसीलें लंबे समय से नायब तहसीलदारों की कमी से जूझ रही थी जिससे राजस्व से जुड़े कार्य लंबित बने रहते थे। लेकिन अब जिले को नौ नायब तहसीलदारों का पूरा जत्था मिल गया है जिनकी अब तहसीलों में तैनाती की जायेगी। राजा टोडरमल सर्वेक्षण एवं भूलेख प्रशिक्षण संस्थान हरदोई से प्रशिक्षण पूर्ण कर जनपद में योगदान देने वाले नवागंतुक नायब तहसीलदारों में गौरव के साथ ही राजस्व निरीक्षक से नायब तहसीलदार बने जितेंद्र सिंह पटेल, वैभव कुमार, विजय कुमार, नीलमणि यादव, मुकेश कुमार, भुवनेंद्र, हरदीप, राहुल यादव है। सभी नौ नायब तहसीलदारों ने जनपद में आने के बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर उन्होंने सबसे पहले एसडीएम सौरभ पांडेय से परिचायात्मक भेंट कर राजस्व कार्यों से जुड़ी बारीकियों को समझा। इसके बाद सभी नायब तहसीलदार एडीएम न्यायिक मोतीलाल यादव से भेंट कर अपना परिचय दिया और उनसे भी राजस्व कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की। इसी के साथ अब जनपद की तहसीलों में लंबे समय से नायब तहसीलदारों की कमी से जूझ रही थी। वहां पर अब नायब तहसीलदारों की तैनाती की जायेगी इसके बाद जिन तहसीलों में नायब तहसीलदारों की कमी के चलते राजस्व कार्यों में बाधायें आती थी वह दूर हो जायेंगी।

# यूनीफार्म का पैसा खाते में न पहुंचने से ठंड से ठिठुर रहे बच्चे

● बेसिक शिक्षा की लापरवाही ●अभिभावकों में भारी रोष, चालिस हजार बच्चों का खाता नही हो पाया संग्रह

**हमीरपुर।** शासन के सख्त आदेश के बाद भी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की लापरवाही के चलते करीब चालिस हजार बच्चों के खाते में यूनीफार्म का पैसा नही पहुच पाया है जिससे गरीब बच्चे ठंड से ठिठुरते हुये स्कूल आ रहे है। जानकारी के मुताबिक जिले में परिषदीय विद्यालयों में एक लाख बीस हजार बच्चों के खाते में डीबीटी के माध्यम से यूनीफार्म का पैसा हरेक बच्चे के खाते में बारह सौ रुपये की धनराशि उनके खाते में पहुच जाना था,जिसमे बच्चे जूता मोजा,ड्रेस व स्वेटर खरीद सके। बताया जाता है कि बच्चो के खाता संख्या का संग्रह शिक्षक जुलाई माह से कर रहे है मगर अभी तक खाता संग्रह नही कर पाये है हालाकि इस काम में बैंकों का भी बहुत बडा असहयोग बताया जाता है। बेसिक शिक्षा अधिकारी इस मामले में शिक्षकों की आज तक नकेल नही कसी है जिससे यह महत्वपूर्ण काम अभी भी अधूरा पड़ा है। अभिभावकों का कहना है कि उन्होने बच्चों के खाता संख्या शिक्षकों को अर्से पहले दे दी थी मगर पैसा खाते में नही आये है जिससे बच्चों का पूर्ण यूनीफार्म नही आ पायी है। शासन ने इस मामले में कई मर्तवा बीएसए को पत्र लिखा मगर उसका कोई असर नही हुआ है। यह पहला मौका है जब यूनीफार्म का पैसा बच्चों के खाते में अभी तक नही गयी है बताया जाता है कि कई इंटरकालेजों में तो अभी भी बच्चों के खाते नही खोले गये है, नही शिक्षक इस ओर कोई ध्यान दे रहे है। ज्यादातर बच्चों ने सर्दियों में स्कूल आना बंद कर दिया है। उच्चाधिकारी इस मामले में कोई ध्यान नही दे रहे है।

# ग्रामोदय विवि का दसवाँ दीक्षांत समारोह कल

● मप्र के राज्यपाल मंगु भाई पटेल करेंगे अध्यक्षता

●डॉ मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री होंगे विशिष्ट अतिथि ●रास सांसद एवं राष्ट्रवादी चिंतक डा. सधांशु त्रिवेदी करेंगे उद्‌बोधन





ग्रामोदय विश्वविद्यालय।

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के 10 वें दीक्षांत समारोह के तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। आज जिला अधिकारी अनुराग वर्मा के नेतृत्व में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कुलपति प्रो ? भरत मिश्रा एवं ग्रामोदय टीम के साथ समारोह स्थल का जायजा लिया। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कुछ सुझाव दिए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0भरत मिश्रा ने बताया कि आगामी 16 दिसम्बर को अपरान्ह 2.30 बजे से विश्वविद्यालय परिसर में दशम दीक्षांत समारोह के अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपाति 93 पीएचडी धारकों एवं 44 स्वर्ण पदक विजेताओं को अलंकृत करेंगे। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रख्यात राष्ट्रवादी चिंतक और राज्य सभा सासंद डा. सुधांशु त्रिवेदी दीक्षांत उद्बोधन देगें। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

दीक्षांत समारोह के पूर्व अतिथिगण ग्रामोदय के ललितकला के विद्यार्थियों द्वारा स्वाधीनता संग्राम में जनजातिय नायकों के योगदान पर कला प्रदर्शनी का अवलोकन करेगे। अतिथि विवि के कृषि प्रक्षेत्र मे स्थित विवेकानंद छात्रावास और शोध छात्रों के लिए मुख्य परिसर मे बने वैदेही छात्रावास का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर विवि के छात्रों द्वारा उद्यमिता केन्द्र में प्रशिक्षण के दौरान बनाये गये उत्पादों का प्रर्दशिनी भी लगाई जायेगी। 10वें दीक्षांत समारोह अवसर पर पूरे विवि परिसर को रचनात्मक साज–सज्जा और कलात्मक प्रस्तुतियों से सजाया सवारा जा रहा है। छात्रों और अविभावकों सहित पूरे विवि मे उत्साह का माहौल है।

# शादी समारोह में गैस सिलेंडर रिसाव से हलवाई सहित 22 झुलसे, आठ उरई रेफर

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के लिंगा गांव में शादी समारोह में खाना बनाने के दौरान गैस रिसाव होने से सिलेंडर आग का गोला बन गया। इस दौरान हलवाई सहित बर्तन साफ करने वाले मजदूर और शादी में खाना खाने आए ग्रामीण सहित 22 लोग आग से झुलस गए। आनन.फानन में ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां 8 लोगों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है। गांव में इस प्रकार की घटना से ग्रामीणों में अफरा.तफरी का माहौल बना हुआ है।

कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी महिपत ने बताया कि लींगा गांव निवासी अर्जुन अहिरवार के पुत्र हेमराज अहिरवार की कल बारात जाने हैं। बुधवार को अर्जुन अहिरवार के यहां मायना का कार्यक्रम था। मायने के दिन अर्जुन अहिरवार ने प्रीतिभोज कार्यक्रम रखा था। जिसमें वह खाना बनाने के लिए गए थे। बताया कि रात्रि 7 बजे खाना बनाने के दौरान हलवाई में गैस भट्टी जलाई। हलवाई द्वारा जब भट्टी जलाई गई तो गैस रिसाव होने पर अचानक सिलेंडर में आग पकड़ गई। आग पकड़ने पर सिलेंडर आग का गोला बन गया। इस दौरान खाना बना रहे दीवानपुरा मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय महिपतए 40 वर्षीय पार्वतीए 45 वर्षीय लड़कुवरए 60 वर्षीय कस्तूरीए 23 वर्षीय सुनीलए सुनील की पत्नी 22 वर्षीय शशिए उसके 2 वर्षीय पुत्री शिवानीए उरई रोड निवासी 22 वर्षीय अमित कुशवाहाए बर्तन साफ करने वाले बुधौलियाना मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय ज्ञानए सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी 60 वर्षीय कृपालए लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय विनोद गंभीर रूप से आग से झुलस गए। वहीं खाना खाने आए लींगा गांव निवासी 5 वर्षीय रचितए 9 वर्षीय आयुष पुत्र गण नीरजए 9 वर्षीय आनंदए 10 वर्षीय आशीषए 25 वर्षीय धर्मपालए 35 वर्षीय अरविंदए 19 वर्षीय पुनीतए 8 वर्षीय कृषए 7 वर्षीय राशि भी गंभीर रूप से झुलस गए। डॉक्टर सत्येंद्र कुमार यादव ने बताया कि महिपतए कस्तूरीए पार्वतीए ताराानीए शशिए लाड़कुवरए आनंद सहित आठ लोगों को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। बताया कि बाकी लोगों का इलाज कर दिया गया है।

# महिला सशक्तीकरण में मील का पत्थर साबित हो रही जल जीवन मिशन योजना



प्लंबर एवं फिटर्स को जल की उपयोगिता की जानकारी देते प्रशिक्षक

**पुखरायां, कानपुर देहात।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत गुरूवार को विकास खंड कार्यालय अमरौधा के सभागार में छह दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसमें 128 प्लंबर एवं फिटर को धरती से निकलने वाले बहुमूल्य पानी की बचत करने और सुरक्षित नलों द्वारा घरों तक उपयोग के लिये भोजने की जानकारी दी गई। ब्लाक क्षेत्र के मौजूद प्लंबर और फिटर्स को मध्य प्रदेश की सुविख्यात संस्था 11 महल वाला इंटरनेशनल एजुकेयर सर्विसेज के जिम्मेदार लोगों ने प्रशिक्षण दिया। राज्य ट्रेनर राम शरण गुप्त ने पानी की उपयोगिता बताते हुए कहा कि यह योजना महिला सशक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। क्योंकि घर में पानी की व्यवस्था की जिम्मेदारी आमतौर पर महिलाओं की होती है। कई इलाकों में पीने के पानी के लिए महिलाओं को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। एक आंकड़े के अनुसार भारतीय महिलाएं हर साल औसतन 15 करोड़ काम के दिन पानी लाने में खर्च करती हैं। जिसका इस्तेमाल उनकी शिक्षा, हुनर विकास या किसी मानसिक–शारीरिक विकास में हो सकता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जहां महिलाओं को परंपरागत चूल्हे के धुएं के बीच खाना बनाने की मजबूरी से मुक्ति मिली, उसी तरह अब उन्हें पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि यह योजना केंद्र की भाजपा सरकार में देश के सभी गांवों में हर घर तक साफ और सुरक्षित पानी पहुंचाने की संकल्पना के साथ 15 अगस्त 2019 को जल जीवन मिशन के तहत शुरु हुई थी। इस योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक पानी की बचत करके भारत के ग्रामीण इलाकों में नल के जरिये स्वच्छ जल पहुंचाना है। जल जीवन मिशन के तहत चलाए गए इस कार्यक्रम को हर घर जल का नाम दिया गया है। इसके तहत प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 55 लीटर स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। 3.6 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना को 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह योजना पूरे देश में तेजी से लागू की जा रही है। जल शक्ति मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 15 अगस्त 2019 को सिर्फ3.23 करोड़ परिवारों तक पेयजल का कनेक्शन थे। अब यह संख्या बढ़कर 9.45 करोड़ तक पहुंच गई है। कोर्डिनेटर आनंद शर्मा ने बताया कि सूखती नदियों–झीलों से लगातार घटते भूजल स्तर, विलुप्त होते तालाबों और बढ़ते जल प्रदूषण के बीच सभी ग्रामीण घरों तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति आसान नहीं है। इसी को देखते हुए यह योजना जन भागीदारी से चलाई जा रही है और इसमें जल संरक्षण पर भी बराबर ध्यान दिया गया है। अब तक स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में 14 लाख से अधिक जल संग्रहण पिट बनाए जा चुके हैं। डीपीएमयू की सुषमा मिश्रा ने प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग की प्रशिक्षक सोमेश यादव, सौरभ कुमार, अमित कुमार, अभिषेक सिंह एवं मोहित कुमार मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### शादी से मना करने पर फिर दबंगों ने घर से एक नाबालिग को उठा ले जाने व पेट्रोल डालकर फूंकने देने की दी धमकी

**फर्रूखाबाद।** थाना राजेपुर पुलिस की नाकामी फिर एक घटना को दावत दे रही है। दबंगों ने घर से एक नाबालिग बेटी उठा ले जाने व पेट्रोल डालकर फूंकने देने की धमकी दी है जिससे पीडित लड़की व परिवार के लोग भय के साए में जी रहे है। थाना राजेपुर के गांव चाचुपुर जटपुरा निवासी पीड़ित परिवार पर गांव के दबंगों का टूटा कहर टूटा है। दबंगो ने घर से एक नाबालिग बेटी उठा ले जाने व पेट्रोल डालकर फूंकने देने की धमकी दी है जिससे पीडित लड़की व परिवार के लोग भय के साए में जी रहे है। दबंग 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री की जबरिया शादी करने का दबाव बना रहे है। शादी न करने पर दबंगों ने पुत्री को 15 दिन के अंदर घर से उठा ले जाने व पेट्रोल डालकर जलाने देने की धमकी दी है। पीड़ित परिवार ने एसपी ऑफिस पहुंच एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार ने थाना राजेपुर पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप जड़ा है। थाना पुलिस के कार्रवाई नहीं करने के चलते पीड़ित परिवार भय के साये में जीने को मजबूर है। ऐसा ही एक मामला बीते दिनों फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र की निवासी किशोरी ने दबंगों की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्मदाह कर लिया था। कई दिनों तक उपचार के बाद दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई थी।

### खंती से मिला युवक का शव, अनहोनी की आशंका

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के ग्राम खदरा के समीप बुधवार की सुबह राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने खंती से एक लगभग 23 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। वहीं मृतक के परिजनों ने किसी अनहोनी घटना की आशंका व्यक्त की है। जहानाबाद थाना क्षेत्र के पनेरवा गांव निवासी शिव प्रसाद पाल का पुत्र लवकुश मंगलवार की शाम औंग थाना क्षेत्र के खौलापुर गांव निवासी सुधीर की पुत्री की शादी में शामिल होने आया था। देर रात वह घर के लिए निकला लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग न मिला। आज सुबह राहगीरों की सूचना पर खदरा गांव के समीप खंती से शव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा है। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों ने घटना के बाबत बताया है वह कल अकेले ही औंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत शादी समारोह में गया था। उसका शव खंती में मिलने से किसी अनहोनी घटना की आशंका जाहिर करते हुए बताया कि घटना से कुछ दूरी पर बाइक पड़ी थी। पुलिस का कहना है कि युवक हादसे का शिकार हुआ है। फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई का पता चल सकेगा।

### पिता व पुत्रो ने मिलकर वृद्ध को मारा पीटा

**राठ(हमीरपुर)।** मकान के विवाद को लेकर रंजिश मानते हुए पिता पुत्रों ने एक वृद्ध को जमकर मारापीटा। कोतवाली के करगवां गांव निवासी पीर अली पुत्र कलिया ने बताया कि उसकी मकान के सामने शादी समारोह कार्यक्रम चल रहा था। गांव का भानु प्रताप उसकी पत्नी, पुत्र धर्मेंद्र, भूरा और उसका भाई चंद्रप्रकाश आए और गाली गलौज करने लगे। जब उसके पिता ने गाली देने का विरोध किया तो उसे लाठियों से जमकर मारा पीटा बताया कि उनका उक्त लोगों से मकान का विवाद चल रहा है जिसको लेकर वह लोग रंजिश मानते हैं। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोप, छह आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा हुआ दर्ज

**कायमगंज** फर्रूखाबाद। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव अताईपुर जदीद निवासी फकीरेलाल पुत्र रामस्वरूप ने धारा 156; 3 सीआरपीसी के अंतर्गत न्यायालय के आदेश पर अपने ही गांव के 6 लोगों को आरोपी बनाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराए मुकदमे में दिए गए विवरण के अनुसार कहा गया है कि उसका छोटा बेटा दिनेश दीपावली वाले दिन बाजार से घर वापस लौट रहा था। रास्ते में उसे रिंकू पुत्र रामचंद्र ने रोका और मेरे बेटे से जुआ खेलने के लिए रुपए मांगे। मना करने पर रिंकू जबरदस्ती रुपए छीनने लगा। संयोग से उसी समय मेरी बेटी रोशनी वहां पहुंच गई । उसने बीच बचाव किया।धक्का लगने से रिंकू वही जमीन पर गिर पड़ा। जिससे उसके माथे पर हल्की सी चोट आ गई और मौका पाकर मेरा बेटा तथा बेटी वहां से भागकर घर आ गए। इतने में रिंकू अपने घर पहुंचा। कुछ ही देर बाद रिंकू उसका भाई सुमित तथा उसका पिता रामचंद्र बहिन लक्ष्मी एवं रेनू तथा रिंकू की पत्नी सभी लोग लाठी.डंडों से लैस होकर मेरे घर आ धमके। सभी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए भद्दी .भद्दी गालियां दी। आरोप है कि विरोध करने पर इन सभी लोगों ने मुझे तथा मेरी विवाहित बेटी रोशनी एवं पत्नी फूल देवी को डंडों तथा बेल्टों से मारा पीटा। मारपीट कर इन लोगों ने मेरी बेटी का मंगलसूत्र खींच कर तोड लिया। इतना ही नहीं बेटी के बाल पकड़कर घसीटते हुए यह लोग उसे अपने घर खींच ले गए। जहां एक बार फिर उसकी बेरहमी से पिटाई की जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई।

# एसपी ने नौ उप निरीक्षकों की तैनाती में किया फेरबदल

**फर्रूखाबाद।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने नौ उप निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। जिनमें उप निरीक्षक सुदर्शन सिंह को यूपी 112 से थाना मोहम्दाबाद, उप निरीक्षक आशाराम गोयल को यूपी 112 से थाना मोहम्दाबाद, उप निरीक्षक बालकराम सिंघानिया को यूपी 112 से थाना मोहम्दाबाद, उप निरीक्षक राजीव कुमार को थाना मोहम्दाबाद से यूपी 112,उप निरीक्षक अवधेश कुमार को थाना मोहम्दाबाद से यूपी 112,उप निरीक्षक अजय कुमार को थाना मोहम्दाबाद से थाना राजेपुर, उप निरीक्षक रामवीर सिंह को थाना जहानगंज से थाना मोहम्दाबाद, उप निरीक्षक शिशुपाल को थाना मोहम्दाबाद से थाना जहानगंज, उप निरीक्षक सुश्री रक्षा सिंह को थाना मेरापुर से प्रभारी महिला सम्मान प्रकोष्ठ,में तैनाती की गयी है।

# बेटियों के जन्म से लेकर उनके विवाह तक की जिम्मेदारी उठा रही है सरकार: प्रकाश

**बांदा।** समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम जनपद के राजीव गांधी महाविद्यालय परिसर में गायत्री परिवार के पुरोहितों के द्वारा पूरे रश्मोंए रीति.रिवाजों के तथा मंत्रोच्चारण के साथएमुश्लिम रीतिरिवाज से निकाह सामूहिक विवाह में काजिचकार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बांदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, विधायक नरैनी श्रीमती ओममणि वर्मा, महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रभा गुप्ता तथा मण्डलायुक्त आर0पी0सिंह एवं जिलाधिकारी श्रीमती दीपा रंजन की उपस्थिति में आज 322 जोडों का वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर बांदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा वर्ष 2017 से यह कार्यक्रम शुरू किया गया थाए जो कि निरन्तर प्रतिवर्ष चल रहा है।उन्होंने कहा कि सरकार बेटियों के जन्म से लेकर पढ़ाई.लिखाई एवं उनके विवाह तक की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निभा रही है। उन्होंने इस योजना का व्यापक प्रचार.प्रसार करने का आवाहन करते हुए नवदम्पति के सुखद जीवन की शुभकामनायें दी। विधायक नरैनी श्रीमती ओममणि वर्मा ने नवदम्पत्य जोडों को अपनी शुभकामनाएं दी।जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सुनील सिंह पटेल ने भी जोडौ को आर्शीवाद दिया। आयुक्त आर0पी0सिंह ने



कहा कि आज विद्वान पण्डितों के द्वारा 322 गरीब परिवार की बेटियों का पाणिग्रहण संस्कार आयोजित हो रहा है। इस मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित कर वर पक्ष एवं कन्या पक्ष की रजामंदी एवं सहमति के साथ जिला प्रशासन द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है। उन्होंने नवदम्पत्तियों से कहा कि वह अपना नया जीवन मैत्री भाव व प्रेम एवं संस्कारों के साथ जीवन निर्वहन करें। जिलाधिकारी श्रीमती दीप रंजन ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विवाह बन्धन में बधें नव दम्पत्तियों को हार्दिक शुभकामनायें एवं उनके सुखद एवं सफल जीवन की कामना की।

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बबीना में विजन आईएएस का डीएम ने किया शुभारंभ

**उरई ( जालौन )।** बुधवार को डीएम चाँदनी सिंह ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बबीना में पारस इंडिया के साथ मिलकर एक नई पहल का शुभारंभ किया गया। डीएम ने पूर्व में आश्रम पद्धति विद्यालय का निरीक्षण किया था जिसमें बच्चों द्वारा अवगत कराया गया था कि यहां के अध्यापकों द्वारा बच्चों को नहीं पढ़ाया जाता है स्वयं ही वह शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और विद्युत व्यवस्था भी लचर है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बबीना में आवासीय विद्यालय ग्रामीण अंचल में प्रतिभावान छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु निर्मित किया गया था किंतु अध्यापकों की आंतरिक कला एवं विद्यालय प्रशासन की अक्षमता के कारण विद्यालय युद्ध का अखाड़ा बना हुआ था जिससे बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ था।डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए कई अध्यापकों पर कार्यवाही करते हुए प्रधानाचार्य का वेतन अवरुद्ध किया साथ ही संविदा अध्यापक नितिन राज को अनुशासनहीनता एवं नियम विरुद्ध वेतन प्राप्त करने के चलते सेवा से पृथक किया गया व्यायाम शिक्षक रजनीश पाल एवं संविदा अध्यापक रवि निरंजन का भी वेतन अनुपस्थित रहने के चलते रोका गया था। डीएम की पहल से पारस इंडिया एनजीओ एवं विजन आईएएस द्वारा कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत बच्चों को शिक्षण काउंसलिंग टेस्ट अध्यापक प्रशिक्षण आदि के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। आश्रम पद्धति विद्यालय की सुविधाओं को चाक–चौबंद किया जाए बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा क्षेत्र पंचायत की निधि से 10 लाख रुपए आवंटित किए गए विद्यालय की जर्जर व्यवस्था को सुधारने में खर्च किए जाएंगे। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए दो होमगार्ड की तैनाती की जाएगी बच्चों की खाने की गुणवत्ता को भी समय–समय पर चेक किया जाएगा खाना की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न किया जाए ऐसा होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि आपके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा आप भविष्य में जो भी उपलब्धि हासिल करना चाहते हैं मन लगाकर पढ़िए और अपने लक्ष्य को हासिल करें जिला प्रशासन आपके सहयोग के लिए तत्पर खड़ा है।

# चोरी की तीन घटनाओं में सात को पकड़ा

● पुलिस ने चोरी की एक वारदात में नमक और गेरु की बोरियाँ, दो में 4250 रुपये किए बरामद



**घाटमपुर।** बीते एक माह के अन्दर नगर में हुई दर्जन भर से अधिक छोटी–बड़ी चोरी की वारदातें का आज पुलिस ने खुलासा किया है इस संवन्ध में पुलिस ने सात लोगों को पकड़ा है जिनमें तीन नाबालिग भी शामिल हैं, पुलिस ने जिन तीन चोरियों का खुलासा किया है उनमें जहानाबाद रोड पर स्थित शंकर टेडर्स की दुकान तथा मण्डी समिति स्थित टट्रों की आढ़तों में हुई चोरियाँ शामिल है। कोतवाली पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया कि मु0अ0सं0 602/22 घारा 379/411 भादवि0 व मुअ0सं0 633/22 घारा 380/411 भादवि0 थाना घाटमपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर के मामले में वांचित फतेहपुर जिले के गांव बैरमपुर थाना बिन्दकी निवासी नीरज पुत्र बीरन व तीन नाबालिक सहित 4 लोगों को जहानाबाद रोड पर गांव फतेपुर मोढ़ के पास से पकड़ा गया है इनके पास से 4250 रुपये बरामद हुए है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गये चारों ने उक्त दोनों चोरियों में शामिल होना स्वीकार किया है।

घाटमपुर कोतवाली प्रभारी की ओर से जारी दूसरे प्रेस में कहा गया है कि सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर दिनेश कुमार शुक्ला के निर्देशन में कोतवाली में दर्ज मु0अ0सं0 639/22 घारा 379/411 भादवि0 का खुलासा भी पुलिस ने 24 घंटे के अंन्दर कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस इनके पास से 3 बोरी नमक और 8 बोरी गेरु के साथ घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की है। गिरफ्तार शातिरों में कस्बे के अशोक नगर उत्तरी निवासी चेतन द्विवेदी पुत्र सुनील द्विवेदी, आछी मोहाल पूर्बी निवासी रजत बाजपेयी पुत्र राम कुमार तथा आछी मोहाल पूर्बी का ही राम कुमार निषाद पुत्र स्व0 बेनी प्रसाद शामिल हैं, तीनों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0 नि0 प्रशिक्षु दीपक यादव, संदीप सिंह और राहुल कुमार तथा का0 शिव कुमार शामिल रहे।

# भारी वाहनों से जबरन वसूली करने वाले चार लोग पुलिस के हत्थे चढ़े

● बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर जाने वाले वाहनों से करते थे वसूली

**जालौन ( उरई )।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर ट्रकों को चढ़ने के नाम पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से वसूली की जा रही थी। ट्रक चालक की तहरीर पर पुलिस ने 4 लोगों को पकड़ा। जबकि एक व्यक्ति अज्ञात है। पुलिस ने चारों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर चढ़ने के लिए ग्राम छिरिया सलेमपुर के पास कट बना है। यहां मध्य प्रदेश जाने और जालौन आने वाले वाहन उतरते हैं और एक्सप्रेस वे पर चढ़ते हैं। एक्सप्रेस वे पर ट्रक व डंपरों भी चढ़ते हैं। यहां कुछ लोग इन ट्रकों और डंपरों से अवैध वसूली कर रहे थे। कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हूपुर निवासी ट्रक चालक विजय प्रताप सिंह पुत्र कुंवरपाल ने पुलिस को बताया कि छिरिया सलेमपुर पर बने कट से उनका ट्रक बुंदेलखंड एक्सेप्रेस वे पर चढ़ रहा था। तभी वहां मौजूद छिरिया सलेमपुर निवासी वकील व अकील एवं दमां निवासी रोहित व विक्की एवं एक अज्ञात व्यक्ति उनके ट्रक से बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर जाने के लिए 1500 से 2000 रुपये मांगे। जब उसने पूछा कि वह लोग किस बात के रुपये मांग रहे हैं तो वह रंगबाजी दिखाने लगे और जबरन उससे रुपये ले लिए। ट्रक चालक की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। चारों को वहां से जेल भेज दिया गया। उक्त संदर्भ में कोतवाल कुलदीप तिवारी ने बताया कि चार आरोपियों को पकड़ा गया है। एक व्यक्ति अज्ञात है उसे भी तलाश किया जा रहा है। शीघ्र ही उसे भी पकड़कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# डीडीओ ने गौशाला का निरीक्षण कर गौवंशों की स्थिति परखी

**कुठौंद ( जालौन )।** बुधवार को जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत सलेमपुर कालपी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर उन्होंने सबसे पहले अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया तो वहां पर 75 गोवंश पूर्ण रूप से स्वस्थ मिले। गौशाला में सभी गौवंश घास खाते मिले। उन्होंने गौशाला में 75 गौ वंशजों की जियो टैगिंग देखकर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के क्रम में डीडीओ स्मृति वाटिका में पहुंचे जहां पर उन्होंने रोपित किये गये पौधों को बारीकी से परीक्षण किया। वाटिका में सुपारी नारियल, सेव, संतरा, अमरूद, आम, छोटी इलायची, काली मिर्च, गरम मसाला विभिन्न प्रकार के पुष्पों की प्रजातियों को देखकर सराहना की। उन्होंने ग्राम प्रधान की पीठ भी थपथपाये हुये कहा कि अल्प संसाधनों में इतनी अच्छी व्यवस्था करना आज के युग में असंभव है। ग्राम पंचायत में जो भी कार्य कराए वह वास्तव में काबिले तारीफ है तत्पश्चात उन्होंने अस्थाई गौशाला में जाकर अपने हाथ से गाय माता को हरा चारा भी खिलाया।

# प्रशासन की टीम ने गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की चेकिंग की



मांस की दुकानों पर मांस को चौक करते टीम के सदस्य।

**जालौन ( उरई )।** नगर में गोमांस और गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए गोरक्षा अभियान, गोसंपदा संरक्षण शोध संस्थान व हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने एक सप्ताह पूर्व तहसील परिसर में धरना देकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। बुधवार को तहसीलदार के नेतृत्व में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी और अन्य अधिकारियों के टीम ने नगर में होटलों पर बिकने वाले मांस की चैकिंग की। हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजासिंह सेंगर गधेला, गौसंदा संरक्षण शोध संस्थान के संस्थापक अनिल शिवहरे, गोरक्षा अभियान महिला इकाई की अध्यक्ष मधु पांडेय के नेतृत्व में बीती 6 दिसंबर को करीब एक सैंकड़ा लोगों ने नगर में गोमांस व गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में धरना दिया था। साथ ही जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सना अख्तर को सौंपा था। जिसमें उन्होंने नगर में गोमांस और उससे बने खाद्य पदार्थों की बिक्री बंद कराने की मांग की थी। एसडीएम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक पटेल, तहसीलदार बलराम गुप्ता, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आरके राजपूत, एसआई नगरपालिका देवेंद्र कुमार की टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए थे। टीम ने तकिया के पास, मुरलीमनोहर व बस स्टैंड के पास संचालित होटलों और ठेले, ठिलियों पर बिकने वाले मांस को चौक किया। इस संदर्भ में तहसीलदार बलराम गुप्ता ने बताया कि नगर में संचालित मांस की दुकानों को चौक किया गया। मांस की दुकानों में प्रथम दृष्टया कोई संदिग्ध मांस नहीं मिला है। जांच पूरी कर ली गई है।

# हम भारत-चीन को विवादित सीमाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए प्रोत्साहित करते हैं: अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** कहा है कि वह भारत और चीन को उनकी विवादित सीमाओं से जुड़े मुद्दों पर द्विपक्षीय माध्यमों के जरिए चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। हालांकि अमेरिका ने साथ ही कहा कि वह स्थापित वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से क्षेत्र पर दावे के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम इस खबर से खुश हैं कि दोनों पक्षों ने झड़प रोक दी है। हम स्थिति पर करीबी नजर बनाए हैं।

भारत और चीन के सैनिकों के बीच नौ दिसंबर को वास्तविक



नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुई झड़प पर ज्यां-पियरे से सवाल किया गया था। उन्होंने कहा, हम विवादित सीमाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मौजूदा द्विपक्षीय माध्यमों का इस्तेमाल करने के लिए भारत और चीन को प्रोत्साहित करते हैं। हम यह देखकर खुश हैं कि फिलहाल झड़प थम गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद को बताया था कि चीन के सैनिकों ने नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर में यांग्त्से क्षेत्र में यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास किया जिसका भारत के जवानों ने दृढ़ता से जवाब दिया और उन्हें लौटने के लिए मजबूर कर दिया। सिंह ने लोकसभा और राज्यसभा में अपने बयान में कहा, चीन के सैनिकों के हमारे क्षेत्र में अतिक्रमण के प्रयास का भारतीय सेना ने दृढ़ता से सामना किया और उन्हें लौटने पर मजबूर कर दिया। झड़प में दोनों सेनाओं के कुछ सैनिक घायल हो गए। इस बीच, अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने पत्रकारों से कहा कि भारत और चीन के बीच उत्पन्न स्थिति पर अमेरिका करीबी नजर बनाए है। प्राइस ने कहा, हम इस खबर से खुश हैं कि दोनों पक्षों ने तुरंत ही झड़प रोक दी है। मेरे पास इस हालिया झड़प पर बताने को कुछ नहीं है लेकिन हम स्थिति पर करीबी नजर बनाए रखेंगे और अपने भारतीय समकक्षों के साथ संपर्क में हैं। उन्होंने दोहराया कि भारत, क्वाड और अन्य बहुपक्षीय मंचों में अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने भी कहा कि वह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत-चीन सीमा पर हालिया गतिविधियों पर करीबी नजर बनाए है। गौरतलब है कि यह झड़प ऐसे समय में हुई है, जब भारत और चीन के बीच मई 2020 में पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प से शुरू हुए पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध का हल निकालने के लिए दोनों देश कमांडर स्तर की 16 दौर की बातचीत कर चुके हैं।

## अमेरिका में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिली, बाइडन ने इसे घृणा पर प्रहार बताया

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में समलैंगिक विवाह को अब कानूनी मान्यता मिल गई है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने हजारों लोगों की मौजूदगी में समलैंगिक विवाह को वैधता देने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए। बाइडन ने व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में कहा, यह कानून और जिस प्रेम का यह बचाव करता है, वह सभी रूपों में नफरत पर प्रहार करता है। और इसलिए यह कानून हरेक अमेरिकी के लिए मायने रखता है। इस मौके पर गायक सैम स्मिथ और सिंडी लूपर ने प्रस्तुति दी। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सैन फ्रांसिस्को में एक समलैंगिक विवाह समारोह को याद किया।

व्हाइट हाउस ने एक दशक पहले बाइडन के टेलीविजन साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग चलाई जब उन्होंने समलैंगिक विवाह का समर्थन करते हुए राजनीतिक हंगामा खड़ा कर दिया था। बाइडन उस वक्त उपराष्ट्रपति थे और तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने तब तक समलैंगिक विवाह का समर्थन नहीं किया था। हालांकि, तीन दिन बाद ओबामा ने खुद समलैंगिक विवाह का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया था। मंगलवार को विधेयक पर हस्ताक्षर के दौरान दोनों राजनीतिक दलों के सांसद मौजूद थे जो देश के सबसे विवादित मुद्दों में से एक पर दोनों दलों में बढ़ती स्वीकार्यता को दिखाता है। सीनेट के बहुसंख्यक नेता चक शूमर समारोह में वही बैंगनी रंग की टाई पहनकर आए जो उन्होंने अपनी बेटी की शादी में पहनी थी। उनकी बेटी और उसकी पत्नी अपने पहले बच्चे के माता-पिता बनने वाले हैं। उन्होंने कहा, उन लाखों लोगों का शुक्रिया जिन्होंने बदलाव लाने के लिए कई वर्ष लगाए, मेरे नातीनातिन ऐसी दुनिया में जीएंगे जो उनकी मां की शादी का सम्मान करती है। यह नया कानून समलैंगिक विवाह और अंतरजातीय विवाह को भी सुरक्षा प्रदान करता है।

## क्विक न्यूज

### रूसी ड्रोन नष्ट किए गए, इसके मलबे की चपेट में आने से पांच इमारतें क्षतिग्रस्त : यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन ने बुधवार तड़के कीव पर हमले के रूसी प्रयास को विफल करते हुए विस्फोटक लदे 13 ड्रोन नष्ट कर दिए, जिनके मलबे की चपेट में आने से पांच इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक वीडियो संदेश में कहा कि आतंकवादियों ने ईरान निर्मित 13 ड्रोन दागे और उन सभी को नष्ट कर दिया गया। हाल के हफ्तों में रूस ने यूक्रेन में ड्रोन के अलावा मोर्टार, तोप और रॉकेट के जरिए हमले किए हैं। कीव प्रशासन के प्रमुख शेरही पोप्को ने टेलीग्राम पर लिखा कि दो बार हमले किए गए। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों ने हमलावर ड्रोन को नष्ट कर दिया, जिनके मलबे की चपेट में आने से एक प्रशासनिक इमारत और चार आवासीय इमारतें मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने मलबे को पूरी तरह से हटा दिया है। शेवचेंक्यवस्की जिले में तीन मंजिला कर कार्यालय की इमारत में एक विस्फोट हुआ, जिससे छत का एक हिस्सा ढह गया और नजदीक खड़ी कारें और पड़ोस स्थित इमारत की खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थानीय निवासी एंटन रूडीकोव ने कहा कि जब उन्होंने विस्फोट की आवाज सुनी, उस समय उनका परिवार सो रहा था। रूडीकोव ने कहा, बच्चे डर गए थे। खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की प्रवासन एजेंसी ने कहा कि रूसी हमला शुरू होने के बाद से यूक्रेन के भीतर या बाहर विस्थापित हुए 50 लाख से अधिक लोग अपने घरों को लौट आए हैं। गौरतलब है कि अमेरिका के अधिकारियों ने मंगलवार को कहा था कि अमेरिका यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल की खेप भेजने की मंजूरी देने की तैयारी कर रहा है। पैट्रियट सतह से हवा में मार करने वाली एक उन्नत मिसाइल है। यूक्रेन के नेताओं ने रूसी हमलों का मुकाबला करने के लिए अधिक उन्नत हथियारों का अनुरोध किया था।

### अफगानिस्तान में विभिन्न अपराधों के लिए 20 लोगों को सरेआम कोड़े मारे गए

**इस्लामाबाद।** तालिबान शासित अफगानिस्तान में कथित व्यभिचार, चोरी और अन्य अपराधों के लिए सजा के तौर पर बुधवार को 20 लोगों को सरेआम कोड़े मारे गए। एक प्रांतीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। अफगानिस्तान के नए अधिकारियों ने अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद से कठोर नीतियां निर्धारित की है जो इस्लामी कानून या शरिया की उनकी व्याख्या को दर्शाती है। दक्षिणी हेलमंड प्रांत में गवर्नर के कार्यालय के लिए तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता मोहम्मद कासिम रियाज ने कहा कि हेलमंड की राजधानी लश्कर गाह में स्पोर्ट्स स्टेडियम में कोड़े मारे गए। रियाज ने कहा कि दंडित किए गए कुछ लोगों को उनके अपराधों के अनुसार जेल की सजा मिली है। हेलमंड में बुधवार की कोड़े मारने की घटना के एक सप्ताह पूर्व तालिबान ने एक व्यक्ति की हत्या के दोषी को मृत्युदंड दिया था। पिछले साल तालिबान के सत्ता में आने के बाद यह पहला सार्वजनिक मृत्युदंड था।सरकार के शीर्ष प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के अनुसार,पश्चिमी फराह प्रांत में सैकड़ों दर्शकों और तालिबान के कई शीर्ष अधिकारियों के समक्ष पीड़ित के पिता द्वारा असाल्ट राइफल से गुनहगार को मौत के घाट उतार दिया गया। कुछ अधिकारी काबुल की राजधानी से आए थे। मृत्युदंड की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना हुई थी।

## पेरू के अपदस्थ राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को हिरासत में रखने का आदेश

एपी। लीमा

**पेरू के** उच्चतम न्यायालय ने देश के अपदस्थ राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो की अपील खारिज करते हुए उन्हें हिरासत में रखने का आदेश सुनाया है। कैस्टिलो के खिलाफ विद्रोह भड़काने का आरोप है। पेरू के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश सीजर सैन मार्टिन कास्त्रो का यह फैसला देशभर में हिंसक विरोध को और भड़का सकता है, क्योंकि लोग कैस्टिलो की रिहाई, उनके बाद नियुक्त राष्ट्रपति के इस्तीफे और नए राष्ट्रपति को चुनने तथा कांग्रेस के सभी सदस्यों को बदलने के लिए तत्काल आम चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। न्यायाधीश ने कहा कि बुधवार को राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारित कैस्टिलो की यह घोषणा कि उन्होंने राष्ट्रपति के आदेश से संसद को भंग किया था, महज एक बयान नहीं है बल्कि यह संवैधानिक व्यवस्था को बदलने की उनकी ठोस मंशा को जाहिर करता है।

अभियोजक कैस्टिलो को तीन साल तक लगातार हिरासत में रखने का अनुरोध कर सकते हैं। न्यायाधीश ने कहा कि सबूतों से पता चलता है कि कैस्टिलो को तब रोका गया, जब उन्होंने शरण लेने के लिए मैक्सिको के दूतावास पहुंचने की कोशिश की थी। महाभियोग वोट से पहले जब उन्होंने कांग्रेस को भंग करने का प्रयास किया तो सांसदों ने उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया, जिसके तुरंत बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इससे पहले, पेरू की राष्ट्रपति डिना बोलुआर्टे ने देश में चुनाव कराने की प्रदर्शनकारियों की मांग मानने की सोमवार को घोषणा की थी। कैस्टिलो को राष्ट्रपति पद से हटाने के बाद उपराष्ट्रपति के रूप में सेवाएं दे रहीं बोलुआर्टे को देश का नया राष्ट्रपति नियुक्त किया गया था। हालांकि उनकी नियुक्ति के विरोध में लोग सड़क पर उतर आए थे।

## ब्रिटेन में भारतीय लेक्चरर ने नस्ली भेदभाव का मुकदमा जीता

**लंदन ( भाषा )।** ब्रिटेन में एक भारतीय लेक्चरर ने पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय के खिलाफ दायर नस्ली भेदभाव का मुकदमा जीत लिया है। डॉ. काजल शर्मा को जनवरी 2016 में पांच साल की अवधि के लिए विश्वविद्यालय में संगठनात्मक अध्ययन व मानव संसाधन प्रबंधन विभाग की एसोसिएट हेड नियुक्त किया गया था। पांच साल बाद उनके पास पद के लिए फिर से आवेदन करने का विकल्प था। हालांकि, जब उस पद के लिए उनकी अनदेखी की गई, तो उन्होंने नवंबर 2020 में विश्वविद्यालय की शिकायत प्रक्रिया के तहत शिकायत की, जिसमें कहा गया कि उनके साथ ब्रिटेन के समानता अधिनियम 2010 के तहत भेदभाव किया गया है। इस साल 29 नवंबर को एक रोजगार संबंधी अधिकरण ने अपने आदेश में कहा, वादी (शर्मा) अश्वेत और अल्पसंख्यक समुदाय से संबंध रखने वाली कर्मचारी थीं।

## राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने संविधान में 13वें संशोधन पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक आयोजित की

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका के** राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे द्वारा बुलाई गई एक सर्वदलीय बैठक में संविधान के 13वें संशोधन पर चर्चा की गई। नेताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत ने अल्पसंख्यक तमिलों को राजनीतिक स्वायत्तता देने की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए इस संशोधन का सुझाव दिया है। बैठक में हिस्सा लेने वाले तमिल राजनीतिक दलों ने सरकार से उत्तरी प्रांतीय परिषद चुनाव कराने का आग्रह किया था। तमिल प्रोग्रेसिव एलायंस के नेता मानो गणेशन ने पीटीआई-भाषा से कहा, 13ए पहले से ही संविधान का हिस्सा है और इस तथ्य पर सभी दल सहमत हैं।

भारतीय मूल के पश्चिमी प्रांत में बसे तमिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले गणेशन ने कहा कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने उनसे तमिल समुदाय या भारतीय मूल के तमिलों की ओर से



13ए मुद्दे पर प्रस्ताव भेजने को कहा है। भारत 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के बाद लाए गए 13वें संशोधन को लागू करने के लिए श्रीलंका पर दबाव बना रहा है। 13वें संशोधन में तमिल समुदाय को शक्तियों का विकेंद्रीकरण करने का प्रावधान है। गणेशन ने बताया कि राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा और पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे 13ए संशोधन को लागू करने के लिए सहमत हैं। उन्होंने सरकार से उत्तरी एवं पूर्वी प्रांतों में प्रांतीय परिषद चुनाव कराने का आग्रह किया। उत्तरी प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री सी. वी. विग्नेश्वरन ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने सरकार द्वारा किए जाने वाले भूमि अधिग्रहण का मुद्दा उठाया। वे सरकारी विभागों के नाम पर भूमि का अधिग्रहण कर रहे हैं। इसे रोका जाना चाहिए और भूमि संबंधी अधिकार प्रांतीय परिषद को दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि बैठक में तमिल अल्पसंख्यक संबधी अन्य मुद्दों और कठोर आतंकवाद रोधी कानून के तहत पकड़े गए राजनीतिक कैदियों की रिहाई पर भी चर्चा की गई। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने तमिल अल्पसंख्यकों की राजनीतिक स्वायत्तता की मांग पर आम सहमति बनाने के मकसद से मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। विक्रमसिंघे ने कहा था कि वह अगले साल चार फरवरी को श्रीलंका की आजादी की 75वीं वर्षगांठ तक इस मुद्दे के हल होने की घोषणा करना चाहते हैं।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में विस्फोट, एक व्यक्ति की मौत, चार अन्य घायल

**पेशावर।** अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को हुए एक विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह विस्फोट उत्तरी वजीरिस्तान के मीरनशाह कस्बे में दत्ता खेल रोड पर हुआ। मीरनशाह जिला मुख्यालय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर वली जमान ने दैनिक समाचार पत्र डॉन को बताया कि विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। खबर के मुताबिक, अधिकारी ने कहा कि चार घायलों और एक शव को अस्पताल ले जाया गया। वली जमान ने कहा कि घायलों की चिकित्सा की जा रही है। अब तक, किसी भी आतंकवादी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन पाकिस्तान का यह दूरस्थ सीमा क्षेत्र तालिबान के वर्चस्व वाला क्षेत्र रहा है। तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता में काबिज होने के साथ ही बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में आतंकवाद की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

चूंकि श्रीमती मीता रस्तोगी ने मैप्सको कासा बेला, सेक्टर 82-83, ग्राम सिखोपुर तहसील और जिला गुड़गांव, हरियाणा के नाम से जानी जाने वाली समूह आवास परियोजना में स्थित संपत्ति यानी फ्लैट सं. 1501 टॉवर एबी-1, 14वीं मंजिल के सुपर एरिया परिमाप 1430 वर्ग गज, कार पार्किंग बे नंबर 731 के साथ, के लिए मैसर्स आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से गृह ऋण चाहती हैं, इसके बाद "उक्त संपत्ति" के रूप में संदर्भित, और श्रीमती मीता रस्तोगी ने हमें यह बताया है कि पिछले मालिक यानी श्री हितेश महाजन और श्रीमती रीता महाजन उक्त संपत्ति के पूर्व आवंटन पत्र और बीबीए एग्रीमेंट को कहीं खो/गुम हो गया है, जिनका पता नहीं चल रहा है या नहीं मिल सकता है जिसका एलआर नंबर 1039373/2022 है। अब, मैं आम जनता के लिए यह घोषणा करना चाहता हूं कि कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त संपत्ति/शेयर या दस्तावेजों के खिलाफ कोई अधिकार, स्वामित या हित है, तो वह सात दिनों के भीतर दस्तावेजी वैध साक्ष्य के साथ हमारे दिल्ली कार्यालय में आकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है यदि कोई ऐसा नहीं करते है, तो उसे अस्वामिक और अप्रतिबंधित माना जाएगा और तदनुसार आगे बढ़ाया जाएगा।

मैसर्स पास एंड एसोसिएट्स एलएलपी
ए-233, प्रथम तल, शिवालिक, मालवीय नगर,
नई दिल्ली-110017, मो. 9991116006

## आईडीबीआई बैंक के लिए बोलियां दाखिल करने की समयसीमा सात जनवरी तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के लिए आरंभिक बोलियां दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाकर सात जनवरी कर दी है। सरकार और एलआईसी, आईडीबीआई बैंक में अपनी 60.72 फीसदी हिस्सेदारी बेचना चाहते है। इसके लिए आईडीबीआई बैंक ने संभावित खरीदारों से अक्टूबर में बोलियां आमंत्रित की थी। अभिरुचि पत्र या आरंभिक बोली दाखिल करने की अंतिम तारीख 16 दिसंबर थी। लेनदेन सलाहकारों को समयसीमा में विस्तार के कुछ अनुरोध मिले थे, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने एक नोटिस में कहा है कि अब अभिरुचि पत्र (ईओआई) जमा करने की अंतिम तिथि 16 दिसंबर, 2022 से बढ़ाकर सात जनवरी 2023 कर दी गई है। ईओआई की प्रतियां जमा करने की अंतिम तिथि भी 23 दिसंबर से बढ़ाकर 14 जनवरी कर दी गई।

## नए साल का कैलेंडर छपवा सकेंगे मंत्रालयअ विभाग, वित्त मंत्रालय ने रोक हटाई

**नई दिल्ली।** मंत्रालयों और विभागों द्वारा कैलेंडर छपवाने पर बीते दो साल से लगी रोक वित्त मंत्रालय ने हटा दी है। मंत्रालय ने कोविड-19 के कारण सितंबर, 2020 में कैलेंडर (दीवार पर टांगने और मेज पर रखने वाले), डायरी, त्योहारों के बधाई कार्ड, कॉफी टेबल बुक तथा अन्य सामग्री के प्रकाशन पर रोक लगा दी थी।तब मंत्रालय ने विभागों से कहा था कि वे इस प्रकार की सामग्री के लिए डिजिटल या ऑनलाइन तरीकों को अपनाएं। अपने पहले के निर्देश में व्यय विभाग ने आंशिक बदलाव किया है।

## ब्रिटेन में मुद्रास्फीति नरम होकर नवंबर में 10.7 प्रतिशत पर

**लंदन( एपी )।** ब्रिटेन में पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि की गति धीमी पड़ने के साथ महंगाई दर नवंबर में नरम हुई है। हालांकि, यह अब भी 40 साल के उच्चस्तर के करीब है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर नवंबर में सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत रही। यह अक्टूबर में 41 साल के उच्चस्तर 11.1 प्रतिशत प्रतिशत थी। नवंबर महीने की महंगाई दर अर्थशास्त्रियों के जताए गए 10.9 प्रतिशत के अनुमान से कम है। इससे पहले, अमेरिका में भी मुद्रास्फीति में लगातार दूसरे महीने हल्की नरमी आई है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार महंगाई दर नवंबर में घटकर 7.1 प्रतिशत पर आ गई जो अक्टूबर में 7.7 प्रतिशत थी। हालांकि, ब्रिटेन के अधिकारियों के अनुसार अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि मुद्रास्फीति चरम पर पहुंच चुकी है। ठंड पड़ने के साथ बिजली और गैस के दाम में तेजी से महंगाई पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है।

# महंगाई की चिंता कम होने से बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 145 अंक और चढ़ा

भाषा। मुंबई

**महंगाई को** लेकर चिंता कम होने के साथ घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 144.61 अंक के लाभ में रहा। देश में महंगाई दर में नरमी के साथ अमेरिका में उम्मीद की तुलना में मुद्रास्फीति में अधिक कमी आने से धारणा मजबूत हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 144.61 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 62,677.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 301.81 अंक तक चढ़ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 52.30 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,660.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में नेस्ले इंडिया, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, एशिया के ज्यादातर बाजारों



में तेजी के साथ निफ्टी में लगातार दूसरे दिन बढ़त रही। नवंबर में थोक मुद्रास्फीति में तेजी से गिरावट से धारणा मजबूत हुई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दुनिया के प्रमुख देशों में उम्मीद की तुलना में महंगाई में अत्यधिक कमी के साथ आईटी शेयरों की मांग से घरेलू बाजार को गति मिली। अमेरिका में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 7.1 प्रतिशत पर आ गई है। इससे केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर मामले में आक्रामक रुख अपनाने को लेकर संभावना कम हुई है। उन्होंने कहा, हालांकि, फेडरल रिजर्व नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है लेकिन भविष्य में मुद्रास्फीति और ब्याज दर को लेकर उसका बयान बाजार के लिहाज से महत्वपूर्ण होगा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश में खाने का सामान, ईंधन और विनिर्मित उत्पादों के दाम में नरमी से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में 21 महीने के निचले स्तर 5.85 पर आ गई है। इससे पहले सोमवार को जारी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 5.88 प्रतिशत पर आ गई थी जो अक्टूबर में 6.77 प्रतिशत थी। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार में मंगलवार को तेजी रही थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80.63 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 619.92 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

**PUBLIC NOTICE**

Public at large hereby informed that my clientess Smt. Chhaya Basak W/o Shri Nil Kamal Basak resident and absolute owner of Flat No. 15003, Tower No.18 block Durian Mahagun Mywoods, Plot No. GH-04 Sector-16C, Greater Noida West, Gautam Budh Nagar (UP), had executed a WILL dated 18.02.2022 in favour of his son Shri Saikat Basak which may be treated as cancelled, null and void. Revised WILL is under process.

**Subhash Chandra Chakrabarty (Advocate)**
**Flat No. D-2041, Windsor Paradise II,**
**Raj Nagar Extension, Ghaziabad 201017**

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that Crown Advertising and Marketing (LLP (LLPIN)AAB-3599), through its Partner Mrs. Sonia Bhaskar W/o Mr. Shivam Bhaskar R/o B-359, New Friends Colony, New Delhi-110025, as per the Sale Deed dated 22.05.1986, Crown Advertising and Marketing LLP is the Sole Owner and in peaceful possession of the said property i.e., Second Floor(LHS), #3 Birbal Road, Jangpura Extension,New Delhi-110014. That Mr. Harish Chand was a tenant on the said floor and earlier also was not paying on time; so they agreed to buy the said property and an Agreement to Sale dated 07.12.2017, was executed by and between Crown Advertising and Marketing LLP and Mr Harish Chand for the said property; it comes to our knowledge that Mr Harish Chand trying to sell the said property without having any legal title i.e., Crown Advertising and Marketing LLP. terminated agreement to sale dated 07.12.2017 through Legal Notice dated 12.04.2022, but the same returned back with the postal comment **NO SUCH PERSON'**
The public at large is warned not to deal with Mr Harish Chand for the said property as the right to sale of the said mentioned property is closed as the agreement to sale has been terminated by Crown Advertising and Marketing LLP. Crown Advertising and Marketing LLP is in the process of Filing Civil as well as Criminal proceedings against the said Tenant as may be warranted under the Law.
Schedule of the Property: Second Floor(LHS), #3 Birbal Road, Jangpura Extension, New Delhi-110014

Crown Advertising and Marketing LLP
(Throughits partner Mrs Sonia Bhaskar)
WO B-359, New Friends Colony,
New Delhi- 110025
Date: 15.12.2022
Place: New Delhi

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुशीला देवी, ने नील कंठ अपार्टमेंट, राकेश मार्ग, नसरपुर, परगना लोनी, गाजियाबाद तहसील, जिला में स्थित कमर्शियल शॉप नंबर 6, (ग्राउंड फ्लोर) खसरा नंबर 594मी, एरिया परिमाप 18.50 वर्ग गज यानी15.46 वर्ग मीटर, ब्रिकी विलेख दिनांक 14.05.2018, पंजीकरण सं.3759 उप पंजीयक। गाजियाबाद में पंजीकृत के आधार पर मालिक है सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मो. जाकिर मलिक, परवीन बेगम ने ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से संपर्क किया है, और उन्होंने रामावतार के पक्ष में राहुल कुमार द्वारा निष्पादित उक्त संपति के संबंध में पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 20.04.2004, को खो दिया है जो उप पंजीयक कार्यालय-गाजियाबाद में विधिवत पंजीकृत है जिसका दस्तावेज सं. 2193, खंड सं. 5652, बुक सं. 1, पेज सं. 225/238, दिनांक 20.04.2004 को। मो. जाकिर मलिक, परवीन बेगम ने दिल्ली पुलिस नंबर 1077542/2022 को उपरोक्त बिक्री विलेख खो जाने की सूचना दी है जिसका यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 7 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

# प्रमुख हवाईअड्डों पर भीड़भाड़ कम करने के लिए सभी एजेंसियां मुस्तैद: सिंधिया

भाषा। नई दिल्ली

**नागर विमानन** मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि प्रमुख हवाईअड्डों पर भीड़भाड़ कम करने के लिए सभी एजेंसियां पिछले 24-36 घंटों से मुस्तैद हैं। उन्होंने कहा, टर्मिनल-3 के प्रवेश द्वार और चेक-इन काउंटरों पर भीड़ कम हो गई है। चार अतिरिक्त एक्स-रे मशीनें लगाई गई हैं, प्रतीक्षा समय के बारे में बताने के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं। सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती पहले ही शुरू हो चुकी है, और अगले कुछ दिनों में इसमें वृद्धि होगी।

सिंधिया ने एक लिंक्डइन पोस्ट में कहा कि इन उपायों को बेंगलुरु और मुंबई हवाईअड्डों पर भी लागू किया जाएगा। बीते दिनों हवाई



यात्रियों ने विशेष रूप से दिल्ली हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 (टी3) सहित विभिन्न हवाईअड्डों पर लंबे समय तक इंतजार करने की शिकायत की है। अधिकारी भीड़भाड़ को कम करने के लिए कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले 24-36 घंटों में सभी एजेंसियां सभी प्रमुख हवाई अड्डों पर भीड़ कम करने में जुट गई हैं। बेंगलुरु हवाईअड्डे पर बुधवार को दो अतिरिक्त एक्स-रे मशीनों का इस्तेमाल किया गया। सिंधिया ने कहा, घरेलू यात्री आवागमन को कोविड से पहले के स्तरों को पार करते हुए देखना खुशी की बात है। हर दिन एक नया रिकॉर्ड बन रहा है। यानी क्षमता (लोड फैक्टर) उपयोग 95 प्रतिशत से अधिक हो गया है। उन्होंने इस स्थिति को विमानन क्षेत्र और उसमें काम कर रहे लोगों के लिए अच्छा बताया। मंगलवार को घरेलू एयरलाइंस ने करीब 4.12 लाख यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाया।

## कोल इंडिया की सात परियोजनाएं का विकास करेंगे एमडीओ

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने खदान विकासकर्ता और परिचालकों (एमडीओ) द्वारा सात कोयला खानों के विकास के बारे में आदेश जारी किया है। महारत्न कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि खुली वैश्विक निविदाओं के जरिए एमडीओ को जोड़ने का उद्देश्य घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाना और आयात पर निर्भरता को यथासंभव कम करना है। सीआईएल ने बयान में कहा कि कंपनी ने खान विकासकर्ता और परिचालकों की नियुक्ति के जरिए आगे बढ़ने के लिए सात कोयला परियोजनाओं को स्वीकृति पत्र जारी किए हैं। इन सात परियोजनाओं में से तीन सीआईएल की इकाई सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की और दो उसकी अन्य अनुषंगी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) की हैं।

## एनटीपीसी डिबेंचर के जरिए 500 करोड़ रुपए जुटाएगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी शुक्रवार को निजी नियोजन आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी कर 500 करोड़ रुपए जुटाएगी। कंपनी ने बीएसई को भेजी सूचना में बताया, एनटीपीसी ने 16 दिसंबर, 2022 को निजी नियोजन के जरिए 500 करोड़ रुपए के असुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करने का फैसला किया है। यह 15 अप्रैल, 2023 को यानी 10 साल 3 महीने 30 दिन में परिपक्व होगा।

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, hitherto known as Manisha Paul Thottam (alias Manisha Sachdeva) D/o Late Raj Kumar Sachdev and W/o Sh. Paul Thottam residing at D-70, 3rd Floor, Saket, Delhi - 110017 have changed my name and shall hereafter be known as Manisha Sachdev.

PD(90219)A

**RAM GOPAL COLLEGE OF PHARMACY**
Sultanpur, Tehsil-Farrukhnagar, Near Sultanpur Bird Sanctuary, Distt. Gurgaon, Haryana
Affiliated to Pt. B.D.Sharma University of Health & Sciences, Rohtak & Pharmacy Council of India (PCI) and State Govt. Haryana

**ADMISSION NOTICE FOR SESSION 2022-23**
(For Management quota, Leftover seats, Vacant Seats for All Category)

**BACHELOR OF PHARMACY (4 Years)**
**Admission Procedure:** Candidates shall have passed 10+2 examination with PCM or PCB with English as one of the subjects. **Admission on Merit based only.**
Last date of submission of application form - 22/12/2022 till 1:00 pm
Display & merit list and deposition of fees - 23/12/2022 till 1:00 pm
Website: www.ramgopalcollege.com Mob: 8920418745

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स जीडी ट्रेडर्स/ अमित कुमार/ आशा कुमार/ सुमित कुमार/ खाता नंबर 125705000933/ 125755000015 | 43, ओम साईं संतपुरा गोविंदपुरी मोदी नगर उत्तर प्रदेश 201204/ दिसंबर 08, 2022 | जुलाई 13, 2022/ रु.47,61,249.23/- | मोदी नगर, उत्तर प्रदेश |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 15, 2022
स्थान : मोदी नगर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# सर्वदलीय बैठक बुलाएं नीतीश, बिहार में शराब बंदी नीति पर पुनर्विचार करें: गिरिराज सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** गिरिराज सिंह सहित भाजपा की बिहार इकाई के नेताओं ने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शराबबंदी नीति पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए दावा किया कि राज्य सरकार नकली शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने में विफल रही है, जिससे मौतें हो रहीं और अपराध बढ़ रहा। सिंह ने संसद के बाहर संवाददाताओं से कहा कि कुमार को इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और उसके अनुसार फैसला करना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर कोई नीति सफल नहीं होती है तो उस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। पाटलिपुत्र के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने भी सिंह के विचार से सहमति जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को शराबबंदी को निजी प्रतिष्ठा का विषय नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, उन्हें या तो इसे प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए, या इस्तीफा देना चाहिए।

बिहार के सारण जिले में मंगलवार रात कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने उनकी (मृतकों की) संख्या छह बताई है, जबकि भाजपा के नेताओं ने आरोप लगाया है कि यह संख्या इससे कहीं अधिक है। सिंह ने कहा, बिहार में हर दिन जहरीली शराब के कारण लोगों की मौत हो रही है, जबकि कुमार अपनी नीति पर अड़े हुए हैं, जो विफल हो चुकी है। अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। शराब भगवान की तरह हो गई है, जो दिखाई नहीं देती, लेकिन राज्य में हर जगह मौजूद है।

सिंह ने मुख्यमंत्री की आलोचना की, जो कथित रूप से जहरीली शराब के कारण हुई मौतों को लेकर अपनी सरकार पर राज्य विधानसभा में भाजपा सदस्यों के हमले के कारण भड़क गए थे। सिंह ने कहा कि कुमार का यह आचरण उनकी हताशा को दर्शाता है क्योंकि सत्ता पर उनकी पकड़ कमजोर हो गई है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में 2025 में बिहार का अगला विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा। इस बारे में केंद्रीय मंत्री सिंह ने दावा किया कि कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाईटेड) के नेताओं में काफी नाराजगी है, जबकि राजद उन पर दबाव बना रहा है। रामकृपाल यादव ने कुमार नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में प्रशासनिक व्यवस्था शराब माफिया के हाथों बिक गई है, क्योंकि युवा आबादी का एक बड़ा हिस्सा और अधिक खतरनाक उत्पादों की ओर रुख कर रहा है।

# मुंबई में एमवीए का 17 को विरोध मार्च विशाल होगा: खान

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र कांग्रेस** के कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान ने बुधवार को कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के खिलाफ टिप्पणी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) द्वारा 17 दिसंबर को मुंबई में प्रस्तावित विरोध मार्च एक विशाल मार्च होगा। खान ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मार्च पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दक्षिण मुंबई के भायखला में जीजामाता उद्यान के बजाय जेजे अस्पताल के पास से निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि मुंबईकरों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए मार्च की शुरुआत के स्थल में बदलाव किया गया है। खान ने कहा कि लाखों लोग मार्च में हिस्सा लेंगे, जो जेजे अस्पताल से 3.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सीएसएमटी पर समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी), वाम दल और पीडब्ल्यूपी के नेता मोर्चा में शामिल होंगे। खान ने कहा कि एमवीए, पीडब्ल्यूपी, भाकपा और माकपा के नेताओं ने बुधवार को विरोध मार्च पर चर्चा के लिए महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार द्वारा आहूत बैठक में भाग लिया। खान ने कहा, प्रदर्शन मार्च के दौरान मूल्यवृद्धि और किसानों की समस्याएं, छत्रपति शिवाजी महाराज के खिलाफ राज्यपाल बी एस कोश्यारी द्वारा दिए गए अपमानजनक बयान जैसे मुद्दे उठाए जाएंगे।



अहमदाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वामी नरायन मन्दिर के उद्घाटन समारोह में महंत स्वामी महाराज के साथ।

# अनुशासनहीनता नोटिस मामले में नही दी गई क्लीनचिट: वेणुगोपाल

**जयपुर।** कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल ने बुधवार को कहा कि अनुशासनहीनता के मामले में राजस्थान के तीन पार्टी नेताओं को क्लीनचिट नहीं दी गई और यह मामला अब भी अनुशासन समिति के समक्ष विचाराधीन है। वेणुगोपाल ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में इस मामले में दो मंत्रियों से सहित तीन नेताओं को क्लीन चिट दिए जाने के समाचारों पर कहा, नहीं यह खबर सही नहीं है। यह मामला अभी अनुशासन समिति के समक्ष विचाराधीन है। वह अभी इस पर विचार कर रही है। कोई क्लीन चिट नहीं दी गई।

25 सितंबर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खेमे के विधायक उनके निवास पर विधायक दल की बैठक में शामिल नहीं हुए और उन्होंने स्वायत्त शासन नगरीय विकास एवं आवास मंत्री शांति धारीवाल के आवास पर एक समानांतर बैठक की थी। कांग्रेस पर्यवेक्षकों-- मल्लिकार्जुन खरगे और अजय माकन ने गहलोत के निवास पर विधायक दल की बैठक बुलाई थी। धारीवाल के आवास पर बैठक के बाद विधायक विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी के आवास पर गए और अशोक गहलोत, जो उस समय कांग्रेस अध्यक्ष की दौड़ में थे, के स्थान पर सचिन पायलट को नए मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त करने के किसी भी कदम के खिलाफ उन सभी ने सी पी जोशी को इस्तीफा सौंप दिया था।

पार्टी ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए विधानसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक और जलदाय मंत्री महेश जोशी, शांति धारीवाल और राजस्थान पर्यटन विकास निगम आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। यहां आज जब वेणुगोपाल से भारत चीन सीमा विवाद के बारे में पूछा गया तब उन्होंने कहा, केंद्र सरकार इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर बहस तक को तैयार नहीं है। बहुत ही खराब स्थिति है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा पूरे देश में सफल रही है राजस्थान में भी शानदार चल रही है।

# भारत-चीन सीमा पर तनाव को लेकर महबूबा मुफ्ती बोली, हालात बेहद खराब

**भाषा।** श्रीनगर

**पीडीपी अध्यक्ष** महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को अरुणाचल प्रदेश में सीमा पर भारत-चीन के बीच हालिया तनाव को बेहद खराब करार देते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा इस बारे में कुछ नहीं कर रही है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख मुफ्ती ने यहां संवाददाताओं से कहा, उन्होंने (चीन) लद्दाख में हमारी जमीन कब्जा ली। भाजपा के एक सांसद के बयान के मुताबिक उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में भी जमीन कब्जा ली। लेकिन, दुर्भाग्यवश, भाजपा इस बारे में कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने दावा किया, उन्होंने (चीन) हमारे सैनिकों को पीटा, उन्हें जवाबी कार्वाई की अनुमति नहीं है। यह बेहद खराब स्थिति है।

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने आरोप लगाया, सरकार के पास चीन द्वारा हमारी जमीन पर कब्जा करने के मामले में कोई जवाब नहीं है, जबकि वह जम्मू-कश्मीर में लोगों को पट्टे पर दी गई जमीन को छीन रही है। सभी निवर्तमान पट्टेदारों को तुरंत जमीन का कब्जा सौंपने संबंधी सरकार के ताजा आदेश के बारे में पूछे जाने पर पीडीपी नेता ने दावा किया, यहां के लोगों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया जा रहा है। वे कहते हैं कि वे हमारे नागरिक हैं, अविभाज्य हैं, लेकिन फिर भी उनकी जमीन छीनी जा रही है।

उन्होंने कहा, चीन द्वारा हमारी जमीन कब्जाए जाने पर उनके पास कोई जवाब नहीं है। जम्मू कश्मीर में परिवारों के लिए यूनिक आईडी बनाने के सरकार के प्रस्ताव के बारे में पूछे जाने पर मुफ्ती ने कहा कि केंद्र लोगों को निगरानी में रखना चाहता है क्योंकि उसे (केंद्र) उन पर भरोसा नहीं है। नेशनल कांफ्रेंस द्वारा कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू कश्मीर पहुंचने पर उसमें शामिल होने की घोषणा करने और पीडीपी के इस यात्रा में शामिल होने से जुड़े सवाल पर पीडीपी प्रमुख ने कहा कि नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की भागीदारी एक बहुत ही अच्छी बात है, क्योंकि राहुल गांधी देश के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। मुफ्ती ने कहा, वह (गांधी) उस भारत को एकजुट करना चाहते हैं जिसे जम्मू कश्मीर ने स्वीकार किया एक धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक भारत, जिसकी नींव भाजपा हर दिन हिला रही है। जहां तक पीडीपी का संबंध है, जब वह दिन (यात्रा का) आएगा तो आपको पता चल जाएगा।

# अनुच्छेद 370 निरस्त के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर जल्द सुनवाई होगी: कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने बुधवार को कहा कि वह जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निष्प्रभावी करने के केंद्र सरकार निर्णय के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को जल्द सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगा। वार्ताकार राधा कुमार ने याचिकाओं को जल्द सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया, जिसके बाद प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस नरसिंह की पीठ ने कहा, हम विचार करके तारीख देंगे। इससे पहले, 25 अप्रैल और 23 सितंबर को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने अनुच्छेद 370 के प्रावधान निष्क्रिय करने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी।

मामले की सुनवाई करने वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ में शामिल रहे पूर्व प्रधान न्यायाधीश रमण और न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी सेवानिवृत हो चुके हैं। ऐसे में शीर्ष अदालत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए फिर से पांच न्यायाधीशों की पीठ गठित करेगी। अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निष्प्रभावी करने के केंद्र सरकार के फैसले और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेश में विभाजित करने वाले जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के खिलाफ विभिन्न याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इन याचिकाओं को साल 2019 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ के पास भेज दिया था। केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करके जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा वापस ले लिया था।

# नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए केंद्र से विनती नहीं करेगी :अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए केंद्र से विनती नहीं करेगी। दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के पहलगाम में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम के बाद उमर ने संवाददाताओं से कहा कि चुनाव में देरी से उनकी पार्टी चिंतित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा डर गई है और केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने का साहस नहीं दिखा पा रही। नेकां नेता ने कहा कि चुनाव जब भी होंगे, तब हम देखेंगे, लेकिन मैं यह कहता रहा हूं कि हम इन चुनावों के लिए विनती नहीं करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र जब भी जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने का फैसला करेगा, तो नेकां तैयार रहेगी। उमर ने कहा, भाजपा डरी हुई है, उसमें चुनाव कराने का साहस नहीं है। उन्हें साहस जुटाने दीजिए, मैदान में उतरने दीजिए, फिर देखेंगे जनता किसके साथ है। उन्होंने कहा कि पार्टी की जनसभाएं उसके कार्यकर्ताओं के लिए यह संकेत नहीं है कि चुनाव करीब आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी नेता संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं।



नई दिल्ली में संसद की लाइब्रेरी में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करते कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासावा बोम्मई।

# केसीआर ने दिल्ली में खोला पार्टी का राष्ट्रीय कार्यालय

● **अखिलेश यादव समेत कई राज्यों के पूर्व मुख्यमंत्री व किसान संघों के नेता रहे मौजूद**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**तेलंगाना के** मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रसार की रणनीति को धार देते हुए अपनी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली में खोला है। यहां सरदार पटेल मार्ग पर बुधवार को विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, किसान और ट्रेड संगठनों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

राष्ट्रीय राजनीति का द्वार उत्तर भारत और दिल्ली से ही खुलता है। इसी को देखते हुए केसीआर राष्ट्रीय राजनीति में कदम बढ़ाते हुए धीरे-धीरे पार्टी की पैठ हिंदी पट्टी विशेषकर किसानों और छोटे व्यापारियों के बीच बना रहे हैं। बीआरएस के राष्ट्रीय कार्यालय में पहले दिन केसीआर ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हैसियत से हरियाणा के कुरुक्षेत्र से राष्ट्रीय किसान संघ के नेता गुरनाम सिंह चढूनी को बीआरएस किसान प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त करने का ऐलान किया। रवि कोहर को कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया।

इस मौके पर सीएम केसीआर के परिवार के सदस्यों व तेलंगाना के मंत्रियों-नेताओं के साथ, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, जेडीएस अध्यक्ष व कर्नाटक के पूर्व सीएम कुमारस्वामी, तमिलनाडु वीके पार्टी के अध्यक्ष, सांसद थिरुमावलवन भी मौजूद थे।

# नौ राज्यों ने सीबीआई को दी गई मंजूरी वापस ली: जितेंद्र सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि तेलंगाना और पश्चिम बंगाल समेत नौ राज्यों ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को कुछ अपराधों के मामलों में जांच के लिए दी गई आम स्वीकृति को वापस ले लिया है। कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 की धारा 6 के तहत सीबीआई को राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र के मामलों की जांच के लिए उनकी मंजूरी लेनी होती है। सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, मेघालय, मिजोरम, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल ने सीबीआई को दी गई आम स्वीकृति को वापस ले लिया है।

# गुवाहाटी में 14 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में बुधवार सुबह एक एम्बुलेंस से 14.1 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त किए जाने के साथ ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। संयुक्त पुलिस आयुक्त पार्थ सारथी महंत ने बताया कि एक खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस के एक दल ने हेंगराबारी क्षेत्र में एक अपार्टमेंट के पार्किंग क्षेत्र में खड़ी मणिपुर के नंबर वाली एंबुलेंस की तलाशी ली। वाहन की गहन तलाशी के बाद हमें 50,000 याबा गोलियां और 200 ग्राम हेरोइन मिली। मादक पदार्थ की कीमत करीब 14.1 करोड़ रुपए होगी। महंत ने कहा कि राज्य में यह पहली बार है कि मादक पदार्थ एक एम्बुलेंस के जरिए तस्करी कर लाए गए और यह एम्बुलेंस मणिपुर से राज्य में प्रवेश करने के बाद पुलिस की कई जांच चौकियों को चकमा देकर निकल गई। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थ की तस्करी में कथित भूमिका के लिए मेघालय के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक अंतर-राज्ईय मादक पदार्थ गिरोह द्वारा भेजी गई यह खेप मेघालय के जरिए बांग्लादेश भेजी जानी थी। हमने इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए जांच तेज कर दी है।

## जम्मू-कश्मीर में 3 साल में 9 कश्मीरी पंडितों की हत्या : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर में 2020 से नौ कश्मीरी पंडितों की हत्या कर दी। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2022 और 2021 में चार-चार कश्मीरी पंडित मारे गए जबकि 2020 में एक कश्मीरी पंडित आतंकवाद का शिकार हुआ। राय ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन साल में सुरक्षा पर करीब 2,815 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

# अदालतों में छुट्टियों की छुट्टी करने पर विचार करे सरकार: सुशील मोदी

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन और दशहरा अवकाश की व्यवस्था को अंग्रेजों के जमाने की परंपरा बताते हुए बुधवार को केंद्र सरकार से ऐसी छुट्टियों की छुट्टी पर विचार करने का आग्रह किया। राज्यसभा में अंतरराष्ट्रीय माध्यस्थतम केंद्र संशोधन विधेयक, 2022 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए मोदी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में लाखों की संख्या में मामले लंबित हैं जबकि निचली अदालतों में चार करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में देरी होने और उसके खर्चीले होने की वजह से आम जनता का न्यायापालिका पर से भरोसा उठता जा रहा है।

उन्होंने कहा, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में वैकेशन का सिस्टम है। हिंदुस्तान में कहीं भी वैकेशन का कोई प्रावधान नहीं है। अगर कोई आदमी काम करता है तो उसे साल में 50 या 60 छुट्टियां मिलती हैं और इसके प्रावधान हैं। लेकिन ऐसा नहीं होता कि सचिवालय महीने के लिए बंद कर दिया गया हो।

मोदी ने कहा कि भारत के अंदर एक ऐसी पद्धति को स्वीकार कर लिया गया है कि उच्चतम न्यायालय गर्मियों में डेढ़ महीने और जाड़े में 20 दिन बंद रहेगा। उन्होंने कहा, आज देश के अंदर सारी संस्थाएं, सारे कार्यालय 365 दिन काम करते हैं। और अगर किसी को छुट्टी चाहिए... यानी एक आदमी छुट्टी पर जाएगा तो दूसरा आदमी काम करेगा, अगर दूसरा आदमी छुट्टी पर जाएगा तो तीसरा आदमी काम करेगा। उन्होंने कहा, कोई कह सकता है कि वैकेशन वेंच काम करता है लेकिन वैकेशन बेंच में कितना काम होता है, यह हम सब लोग जानते हैं।

भाजपा सदस्य ने इसे ब्रिटिश परंपरा बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ऐसी चीजों को समाप्त करने का आह्वान किया है ।उन्होंने कहा कि आजादी के पहले उस जमाने में न्यायाधीश अंग्रेज होते थे और उन्हें भारत की गर्मी बर्दाश्त नहीं होती थी। उन्होंने कहा कि उस समय हवाई जहाज नहीं चलता था तो उन्हें पानी के जहाज से इंग्लैंड जाने में एक महीना और लौटने में एक महीना लगता था और महीना छुट्टियां बिताने में लग जाते थे।

उन्होंने कहा, इसलिए वैकेशन की जो परंपरा प्रारंभ हुई, खासकर स्कूलों में और अदालतों में, इस ब्रिटिश परंपरा की जड़ें वहां पर है। एक और आश्चर्य की बात है कि निचली अदालतों में किसी प्रकार की वैकेशन नहीं है। सुशील मोदी ने कहा, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि वैकेशन वैकेट यानी छुट्टियों की छुट्टी करो। छुट्टियों के लिए छुट्टी की आवश्यकता नहीं है। केंद्रीय विधि मंत्री किरेन रीजीजू बहुत ही क्रांतिकारी मंत्री हैं और वह सुधार के भी बहुत सारे काम कर रहे हैं। उन्होंने रीजीजू से आग्रह किया, इस विषय को भी कैसे आगे बढ़ाया जाए, इसके बारे में विचार करना चाहिए।

# शिबू सोरेन की याचिका पर सुनवाई और स्थगित नहीं की जाएगी: उच्च न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली उच्च न्यायालय** ने बुधवार को स्पष्ट किया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख शिबू सोरेन की याचिका पर सुनवाई को और स्थगित नहीं किया जाएगा। इस याचिका में सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत पर लोकपाल द्वारा शुरू की गई कार्यवाही को चुनौती दी है। सोरेन के एक वकील ने कहा कि याचिका दाखिल करने वाले अधिवक्ता को कुछ व्यक्तिगत दिक्कतें हैं, लिहाजा वह चाहते हैं कि मामले की सुनवाई स्थगित की जाए। इस पर अदालत ने यह टिप्पणी की। लोकपाल की ओर से पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्थगन की मांग का विरोध किया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने सोरेन के वकील की मांग पर गौर करते हुए सुनवाई स्थगित कर दी, लेकिन स्पष्ट किया कि आगे और स्थगन प्रदान नहीं किया जाएगा। उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई आठ फरवरी, 2023 तक के लिए स्थगित कर दी और कहा कि तब तक अंतरिम आदेश जारी रहेगा। अगस्त 2020 में की गई शिकायत में भाजपा नेता दुबे ने दावा किया था कि शिबू सोरेन (75) और उनके परिवार के सदस्यों ने सरकारी खजाने का दुरुपयोग करके और भ्रष्टाचार में लिप्त होकर बेहिसाब संपत्ति अर्जित की।

# मेघालय के चार विधायकों ने थामा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली।** मेघालय में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की सत्ताधारी नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो और विपक्षी तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक सहित कुल चार विधायकों ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, भाजपा के राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा की मौजूदगी में इन विधायकों ने यहां पार्टी मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिन चार विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है, उनमें एनपीपी की फेरलिन संगमा और बेनेडिक्ट मारक, तृणमूल कांग्रेस के एचएम शांगप्लीयांग और निर्दलीय सैम्युएल संगमा शामिल हैं।

असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन पूर्वोत्तर के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मेघालय के चार मौजूदा विधायक एक साथ भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे विधायकों के साथ आने से राज्य में भाजपा ने एक नई शुरुआत की है। ज्ञात हो कि 2018 के विधानसभा चुनाव में राज्य की 60 में से सिर्फ दो ही सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी।

एनपीपी भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा है और अभी तक दोनों के बीच मधुर संबंध रहे हैं। एनपीपी के दो वर्तमान विधायकों को पार्टी में शामिल करने का भाजपा का निर्णय दर्शाता है कि फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव में वह एक मजबूत ताकत के रूप में उभरने को लेकर दृढ है। शर्मा ने कहा कि भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी विधायक अनुभवी हैं और अपने-अपने क्षेत्रों में खासा प्रभाव रखते हैं। इस अवसर पर उन्होंने विश्वास जताया कि इनके भाजपा में शामिल होने से मेघालय में पार्टी की स्थिति और मजबूत होगी और अगले विधानसभा चुनाव में परिणाम भाजपा के पक्ष में आएंगे।

असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तहत पूर्वोत्तर के राज्यों में 2014 के बाद से जबरदस्त बदलाव आया है और हर क्षेत्र में प्रगति हुई है। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर को पूरी तरह से मुख्यधारा में लाया गया है और भाजपा की तीन राज्य सरकारें (असम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर) फिर से सत्ता में आई हैं।

बाद में भाजपा में शामिल सभी चारों विधायकों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। नड्डा ने सभी का भाजपा में स्वागत करते हुए एक ट्वीट में कहा, आप सभी अपार क्षमताओं से लैस हैं और मुझे यकीन है कि आपके आने से हमारी पार्टी को बहुत लाभ होगा और मोदी जी के अंत्योदय के मिशन को पूरा करने में हमें मदद करेंगे। आप सभी को मेरी शुभकामनाएं। संबित पात्रा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर देश के विकास का एक नया इंजन बनेगा।भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि मेघालय मोदी के विकास के एजेंडे में शामिल होने के लिए तैयार है।

# पेले और माराडोना की जमात में शामिल होने से एक जीत दूर मेस्सी

भाषा। नई दिल्ली




**फुटबॉल** का महासमर, पहले कदम पर मिली हार लेकिन हार नहीं मानने का जज्बा और सपना पूरा करने का जुनून। वह सपना जो लियोनेल मेस्सी पिछले दो दशक से देख रहे हैं और अब कैरियर के आखिरी पड़ाव पर उसे पूरा करने के लिए बस एक आखिरी तिलिस्म तोड़ना है।

मात्र 11 बरस की उम्र में ग्रोथ हार्मोन की कमी (जीएचडी) जैसी बीमारी से जूझने से लेकर दुनिया के महानतम फुटबॉलरों में शामिल होने तक मेस्सी का सफर जुनून, जुझारूपन और जिजीविषा की अनूठी कहानी है और रविवार को फाइनल में अगर वह टीम को खिताब दिला पाते हैं तो फुटबॉल के इतिहास की जीवित किवदंती बन जाएंगे। रविवार को फ्रांस या मोरक्को को हराकर अर्जेंटीना अगर विश्व कप जीत लेता है तो मेस्सी का नाम पेले और डिएगो माराडोना जैसे महानतम खिलाड़ियों की सूची में दर्ज हो जाएगा। इस बहस पर भी विराम लग जाएगा कि माराडोना और मेस्सी में से कौन महानतम है। देश के लिए खिताब नहीं जीत पाने के मेस्सी के हर घाव पर भी मरहम लग जाएगा।

सात बार बलोन डिओर, रिकॉर्ड छह बार यूरोपीय गोल्डन शूज, बार्सीलोना के साथ रिकॉर्ड 35 खिताब, ला लिगा में 474 गोल , एक क्लब (बार्सीलोना) के लिए सर्वाधिक 672 गोल कर चुके मेस्सी को विश्व कप नहीं जीत पाने की टीस हमेशा से रही है। उन्हें पता है कि यह उनके पास आखिरी मौका है और इसे यादगार बनाने में वह कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते।

अर्जेंटीना ने जब आखिरी बार 1986 में विश्व कप जीता तब माराडोना देश के लिए खुदा बन गए। उनके आसपास पहुंचने वाले सिर्फ मेस्सी थे लेकिन विश्व कप नहीं जीत पाने से उनकी महानता पर ऊंगलियां गाहे बगाहे उठती रहीं। ऊंगली तब भी उठी जब 2014 में फाइनल में जर्मनी ने अर्जेंटीना को एक गोल से हरा दिया था। सवाल तब भी उठे जब इस विश्व कप के पहले ही मैच में सऊदी अरब ने मेस्सी की टीम पर अप्रत्याशित जीत दर्ज की। उस हार ने मानो अर्जेंटीना और मेस्सी के लिए किसी संजीवनी का काम किया। मैच दर मैच दोनों के प्रदर्शन में निखार आता गया और पिछली उपविजेता क्रोएशिया को एकतरफा सेमीमुकाबले में हराकर वह फुटबॉल के सबसे बड़े समर के फाइनल में पहुंच गए। इस जीत के सूत्रधार भी मेस्सी ही रहे जिन्होंने 34वें मिनट में पेनल्टी पर पहला गोल दागा और फिर जूलियर अलकारेज के दोनों गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई। आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहे अपने देशवासियों के लिए मसीहा बन गए मेस्सी और पूरे अर्जेंटीना को जीत के जश्न में सराबोर कर दिया। मेस्सी का विश्व कप का सफर 2006 में शुरू हुआ और अब तक वह सबसे ज्यादा 25 मैच खेल चुके हैं। विश्व कप के इतिहास में अर्जेंटीना के लिए सर्वाधिक 11 गोल कर चुके हैं। उम्र को धता बताकर इस विश्व कप में चार गोल, दो में सूत्रधार की भूमिका निभाने के बाद तीन मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर के पुरस्कार जीत चुके हैं। रोसारियो में 1987 में एक फुटबॉल प्रेमी परिवार में जन्मे मेस्सी ने पहली बार घर के आंगन में अपने भाइयों के साथ जब फुटबॉल खेला तो किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में उनका नाम शुमार होगा।

बार्सीलोना के लिए लगभग सारे खिताब जीत चुके पेरिस सेंट जर्मेन के इस स्टार स्ट्राइकर ने 2004 में बार्सीलोना के साथ अपने क्लब कैरियर की शुरूआत 17 वर्ष की उम्र में की। उन्होंने 22 वर्ष की उम्र में पहला बलोन डिओर जीता। अगस्त 2021 में बार्सीलोना से विदा लेने से पहले वह क्लब फुटबॉल के लगभग तमाम रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके थे।

मेस्सी ने विश्व कप में पदार्पण 2006 में जर्मनी में सर्बिया और मोंटेनीग्रो के खिलाफ ग्रुप मैच में किया जिसे देखने के लिए माराडोना भी मैदान में मौजूद थे। 18 वर्ष के मेस्सी 75वें मिनट में सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर उतरे थे। बीजिंग ओलंपिक 2008 में अर्जेंटीना ने फुटबॉल का स्वर्ण पदक जीता तो 2010 विश्व कप में मेस्सी से अपेक्षाएं बढ़ गईं। अर्जेंटीना को क्वार्टर फाइनल में जर्मनी ने हराया और पांच मैचों में मेस्सी एक भी गोल नहीं कर सके। चार साल बाद ब्राजील में अकेले दम पर टीम को फाइनल में ले जाने वाले मेस्सी अपने आंसू नहीं रोक सके जब उनकी टीम एक गोल से हार गई। इसके बाद 2018 में रूस में पहले नॉकआउट मैच में अर्जेंटीना को फ्रांस ने 4-3 से हरा दिया और तीन में से दो गोल मेस्सी के नाम थे। पिछले चार साल में इस महान खिलाड़ी ने एक ही सपना देखा ...विश्व कप जीतने का। क्वार्टर फाइनल में मिली जीत के बाद खुद मेस्सी ने कहा था , डिएगो आसमान से हमें देख रहे हैं और विश्व कप जीतने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उम्मीद है कि आखिरी मैच तक वह ऐसा ही करते रहेंगे। माराडोना के करिश्मे को फिर दोहराने के लिए मेस्सी के पास रविवार का फाइनल है जिसका इंतजार अर्जेंटीना के साथ पूरी दुनिया को है।

## विश्व कप फाइनल में पहुंचते ही जश्न में डूबा अर्जेंटीना

एपी। ब्यूनस आयर्स



**सड़कों** पर चारों तरफ अर्जेंटीना के झंडे, नीली जर्सी में लोगों का झुंड और आसमान तक गूंजता मेस्सी मेस्सी का शोर। कतर में विश्व कप सेमीफाइनल में अर्जेंटीना की क्रोएशिया पर 3-0 से जीत के बाद देश के लगभग हर शहर में यह नजारा देखने को मिला।

फुटबॉल का दीवाना देश कभी न खत्म होने वाले जश्न में डूब गया। राजधानी ब्यूनस आयर्स में मैच खत्म होते ही लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। टीम की जर्सी पहने लोगों के हाथ में देश का झंडा और लब पर राष्ट्रगान थे। मैच शुरू होने से पहले पूरा शहर मानों थम गया था। चिलचिलाती गर्मी की दुपहर में कैफे, रेस्त्रां और सार्वजनिक स्थानों पर लगी बड़ी स्क्रीनों के सामने लोग नजरें गड़ाए खड़े थे। नजरें एकटक अपनी टीम और अपने सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी के प्रदर्शन पर। एक विज्ञापन कंपनी में काम करने वाले 31 वर्ष के एमिलियानो एडम ने कहा , मैं खुशी के मारे पागल हो गया हूं। यह पहला मैच था जिसमें मुझे कोई तनाव नहीं हुआ। शुरू से आखिर तक मैने पूरा मजा लिया।

## सेमीफाइनल में हार के साथ विश्व कप से विदा हुए मोडरिच

एपी। लुसैल



**अर्जेंटीना** के हाथों सेमीफाइनल में हार के साथ ही क्रोएशिया की टीम विश्व कप से बाहर हो गई और उसके महानतम खिलाड़ी लुका मोडरिच की भी टूर्नामेंट से विदाई हो गई।

मोडरिच की जगह 81वें मिनट में लोवरो माएर को उतारा गया जब उनकी टीम तीन गोल से पीछे थी। यह विश्व कप से इस महान मिडफील्डर की विदाई कर पल था। चार साल पहले फाइनल में फ्रांस से हारने वाली क्रोएशिया की टीम भी चंद मिनट बाद फुटबॉल के महासमर से रूखसत हो गई। किनारे पर खड़े मोडरिच ने अपनी कमीज से चेहरा ढक लिया। लाल और सफेद रंगों में लिपटे क्रोएशिया के समर्थकों को इस पल की अहमियत का अहसास हुआ और अपने देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अभिवादन के लिए वे उठ खड़े हुए। अर्जेंटीना के प्रशंसकों ने भी खड़े होकर इस चैम्पियन को विदाई दी। मोडरिच से पहले उनके हमउम्र 37 वर्ष के क्रिस्टियानो रोनाल्डो की भी फुटबॉल के इस महासमर से विदाई हुई थी। दोनों ने ही क्लब के साथ बेशुमार खिताब और ट्रॉफियां जीती लेकिन विश्व कप जीतने से वंचित रह गए।

## क्विक न्यूज

### अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता देहरादून में शुरू



**देहरादून।** पुलिस और सशस्त्र बलों की 26 टीम के 316 तीरंदाज बुधवार को यहां आरंभ हुई 11वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने का प्रयास करेंगे। इस पांच दिवसीय टूर्नामेंट में 196 पुरुष और 120 महिला खिलाड़ी शामिल है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां पुलिस लाइन में प्रतियोगिता के शुरू होने की घोषणा करते हुए विभिन्न राज्यों एवं सशस्त्र बलों से पहुंचे तीरंदाज खिलाड़ियों का स्वागत किया। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि प्रदेश में अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार हो रहा है।

### बिंद्रा बने 25 के दौड़ के ब्रांड दूत

**कोलकाता।** भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा को बुधवार को टाटा स्टील कोलकाता 25 के रन (25 किलोमीटर की दौड़) के लिए स्पर्धा का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया है। इसका आयोजन रविवार को होगा। आयोजकों ने कहा कि 40 वर्षीय पूर्व निशानेबाज ने टेनिस की पूर्व दिग्गज मैरी पियर्स का स्थान लिया है, जो अस्वस्थ है। यहां जारी विज्ञप्ति में बिंद्रा ने कहा, इस आयोजन से धावकों को ऊर्जा मिलेगी और उनमें विश्वास पैदा होगा। मै इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं और हजारों धावकों को इसमें भाग लेता देख कर उत्सुक हूं। प्रतिभागियो की हौसला अफ्जाई के लिए पांच बार के ओलंपियन के शुक्रवार को शहर आने की उम्मीद है। इसमें जिसमें युगांडा के राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन विक्टर क्पिलांगट, तोक्यो मैराथन उपविजेता इथोपिया के एशेट बेकेरे के अलावा श्रीनू बुगाथा और संजीवनी जाधव की भारतीय जोड़ी भी हिस्सा ले रही है।

### राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की तैयारियों में जुटे भारतीय दृष्टिबाधित एथलीट

**नई दिल्ली।** सिद्रा मुस्कान और निधि मिश्रा भले ही दृष्टिबाधित हों लेकिन उन्होने सपने देखना बंद नही किया। मुस्कान (19 वर्ष) का सपना 2024 पेरिस पैरालंपिक खेलो में लंबी कूद में उपलब्धि हासिल करना है। निधि (28 वर्ष) 2018 एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीत चुकी है और उन्हे चक्का फेंक मे पोडियम स्थान हासिल करने का भरोसा है। दिल्ली की दो पैरा एथलीट दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सभी के लिए प्रेरणा की स्रोत होंगी। इस चैम्पियनशिप के लिए त्यागराज स्टेडियम में 650 से अधिक दृष्टिबाधित खिलाड़ियों का एक ही लक्ष्य - देश को गौरवान्वित करने का होगा। सिद्रा जब आठ साल की थी तब उनके माता-पिता को उसके दृष्टि कम होने का पता चला था। उनके पिता एक ड्राइवर है और उन्होंने अच्छा इलाज पाने के लिए हर संभव कोशिश की। लेकिन जन्मजात बीमारी के कारण सिद्रा की दृष्टि अब 30 प्रतिशत ही बची है।

### अंडर-19 महिला विश्व कप में भारत ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के साथ

**बेनोनी।** भारत को 14 से 29 जनवरी तक होने वाले शुरूआती अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के लिए ग्रुप डी में मेजबान दक्षिण अफ्रीका, स्कॉटलैंड और संयुक्त अरब अमीरात के साथ रखा गया है। इस टूर्नामेंट मे 11 पूर्ण सदस्यो को स्वतः प्रवेश मिला है जबकि स्कॉटलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका के साथ इंडोनेशिया और रवांडा भी बेनोनी और पोचेफस्ट्रूम मे चार स्थलों मे होने वाली प्रतियोगिता का हिस्सा होगे जिसमे 41 मैच खेले जाएंगे। मजबूत आस्ट्रेलिया ग्रुप ए मे बांग्लादेश, श्रीलंका और अमेरिका के साथ है। ग्रुप बी में इंग्लैंड, पाकिस्तान, रवांडा और जिम्बाब्वे है। न्यूजीलैंड, आयरलैंड, इंडोनेशिया और वेस्टइंडीज ग्रुप सी में है।

## वनडे रैंकिंग: कोहली आठवें स्थान पर, किशन 117 पायदान की छलांग से 37वें नंबर पर

भाषा। दुबई




**भारत** के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए जबकि युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने 117 पायदान की छलांग से 37वां स्थान हासिल किया।

कोहली को तीन से ज्यादा साल में पहले वनडे शतक की बदौलत रैंकिंग में फायदा मिला जो बांग्लादेश के खिलाफ मैच में बना। किशन ने इसी मैच में अपना सबसे तेज दोहरा शतक लगाया। पूर्व भारतीय कप्तान कोहली ने शनिवार को चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में 91 गेंद में 113 रन की पारी खेली। यह अगस्त 2019 के बाद 50 ओवर के प्रारूप में उनका पहला शतक था। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज किशन ने 131 गेंद में 210 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी खेली। श्रेयस अय्यर भी ढाका में श्रृंखला के दूसरे मैच में 82 रन की पारी के दम पर बल्लेबाजी सूची में ऊपर चढ़ने में सफल रहे, जिसमें वह 20वें से 15वें स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजों में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को चार पायदान का फायदा हुआ है जिससे वह वनडे रैंकिंग में 22वें स्थान पर पहुंचे। बांग्लादेश के स्पिन आल राउंडर शाकिब अल हसन एक पायदान के लाभ से आठवें स्थान पर पहुंच गए। आल राउंडर सूची में बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज तीन पायदान के फायदे से तीसरे नंबर पर पहुंचे।

टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में तीन शतकीय पारियों की बदौलत करियर के सर्वश्रेष्ठ 937 रेटिंग अंक से शीर्ष स्थान मजबूत किया। उन्होंने पिछले हफ्ते पर्थ में पहले मैच के दौरान एक ही टेस्ट में एक दोहरा शतक और एक सैकड़ा जड़ा था। लाबुशेन ने अब दूसरे स्थान पर काबिज स्टीव स्मिथ पर 62 रेटिंग अंक की बढ़त बनाई हुई है। वह सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने वाले खिलाड़ियों के मामले में कोहली के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर बने हुए हैं जिसमें आस्ट्रेलियाई महान डॉन ब्रैडमैन 961 रेटिंग अंक से शीर्ष पर थे। स्मिथ इस सूची में 961 अंक लेकर दूसरे स्थान पर हैं जबकि रिकी पोंटिंग (942 रेटिंग अंक) शीर्ष 10 में शामिल तीसरे आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। ट्रेविस हेड 175 और नाबाद 38 रन की पारी से वेस्टइंडीज पर 419 रन की रिकॉर्ड जीत दर्ज कराने में मदद से शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे जिससे उनकी टीम ने डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। हेड छह पायदान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए जिससे उन्होंने रोहित शर्मा (10वें) और कोहली (12वें) की भारतीय जोड़ी को पीछे छोड़ा।

## पुजारा-अय्यर की अर्द्धशतकीय पारियों से भारत की दमदार वापसी

भाषा। चटगांव




**टेस्ट** विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा और श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 149 रन की साझेदारी से भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन छह विकेट पर 278 रन बना लिए। बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम (84 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंद को पुजारा पढ़ने में विफल रहे और एक बार फिर से शतक बनाने से चूक गए। उन्होंने 203 गेंद की संयमित पारी में 90 रन बनाए जबकि 169 गेंद की अब तक की पारी में अय्यर को कई बार किस्मत का साथ मिला। वह 82 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं।

पुजारा ने अय्यर के साथ पांचवें विकेट के लिए 149 रन की साझेदारी करने से पहले चौथे विकेट के लिए ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 64 रन जोड़े। पुजारा ने अपनी पारी में 11 चौके जड़े तो वही अय्यर ने 10 बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। मैच में भारत की वापसी का श्रेय हालांकि पंत को जाता है जिन्होंने कप्तान राहुल (22), शुभमन गिल (20) और विराट कोहली (एक) सस्ते में आउट 45 गेंद की आक्रामक पारी में छह चौके और दो छक्के जड़े। मैच में जहां दूसरे बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे तो वही पंत की बल्लेबाजी को देख कर लगा कि वह दूसरे पिच में खेल रहे हो।

मेहदी हसन मिराज (71 रन पर दो विकेट) ने दिन की आखिरी गेंद पर अक्षर पटेल (14) को पगबाधा किया। तैजुल ने हालांकि अपनी स्पिन गेंदबाजी से सबसे ज्यादा प्रभावित किया। उन्होंने दिन में 30 ओवर डाले और गिल, कोहली तथा पुजारा जैसे बड़े बल्लेबाजों को चलता किया। कोहली को तैजुल ने बेहद खूबसूरत गेंद पर पगबाधा आउट किया। फुल लेंग्थ की इस गेंद पर कोहली ने बैकफुट पर रहने का फैसला किया लेकिन गेंद टर्न लेकर उनके पिछले पैड पर जा लगी। भारत ने अंपायर के फैसले के खिलाफ रिव्यू भी लिया लेकिन फैसला गेंदबाज के पक्ष में रहा। अय्यर को किस्मत का पूरा साथ मिला। इबादत हुसैन की गेंद स्टंप्स से टकराई लेकिन गिल्लियां नीचे नहीं गिरने से वह बच गए। बांग्लादेश के विकेटकीपर और क्षेत्ररक्षकों ने तीन बार उनका कैच टपकाया। दिन का शुरुआत सत्र बांग्लादेश के नाम रहा तो बाकी के दोनों सत्र में भारतीय बल्लेबाजों ने अपना कमाल दिखाया। स्पिनरों की मददगार विकेट पर दोनों टीमें दो तेज गेंदबाजों और तीन स्पिनरों के साथ उतरी हैं। केएल राहुल की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन शुरुआती विकेट जल्दी गंवा दिए। बांग्लादेश ने छठे ही ओवर में स्पिनर को गेंद सौंपी और राहुल ने शाकिब अल हसन का स्वागत चौके के साथ किया। गिल ने अगले ओवर में इबादत को चौके लगाए। भारत ने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 30 रन बना लिए थे। इसके बाद हालांकि बांग्लादेशी गेंदबाजों ने भारतीयों को खुलकर खेलने नहीं दिया। गिल एक खराब स्वीप शॉट पर अपना विकेट गंवा बैठे जबकि राहुल ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेला। पारी के 20वें ओवर में ती विकेट गंवाने के बाद पंत ने दो चौके और एक छक्का लगाकर शानदार गेंदबाजी कर रहे तैजुल पर दबाव बनाया। उन्होंने इसके बाद ऑफ स्पिनर मेहदी का स्वागत भी चौके से किया। पुजारा को दूसरे सत्र की शुरुआत में जीवनदान मिला जब इबादत की गेंद पर नुरुल हसन ने उनका कैच टपका दिया। पंत हालांकि दूसरे छोर से तेजी से रन बना रहे थे।

## तीसरा महिला टी20: आस्ट्रेलिया ने भारत को 21 रन से हराया

भाषा। मुंबई



**आस्ट्रेलियाई** महिला क्रिकेट टीम ने शानदार जज्बे का प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां ब्रैबोर्न स्टेडियम में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को 21 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-। से बढ़त बना ली। आस्ट्रेलिया ने शुरूआती झटकों से उबरते हुए एलिस पैरी की 47 गेंद में 75 रन की अर्धशतकीय पारी की मदद से आठ विकेट पर 172 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ने शेफाली वर्मा (41 गेंद में 52 रन) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (27 गेंद में 37 रन) की बदौलत दो विकेट पर 106 रन बना लिए थे। इन दोनों ने महज 8.4 ओवर में 73 रन जोड़े जिससे लग रहा था कि 40 गेंद में 67 रन बनाए जा सकते हैं। लेकिन शेफाली के आउट होते ही भारत ने तीन से भी कम ओवर में 17 रन जोड़कर चार विकेट गंवा दिए जिससे मैच का पलड़ा आस्ट्रेलियाई टीम की ओर झुक गया। भारतीय टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 151 रन ही बना सकी।

शेफाली के अलावा हरमनप्रीत और ऋचा घोष (01) दो अन्य बिग हिटर थीं जो बड़े शॉट लगाने के चक्कर में विकेट गंवा बैठीं। आस्ट्रेलिया की सभी गेंदबाजों ने अपनी गेंदों की गति धीमी कर स्ट्रोक्स खेलना मुश्किल कर दिया। डार्सी ब्राउन (19 रन देकर दो विकेट), मेगान शट (23 रन देकर एक विकेट), स्पिनर एशले गार्डनर (21 रन देकर दो विकेट) ने शानदार गेंदबाजी की। दीप्ति शर्मा 17 गेंद में 25 रन बनाकर नाबाद रहीं, वह पावर हिटर नहीं हैं जिससे वह बड़े शॉट नहीं लगा सकीं और एलिसा हीली की टीम के लिए जीत दर्ज करना आसान हो गया। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आस्ट्रेलिया की शुरूआत काफी खराब रही, लेकिन टीम ने इससे उबरते हुए अच्छा स्कोर बनाया। उसने कप्तान एलिस हीली और तहलिया मैकग्रा के विकेट क्रमशः पहले और दूसरे ओवर में गंवा दिए। रेणुका ठाकुर ने सलामी बल्लेबाजी हीली को पगबाधा आउट किया जबकि अंजलि सरवनी ने तहलिया का विकेट झटका, दोनों एक रन बनाकर आउट हुईं। दूसरे ओवर में आस्ट्रेलिया का स्कोर पांच रन पर दो विकेट था। लेकिन पैरी और फिर ग्रेस हैरिस (18 गेंद में 41 रन) ने आस्ट्रेलिया को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। आस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 79 रन बना लिए थे और फिर अंतिम 10 ओवर में टीम ने स्कोर में 93 रन जोड़े। भारत के लिए रेणुका सिंह, अंजलि सरवनी, देविका वैद्य और दीप्ति शर्मा ने दो दो विकेट झटके। सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी (30 रन) और पैरी (47 गेंद में 75 रन) ने तीसरे विकेट के लिए सात ओवर में 64 रन की साझेदारी निभाकर आस्ट्रेलियाई पारी को संभाला। पैरी ने हैरिस के साथ पांचवें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी निभाकर आस्ट्रेलिया को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।

## भारत दक्षिण अफ्रीका को हराकर सेमीफाइनल में



एफआईएच महिला नेशन्स कप

**वालेंशिया (भाषा)।** पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को यहां एफआईएच नेशन्स कप में दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की जिससे वह पूल में शीर्ष पर रही। भारत के लिए दीप ग्रेस एक्का ने 14वें और गुरजीत कौर ने 59वें मिनट में गोल दागे। इससे टीम पूल बी के सभी मैच जीतने में सफल रही। दुनिया की आठवें नंबर की टीम भारत ने नौ अंक से पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया। उसने इससे पहले मैचों में चिली को 3-। से और जापान को 2-। से शिकस्त दी थी। भारतीय टीम अब सेमीफाइनल में आयरलैंड से भिड़ेगी। पूल ए में स्पेन दो जीत और एक ड्रा से शीर्ष पर रहा। आठ टीमों का यह टूर्नामेंट भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह प्रोमोशन-रेलीगेशन की प्रणाली आरंभ करेगा। इसमें चैम्पियन टीम को 2023-24 एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग में प्रोमोट किया जाएगा जो अगले साल होने वाले एशियाई खेलों तथा 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए अहम टूर्नामेंट होगा।